ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 1 जून 2024
वर्ष 34, अंक 125, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये


# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



होम रन नहीं, चौके-छक्कों की होगी बारिश 2
केडी द डेविल्स की शूटिंग शिल्पा ने की पूरी 16



## ध्यान-साधना में लीन प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को ध्यान साधना के दूसरे दिन तमिलनाडु के कन्याकुमारी स्थित विवेकानंद रॉक मेमोरियल में सूर्योदय के दौरान सूर्य अर्घ्य दिया। भगवा कुर्ता, शॉल और धोती पहने हुए ध्यान मंडपम में ध्यान में वह लीन दिखाई दिए। प्रधानमंत्री ने 30 मई की शाम को ध्यान लगाना शुरू किया और एक जून की शाम तक ध्यान करेंगे। प्रधानमंत्री ने वर्षी 2019 में लोकसभा चुनाव में प्रचार के बाद केदारनाथ गुफा में भी इसी तरह ध्यान लगाया था। एजेंसी

## देश को तानाशाही से बचाने के लिए जा रहा हूं जेल : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत 1 जून को खत्म हो रही है। इससे पहले उन्होंने शुक्रवार को वीडियो जारी कर केंद्र सरकार और जेल अधिकारियों पर खुद को प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा- देश को तानाशाही से बचाने के लिए जेल जा रहा हूं। मैं रविवार को 3 बजे बजे सरेंडर करूंगा। इस बार मेरे प्राण चले जाएं तो गम मत करना। जेल में मुझे प्रताड़ित करने की फिर कोशिश होगी।



# जीडीपी ग्रोथ 8.2, तिमाही विकास दर 7.8% हुई

नई दिल्ली, एजेंसी




- अर्थव्यवस्था को मिली मजबूती विनिर्माण क्षेत्र के शानदार प्रदर्शन

देश की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर जनवरी-मार्च के दौरान पिछली चार तिमाहियों में सबसे कम 7.8 प्रतिशत रही। इसके बावजूद विनिर्माण क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन से वित्त वर्ष 2023-24 में वार्षिक वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत पर पहुंच गई।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने शुक्रवार को देश की अर्थव्यवस्था से संबंधित ये आंकड़े जारी किए। वित्त वर्ष 2022-23 में देश की अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। एनएसओ ने कहा वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान वास्तविक जीडीपी में वृद्धि की दर 8.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जबकि 2022-23 में यह सात प्रतिशत थी। इस तेजी के दम पर भारतीय अर्थव्यवस्था मार्च, 2024 के अंत में 3.5 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच गई और अगले कुछ वर्षों में इसके पांच लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने का मंच तैयार हो चुका है। आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी-मार्च 2024 में जीडीपी वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही जबकि वित्त वर्ष 2022-23 की जनवरी-मार्च तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत रही थी। इस तेजी के साथ भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है।

चीन की अर्थव्यवस्था इस साल जनवरी-मार्च के दौरान 5.3 प्रतिशत की दर से बढ़ी। एनएसओ ने फरवरी में जारी अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि 7.7 प्रतिशत रहने की संभावना जताई थी। एनएसओ के आंकड़ों के मुताबिक, वास्तविक जीडीपी यानी स्थिर कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद 2023-24 में 173.82 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच जाने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए जीडीपी का पहला संशोधित अनुमान 160.71 लाख करोड़ रुपये है।

### चौथी तिमाही में खनन क्षेत्र की जीवीए वृद्धि 4.3 % रही

चौथी तिमाही में खनन क्षेत्र की जीवीए वृद्धि 4.3 प्रतिशत रही जो एक साल पहले की समान तिमाही में 2.9 प्रतिशत थी। निर्माण क्षेत्र में तिमाही के दौरान 8.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 2022-23 की इसी अवधि में 7.4 प्रतिशत थी। सेवा क्षेत्र- व्यापार, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण से संबंधित सेवाओं में जीवीए वृद्धि दर चौथी तिमाही में 5.1 प्रतिशत रही, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह सात प्रतिशत थी।

## एक नजर

### डीजीसीए ने एयर इंडिया को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** डीजीसीए ने उड़ानों में अत्यधिक देरी और यात्रियों को हुई असुविधा के लिए शुक्रवार को एयर इंडिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में 30 मई को दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को की उड़ान एआई 183 और 24 मई को मुंबई से सैन फ्रांसिस्को की उड़ान एआई 179 के परिचालन में हुए अनावश्यक विलंब का जिक्र करते हुए जवाब मांगा है। नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने उड़ानों में देरी और यात्रियों को हुई असुविधा के इस मामले का संज्ञान लिया है।

### निमहांस को डब्ल्यूएचओ का पुरस्कार

**नई दिल्ली।** डब्ल्यूएचओ ने वर्ष 2024 के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के बेंगलुरु में राष्ट्रीय महत्व के संस्थान राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निमहांस) को स्वास्थ्य सेवा सुविधाओं की श्रेणी में नेल्सन मंडेला पुरस्कार से सम्मानित किया है। मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि डब्ल्यूएचओ का यह पुरस्कार स्वास्थ्य सेवा और सुविधा के संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तियों, संस्थानों और सरकारी या गैर-सरकारी संगठनों को प्रदान किया जाता है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने इस पुरस्कार से सम्मानित होने पर निमहांस को बधाई दी।

# 15 मतदान कर्मी समेत 77 की मौत

## प्रचंड गर्मी का कहर : जनजीवन अस्त-व्यस्त, मुख्यमंत्री ने दिए सुरक्षा प्रबंध करने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : जानलेवा गर्मी लगातार कहर बरपा रही है। नौतपा का उग्र रूप जनजीवन अस्त-व्यस्त करने पर अमादा दिख रहा है। शुक्रवार को मिर्जापुर में लोकसभा चुनाव के लिए डयूटी पर तैनात 13 व सोनभद्र में तैनात 2 चुनाव कर्मियों समेत अलग-अलग जिलों में 77 लोगों की आकस्मिक मृत्यु हो गई।

मिर्जापुर में लोस चुनाव के लिए डयूटी पर तैनात 13 चुनाव कर्मियों की शुक्रवार को तेज बुखार और उच्च रक्तचाप की शिकायत के बाद मेडिकल कॉलेज में मौत हो गयी। मेडिकल कॉलेज प्राचार्य के मुताबिक, इन सभी कर्मियों की मौत के सटीक कारण का पता अभी नहीं चल सका है। मिर्जापुर स्थित मां विंध्यवासिनी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजबहादुर कमल ने न्यूज एजेंसी को बताया कि मृतकों में सात होमगार्ड जवान, तीन सफाई कर्मचारी, सीएमओ कार्यालय में तैनात एक लिपिक, एक चकबंदी अधिकारी और होमगार्ड टीम का एक चपरासी शामिल है।



वाराणसी में लू के बीच एक मतदान अधिकारी वितरण केंद्र पर बेहोश हो गया। ● एजेंसी

- मिर्जापुर में लोकसभा चुनाव के लिए ड्यूटी पर तैनात 13 व सोनभद्र में तैनात 2 चुनाव कर्मियों की मौत

वहीं, हमीरपुर में 12, बांदा में सात, महोबा में सात, चित्रकूट में एक, फतेहपुर में दो, कन्नौज में एक की मौत हो गई। राजस्थान निवासी 45 वर्षीय ट्रक चालक तेजा राम की इटावा के इकदिल के पास हाईवे पर लू लगने से मौत हो गई। कानपुर नगर में शुक्रवार को आठ शव अलग-अलग स्थानों पर मिले। इनमें से एक भी शिनाख्त नहीं हो सकी। कानपुर देहात में एक व्यक्ति की मौत हुई। बहराइच में चार, अमेठी में दो, अयोध्या में तीन, बाराबंकी में दो, रायबरेली में एक, हरदोई में एक, अंबेडकरनगर में एक, प्रतापगढ़ में दस मौतें हुई है।

### इंसान हों या जानवर, हर स्तर पर हों बचाव के प्रबंध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** गर्मी के जानलेवा मिजाज का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंसानों के साथ-साथ जीव-जन्तुओं की भी सुरक्षा किए जाने को हर स्तर पर आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने राहत आयुक्त कार्यालय से भी उम्मीद की है कि, मौसम पूर्वानुमान का दैनिक बुलेटिन वहां से जारी हो। यहां तक कि गांव हो या शहर, कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती न हो।

योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को जारी एक संदेश में कहा कि, आम जनजीवन और पशुधन, वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए हर स्तर पर मजबूत प्रबंध किए जाएं।



- हीट वेव (लू) की स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश
- गांव हो या शहर, न हो अनावश्यक बिजली कटौती

उन्होंने कहा कि तेज गर्मी, लू का मौसम चल रहा है। ऐसे में जरूरत हो तो अतिरिक्त बिजली खरीदने की व्यवस्था हो। योगी के मुताबिक, सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ रखवाए जाएं। सड़कों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाए। पानी की कमी से अत्यधिक प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए।

# मतदान आज, मोदी व योगी की अग्निपरीक्षा

नई दिल्ली/ लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव का अंतिम चरण मोदी और योगी की भी अग्निपरीक्षा का होगा। हालांकि देशभर के एनडीए प्रत्याशियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी तो वहीं उप्र. के उम्मीदवारों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की साख जुड़ी है। लेकिन चुनाव के इस आखिरी पड़ाव में वाराणसी सीट से खड़े नरेन्द्र मोदी के सामने इस बार जीत की हैट्रिक लगाने का लक्ष्य है तो वहीं योगी आदित्यनाथ के घर की सीट गोरखपुर से भाजपा ने अभिनेता से नेता बने रवि किशन शुक्ला को फिर से मैदान में उतारा है। जहां योगी की भी प्रतिष्ठा मायने रखती है।

शनिवार को आखिरी चरण के मतदान में देश की 57 सीटों पर वोटिंग होगी। उत्तर प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों के साथ सोनभद्र की दुद्धी विधानसभा सीट पर उपचुनाव भी होगा। इस दौरान 144 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला मतदाता करेंगे। इस चरण में उप्र. की महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव (अजा), घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर व रॉबर्ट्सगंज (अजा) लोकसभा सीट के लिए मतदान होना है। सातवें चरण के चुनाव में भाजपा नीत राजग के दो घटक दलों अपना दल (एस) और सुभासपा के तीन उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। मिर्जापुर से अपना दल (एस) प्रमुख व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल और राबर्ट्सगंज (सुरक्षित) सीट से रिंकी कोल मैदान में हैं।




मतदान केंद्र जाती पोलिंग पार्टी।

- देश की 57 लोकसभा सीटों पर मतदाता आज डालेंगे वोट
- उप्र. की 13 सीटों पर 144 उम्मीदवार मैदान में

## गुप्त तरीके से धन देने के मामले में ट्रंप दोषी करार

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिका में 2016 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले पॉर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को गुप्त तरीके से धन देने के मामले में डोनाल्ड ट्रंप को रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के 34 आरोपों के तहत बृहस्पतिवार को दोषी पाया गया। इसी के साथ वह किसी गंभीर अपराध के लिए दोषी ठहराए गए अमेरिका के पहले पूर्व राष्ट्रपति बन गए। ऐसे में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनावों में शामिल हो एक बार फिर से व्हाइट हाउस पहुंचने की उनकी उम्मीदों की राह में कानूनी चुनौतियां बढ़ती दिख रही हैं। मैनहट्टन के 12 जूरी सदस्यों के एक समूह ने बृहस्पतिवार को एक ऐतिहासिक फैसले में कहा कि वे सर्वसम्मति से इस बात पर सहमत हैं कि 77 वर्षीय ट्रंप ने वयस्क फिल्म स्टार डेनियल्स को 130,000 अमेरिकी डॉलर की राशि का भुगतान छिपाने के लिए व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी की।



- दोषी ठहराए जाने वाले अमेरिका के पहले पूर्व राष्ट्रपति

# प्रज्वल 7 दिन की हिरासत में

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु की एक अदालत ने शुक्रवार को जनता दल (सेक्युलर) के निलंबित नेता एवं सांसद प्रज्वल रेवन्ना को 6 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पोते 33 वर्षीय प्रज्वल को शुक्रवार तड़के जर्मनी के म्यूनिख से लौटने के बाद गिरफ्तार किया गया था। कई महिलाओं के कथित यौन शोषण के वीडियो सामने आने के बाद हासन से सांसद प्रज्वल जर्मनी चले गए थे।



अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के.एन. शिवकुमार ने रिमांड अर्जी और प्रज्वल के वकील की आपत्ति पर सुनवाई के बाद उन्हें पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

**यौन उत्पीड़न मामला**

- जर्मनी से भारत लौटते ही एयरपोर्ट से किया गया था गिरफ्तार

### जमानत रद करने का अनुरोध

एसआईटी ने हाईकोर्ट में प्रज्वल के पिता एवं जद (एस) विधायक एचडी रेवन्ना की अपहरण मामले में जमानत रद करने का अनुरोध किया। न्यायमूर्ति कृष्ण दीक्षित की एकल पीठ ने मामले की सुनवाई सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी। सत्र अदालत ने एचडी रेवन्ना को जमानत दी थी।

### भवानी की जमानत अर्जी खारिज

सांसद प्रज्वल रेवन्ना की मां भवानी की अग्रिम जमानत अर्जी एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को खारिज कर दी। भवानी ने मैसुरु जिले के केआर नगर में एक महिला के अपहरण से जुड़े मामले में बुधवार को विशेष अदालत में अग्रिम जमानत अर्जी दायर की थी।

## बिभव कुमार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली कोर्ट ने केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को शुक्रवार को यह कहते हुए 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया कि जांच अभी प्रारंभिक चरण में है और इसे पूरा करने में समय लगेगा। केजरीवाल के निजी सहायक कुमार ने 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ कथित तौर पर मारपीट की थी। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल ने कहा दोनों पक्षों की दलीलों सुनने के बाद उन्हें हिरासत में भेजने का फैसला किया। उन्हें 14 जून को पेश किया जाए।

# आंधी-तूफान ने ली 10 की जान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी/शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** नौतपा की तपिश से बेहाल लोगों के लिए गुरुवार को उठा आंधी तूफान आफत बन गया। तूफान से लखीमपुर में जहां पांच लोगों की मौत हो गई, वहीं शाहजहांपुर में दो बच्चों समेत पांच की गई जान चली गई।

लखीमपुर के थाना निघासन के गांव दरेरी निवासी घनश्याम गिरि पत्नी और बच्चों के साथ रिश्तेदारी में गए थे। वह गुरुवार देर शाम वापस घर जा रहे थे। फूलबेहड़ थाना क्षेत्र में तूफान के दौरान उनकी कार पर विशालकाय पेड़ गिर गया, जिससे कार चला रहे घनश्याम गिरि की मौत हो गई, जबकि पत्नी व दो बच्चे घायल हो गए। फरधान थाना क्षेत्र के गांव लोन पुरवा में पक्की दीवार गिरने से उसके मलबे के नीचे दबकर इंद्रपाल (60) की मौत हुई है। थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव इमलिया में ट्रक पर नीम का पेड़ गिर गया, जिससे उसके नीचे दबने से गांव निवासी विनोद कुमार (35) की मौत हो गई। कोतवाली गोला गोकर्णनाथ के गांव विलासपुर में तूफान के दौरान पक्की दीवार भरभराकर ढह गई, जिसके उसके नीचे दबकर फूलमती (75) पत्नी शिवराम की मौत हो गई। हैदराबाद क्षेत्र के गांव बेलवा में दीवार में दबकर 36 वर्षीय विकास कुमार की जान चली गई। थाना नीमगांव क्षेत्र के गांव रोशन नगर में एक मकान गिरने से उसके मलबे में दबकर फखरुद्दीन (35), उनकी पत्नी नसीम बानो (30), पुत्र सलमान (5) और छह माह का अरमान गंभीर रूप से घायल हो दया। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



लखीमपुर की शास्त्रीनगर कालोनी में कार पर गिरा खंबा।

- लखीमपुर में पांच की मौत तो शाहजहांपुर में दो बच्चों समेत पांच की गई जान

# नैक मूल्यांकन में आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय को ए ++ ग्रेड

संवाददाता, अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज ने नया इतिहास रच दिया। नेशनल असेसमेंट एंड एक्रीडिटेशन काउंसिल (नैक) के मूल्यांकन में ए ++ ग्रेड पाने वाला यह देश का पहला कृषि विश्वविद्यालय बन गया है। ग्रेड की जानकारी के बाद विश्वविद्यालय और इससे जुड़े महाविद्यालयों में जश्न का माहौल शुरू हो गया।

- ग्रेड की जानकारी के बाद विश्वविद्यालय और इससे जुड़े महाविद्यालयों में जश्न का माहौल

ग्रेड मूल्यांकन के लिए आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवम प्रौद्योगिक विवि कुमारगंज ने कड़ी मेहनत की। हर पहलू को बेहतर किया गया। ग्रेड के लिए मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की छह सदस्यीय टीम ने दो चरणों में यहां का दौरा किया। 22-24 अप्रैल और 27 से 29 मई को कृषि विवि और कृषि महाविद्यालयों में परीक्षण किया। हर स्तर पर इसका मूल्यांकन किया। टीम कृषि महाविद्यालय कोटवा आजमगढ तक पहुंची थी। इसके बाद शुक्रवार को कृषि विश्वविद्यालय को ए ++ ग्रेड मिलने की घोषणा की गई। इसकी सूचना मिलने के बाद विश्वविद्यायालय में शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रदेश की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा, अपर मुख्य सचिव कृषि डॉ. देवेश चतुर्वेदी ने कृषि विवि के कुलपति को बधाई दी। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने इस सफलता का श्रेय कुलाधिपति व राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही सहित अन्य अफसरों को दिया है। कहा कि नैक की तैयारी में प्रदेश की कुलाधिपति के मार्गदर्शन से यह अवसर आया है। सफलता में पूरे विश्वविद्यालय परिवार की परिश्रम और मेहनत शामिल है।

# अब ऑनलाइन गवाही, न्यायालय जाने की जरूरत नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** एक जुलाई से न्यायिक प्रक्रिया में देशभर में नई व्यवस्था लागू होने जा रही है जिसके तहत अब गवाहों को बयान दर्ज कराने के लिए कोर्ट जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

गवाह किसी भी शहर, जिले, प्रदेश में हो, वह वहीं से वीडियो कांफ्रेसिंग बूथ के जरिये गवाही दे सकेगा। इसके लिए प्रत्येक जिले में वीडियो कांफ्रेंसिग बूथ बनाए जाएंगे। हालांकि कानपुर में यह सुविधा पहले से ही शुरू हो चुकी है। अभी तक यह व्यवस्था नियमावली के तहत हो रही थी, अब नई संहिता में इसको विधिक उपबंध के रूप में स्थापित किया गया है, जो एक जुलाई लागू होगा। अभी तक साक्षियों को कोर्ट में हाजिर होना पड़ता है। कई बार गवाह, वादकारी मजबूरीवश पेश नहीं हो पाते। इसके अलावा बयान देने के लिए लोग काम-धंधा छोड़ कर एक शहर से दूसरे शहर के चक्कर काटते थे, जिस कारण न्यायिक प्रक्रिया में भी देरी होती थी। एक जुलाई से लागू होने वाली भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में यह व्यवस्था की गई है कि आप अपने शहर में वीडियो कांफ्रेंसिग बूथ में बैठकर ही गवाही दे सकते हैं। प्रत्येक जिले में वीडियो कांफ्रेसिंग बूथ बनाए जाएंगे। हालांकि कानपुर में वर्ष 2021-22 में ही ऑनलाइन गवाही शुरु करा दी गई थी। कानपुर में एडीसीपी मनीष सोनकर को इस व्यवस्था का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

- भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में इसे विधिक उपबंध के रूप में स्थापित किया गया

**एक जुलाई से न्यायिक प्रक्रिया में देशभर में नई व्यवस्था लागू होने जा रही**

### इस तरह उठाएं सुविधा का लाभ

संयुक्त निदेशक (अभियोजन) कुंवर विक्रम सिंह ने बताया कि वीडियो कांफ्रेंसिंग नियमावली 2020 के अनुसार हर जिले में वीडियो कांफ्रेंसिंग बूथ गठित किए जाएंगे, जो न्यायालय परिसर में भी होंगे और जिला मजिस्ट्रेट अथवा जनपदीय पुलिस कार्यालय में भी। बूथ पर कोआर्डिनेटर लेवल का एक अधिकारी होगा, जो यह तय करेगा कि गवाही देने वाला व्यक्ति वही है जिसके लिए समन जारी किया गया है। इसी अधिकारी के माध्यम से साक्षी अन्य जनपद की न्यायालय को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से गवाही देने की सूचना भेजेगा।



कोरोना महामारी के दौरान वर्ष 2020 में वीडियो कांफ्रेंसिंग से बयान या पेशी की नियमावली लाई गई थी। अब नई संहिता में इसको विधिक उपबंध के रूप में स्थापित किया गया है, जो एक जुलाई लागू होगा। - **कुंवर विक्रम सिंह**, संयुक्त निदेशक (अभियोजन)

### कुछ इस तरह होगी गवाही

संयुक्त निदेशक (अभियोजन) ने बताया कि गवाह अपने बूथ कोआर्डिनेटर से संपर्क कर वीडियो कांफ्रेंसिंग के संबंध में नियमावली में दिया गया फार्म भरेगा। जिसमें मोबाइल, ईमेल आईडी आदि देगा। यह सब कार्यवाही करने के बाद बूथ कोआर्डिनेटर के माध्यम से कोर्ट को भेजा जाएगा। इसके बाद कोर्ट बयान के लिए तिथि व स्लॉट निर्धारित करेगी। यह सब चीजें गवाह को निर्धारित तिथि से पहले उपलब्ध करा दी जाएंगी।



# होम रन नहीं, चौके-छक्कों की होगी बारिश

## अमेरिका पहुंचा क्रिकेट, आज से शुरू होगा टी-20 विश्व कप का महासमर, यूएसए और कनाडा के बीच होगा पहला मैच

न्यूयॉर्क, एजेंसी

टी-20 विश्व कप के जरिए क्रिकेट का कारवां बेसबॉल के दीवाने देश अमेरिका में दस्तक देगा तो कई नए सितारे चमकेंगे तो कई बेनूर भी होंगे, कुछ प्रबल दावेदार होंगे तो कुछ छिपे रूस्तम निकलेंगे। आज शुरू हो रहे ताबड़तोड़ क्रिकेट के इस महासमर में पहली बार 20 टीमें जोर आजमाइश करेंगी तो इसकी भव्यता देखने लायक होगी।

भारतीय टीम जहां पिछले काफी समय से आईसीसी खिताब नहीं जीत पाने का मलाल मिटाना चाहेगी तो ऑस्ट्रेलिया एक और खिताब जीतकर अपना दबदबा कायम रखने की फिराक में होगा। पाकिस्तान और वेस्टइंडीज का लक्ष्य सही समय पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का होगा। गत चैंपियन इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका की चुनौती भी कमतर नहीं है। दक्षिण अफ्रीका के पास हेनरिच क्लासेन, डेविड मिलर, क्विंटोन डिकॉक और कैगिसो रबाडा जैसे मैच विनर हैं और इसका लक्ष्य चोकर्स का तमगा हटाने का होगा।

इस टूर्नामेंट के जरिए अमेरिका में क्रिकेट का पदार्पण होने जा रहा है जहां 29 दिन के भीतर 55 में से 16 मैच खेले जाएंगे। बाकी 39 मैच वेस्टइंडीज में होंगे जिनमें सुपर आठ चरण के मैच, सेमीफाइनल और फाइनल शामिल है। खिताब के प्रबल दावेदारों के अलावा अफगानिस्तान की चुनौती को भी कमतर नहीं आंका जा सकता जो अपना दिन होने पर कोई भी उलटफेर कर सकती है। जहां तक टीम इंडिया का सवाल है तो सबसे मजबूत टीमों में से एक होने के बावजूद यह 2013 चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से कोई आईसीसी खिताब नहीं जीत सकी है। इस बार बतौर कप्तान रोहित की साख भी दाव पर है। रोहित से पहले विराट कोहली भी सबसे सफल टेस्ट कप्तान जरूर रहे लेकिन आईसीसी खिताब नहीं जीत सके।

पिछले 12 महीने में भारतीय टीम दो आईसीसी टूर्नामेंटों में उपविजेता रही और ऑस्ट्रेलिया के हाथों अपनी धरती पर पिछले साल एक दिवसीय विश्व कप का फाइनल हार गई। पिछले दो टी-20 विश्व कप में पुराने ढर्रे पर चलने का उसे खामियाजा भुगतना पड़ा लेकिन इस बार वह गलती दोहराना नहीं चाहेगी। भारत को यहां तीन मैच खेलने हैं जिनमें पाकिस्तान के खिलाफ नौ जून को होने वाला चर्चित मुकाबला शामिल है। भारतीय टीम इसी मैदान पर एक जून को बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगी जबकि टूर्नामेंट का पहला मैच पांच जून को आयरलैंड से खेलना है।

### वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को 35 रनों से हराया

पोर्ट ऑफ स्पेन। निकोलस पूरन (75), कप्तान रोवमन पॉवेल (52) और शरफेन रदरफोर्ड (47) रनों की तूफानी पारियों तथा उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत वेस्टइंडीज ने अभ्यास मैच में ऑस्ट्रेलिया को 35 रनों से हरा दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन ने जॉनसन चार्ल्स के साथ पारी को संभाला और दूसरे विकेट लिए 90 रनों की साझेदारी की। निकोलस पूरन ने 25 गेंद पर सर्वाधिक 75 रन और जॉनसन चार्ल्स ने 31 गेंदों में 40 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 257 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। 258 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने भी बेहतरीन बल्लेबाजी का मुजाहिरा किया लेकिन वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया के विकेटों को गिराते हुए उनकी रनों की रफ्तार पर लगाम लगाई। ऑस्ट्रेलियाई टीम निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 222 रन ही बना सकी और 35 रनों से मुकाबला हार गई।

### अभ्यास मैच आज, भारतीय टीम के पास खुद को परखने का मौका



न्यूयॉर्क। भारतीय टीम टी-20 विश्व कप में पांच जून को होने वाले अपने शुरुआती मुकाबले से पहले आज जब बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच के लिए मैदान पर उतरेगी तो उसके सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल प्रभावी योगदान देकर अपनी जगह पक्की करना चाहेंगे तो वहीं अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिराज तेज गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह का साथी बनने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। विश्व कप के 13 साल के सूखे को खत्म करने के लिए टीम की सबसे बड़ी चुनौती सही संयोजन को ढूंढने की होगी। ऐसे में यह अभ्यास मैच काफी महत्वपूर्ण होगा। विराट कोहली इस मैच के शुरू होने से कुछ समय पहले अमेरिका पहुंचेंगे ऐसे उनके इस मैच को खेलने की संभावना कम है। भारतीय टीम बाकी के सभी 14 खिलाड़ियों को इस मैच में आजमाना चाहेगी क्योंकि इस मुकाबले को आधिकारिक मान्यता नहीं मिली है। यह सभी खिलाड़ियों के लिए लय परखने का अवसर होगा। कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को दो ऐसे क्षेत्र है जहां विवेकपूर्ण निर्णय लेने की आवश्यकता होगी।

### हमें हालात को समझना होगा : रोहित

न्यूयॉर्क। नवनिर्मित नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की तारीफ करते हुए भारतीय कप्तान रोहित ने कहा कि पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ मैच से पहले उनकी टीम को पिच और हालात के अनुकूल ढलना होगा। अभ्यास मैच इसलिए भी अहम है क्योंकि भारत के मैच स्थानीय समयानुसार सुबह 10 .30 पर शुरू होंगे । रोहित ने कहा हम हालात को समझने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि हम यहां पहले खेले नहीं हैं। हम कोशिश यही करेंगे कि पांच जून को पहले मैच से पूर्व हालात के अनुकूल ढल सकें।

### लामिछाने को अमेरिका ने नहीं दिया वीजा

काठमांडू। नेपाल के शीर्ष लेग स्पिनर संदीप लामिछाने टी-20 विश्व कप में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि ने अमेरिका ने दूसरी बार उनके वीजा आवेदन को नामंजूर कर दिया। अमेरिका ने पिछले सप्ताह उनका वीजा आवेदन नामंजूर कर दिया था। इसके बाद नेपाल सरकार और नेपाल क्रिकेट संघ ने दोबारा आवेदन किया था। नेपाल क्रिकेट संघ ने बयान ने कहा आवश्यक पहल करने के बावजूद अमेरिकी दूतावास ने राष्ट्रीय खिलाड़ी लामिछाने को वीजा देने में अपनी असमर्थता व्यक्त की है।


| ग्रुप ए |
|---|
| भारत |
| पाकिस्तान |
| आयरलैंड |
| कनाडा |
| यूएसए |
| **ग्रुप बी** |
| इंग्लैंड |
| ऑस्ट्रेलिया |
| नामीबिया |
| स्कॉटलैंड |
| ओमान |
| **ग्रुप सी** |
| न्यूजीलैंड |
| वेस्टइंडीज |
| अफगानिस्तान |
| युगांडा |
| पापुआ न्यू गिनी |
| **ग्रुप डी** |
| दक्षिण अफ्रीका |
| श्रीलंका |
| बांग्लादेश |
| नीदरलैंड |
| नेपाल |

### टी-20 विश्व कप का कार्यक्रम

| दिनांक | मुकाबले | शहर |
|---|---|---|
| 1 जून | यूएसए बनाम कनाडा | डलास |
| 2 जून | वेस्ट इंडीज बनाम पापुआ न्यू गिनी | गुयाना |
| | नामीबिया बनाम ओमान | बारबाडोस |
| 3 जून | श्रीलंका बनाम दक्षिण अफ्रीका | न्यूयॉर्क |
| | अफगानिस्तान बनाम युगांडा | गुयाना |
| 4 जून | इंग्लैंड बनाम स्कॉटलैंड | बारबाडोस |
| | नीदरलैंड बनाम नेपाल | डलास |
| 5 जून | **भारत बनाम आयरलैंड** | **न्यूयॉर्क** |
| | पापुआ न्यू गिनी बनाम युगांडा | गुयाना |
| | ऑस्ट्रेलिया बनाम ओमान | बारबाडोस |
| 6 जून | यूएसए बनाम पाकिस्तान | डलास |
| | नामीबिया बनाम स्कॉटलैंड | बारबाडोस |
| 7 जून | कनाडा बनाम आयरलैंड | न्यूयॉर्क |
| | न्यूजीलैंड बनाम अफगानिस्तान | गुयाना |
| | श्रीलंका बनाम बांग्लादेश | डलास |
| 8 जून | नीदरलैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका | न्यूयॉर्क |
| | ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड | बारबाडोस |
| | वेस्ट इंडीज़ बनाम युगांडा | गुयाना |
| 9 जून | **भारत बनाम पाकिस्तान** | **न्यूयॉर्क** |
| | ओमान बनाम स्कॉटलैंड | एंटीगुआ |
| 10 जून | दक्षिण अफ्रीका बनाम बांग्लादेश | न्यूयॉर्क |
| 11 जून | पाकिस्तान बनाम कनाडा | न्यूयॉर्क |
| | श्रीलंका बनाम नेपाल | फ्लोरिडा |
| | ऑस्ट्रेलिया बनाम नामीबिया | एंटीगुआ |
| 12 जून | **यूएसए बनाम भारत** | **न्यूयॉर्क** |
| | वेस्ट इंडीज़ बनाम न्यूज़ीलैंड | त्रिनिदाद |
| 13 जून | इंग्लैंड बनाम ओमान | एंटीगुआ |
| | बांग्लादेश बनाम नीदरलैंड | सेंट विंसेंट |
| | अफगानिस्तान बनाम पापुआ न्यू गिनी | त्रिनिदाद |
| 14 जून | यूएसए बनाम आयरलैंड | फ्लोरिडा |
| | दक्षिण अफ्रीका बनाम नेपाल | सेंट विंसेंट |
| | न्यूज़ीलैंड बनाम युगांडा | त्रिनिदाद |
| 15 जून | **भारत बनाम कनाडा** | **फ्लोरिडा** |
| | नामीबिया बनाम इंग्लैंड | एंटीगुआ |
| | ऑस्ट्रेलिया बनाम स्कॉटलैंड | सेंट लूसिया |
| 16 जून | पाकिस्तान बनाम आयरलैंड | फ्लोरिडा |
| | बांग्लादेश बनाम नेपाल | सेंट विंसेंट |
| | श्रीलंका बनाम नीदरलैंड | सेंट लूसिया |
| 17 जून | न्यूज़ीलैंड बनाम पापुआ न्यू गिनी | त्रिनिदाद |
| | वेस्ट इंडीज बनाम अफगानिस्तान | सेंट लूसिया |
| 19 जून | ए2 बनाम डी1 | एंटीगुआ |
| | बी1 बनाम सी2 | सेंट लूसिया |
| 20 जून | सी1 बनाम ए1 | बारबाडोस |
| | बी2 बनाम डी2 | एंटीगुआ |
| 21 जून | बी1 बनाम डी1 | सेंट लूसिया |
| | ए2 बनाम सी2 | बारबाडोस |
| 22 जून | ए1 बनाम डी2 | एंटीगुआ |
| | सी1 बनाम बी2 | सेंट विंसेंट |
| 23 जून | ए2 बनाम बी1 | बारबाडोस |
| | सी2 बनाम डी1 | एंटीगुआ |
| 24 जून | बी2 बनाम ए1 | सेंट लूसिया |
| | सी1 बनाम डी2 | सेंट विंसेंट |
| 26 जून | **सेमीफाइनल-1** | गुयाना |
| 27 जून | **सेमीफाइनल-2** | त्रिनिदाद |
| 29 जून | **फाइनल** | **बारबाडोस** |

## खेल डायरी

### नीरज को यूरोप में दो माह की ट्रेनिंग की मिली मंजूरी



नई दिल्ली। खेल मंत्रालय ने मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा की पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए यूरोप में 60 दिन की ट्रेनिंग लेने की योजना को मंजूरी दे दी जिसमें उनके साथ कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज और फिजियो ईशान मारवाह भी होंगे। खेल मंत्रालय की मिशन ओलंपिक इकाई (एमओसी) ने एशियाड स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट के हंगरी में 10 से 21 जून तक होने वाले अंतर्राष्ट्रीय ट्रेनिंग शिविर में स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोच वेन पैट्रिक लोम्बार्ड को शामिल करने का प्रस्ताव भी स्वीकार कर लिया। वह 29 मई से 28 जुलाई तक यूरोप में अलग अलग स्थानों पर ट्रेनिंग करेंगे। वहीं, पहलवान विनेश छह से नौ जून तक बुडापेस्ट में यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग की दूसरी रैंकिंग सीरीज पोलयाक इमरे एवं वरगा जानोस मेमोरियल में हिस्सा लेंगी। इनके साथ ही एमओसी ने लंबी कूद एथलीट शैली सिंह के यूरोप में ट्रेनिंग शिविर को 23 जून तक बढ़ाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी।

### अदिति अमेरिकी महिला ओपन के पहले दौर में संयुक्त 35वें स्थान पर

लैंकेस्टर (पेंसिल्वेनिया)। मेजर टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ने की कवायद में लगी भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने अमेरिकी महिला ओपन के पहले दौर में तीन ओवर 73 का कार्ड खेला। अदिति पहले दौर के बाद संयुक्त 35वें स्थान पर हैं। पहले दौर में केवल चार खिलाड़ियों ने अंडर पार का स्कोर बनाया। जापान की युका सासो पहले दौर के बाद दो शॉट की बढ़त पर हैं। उनके बाद एमेच्योर एडेला सेर्नौसेक, थाईलैंड की विचानी मीचाई और एंड्रिया ली का नंबर आता है जिन्होंने एक अंडर 69 का स्कोर बनाया। इस भारतीय खिलाड़ी ने अपने दूसरे नौ होल में दूसरे और नौवें होल में बोगी और इस बीच पार चार वाले चौथे होल में डबल बोगी की।

### विश्व जूनियर चैंपियनशिप में प्रणव और दिव्या करेंगे भारत की अगुवाई

गांधीनगर। अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे कम उम्र के ग्रैंडमास्टर अभिमन्यु मिश्रा, भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रणव आनंद और अंतर्राष्ट्रीय मास्टर दिव्या देशमुख शनिवार को यहां शुरू होने वाली फिडे विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप में खिताब के बड़े दावेदार होंगे। चौदह जून तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 46 देशों के 230 खिलाड़ी भाग लेंगे जिसमें कई ग्रैंडमास्टर है। गुजरात राज्य शतरंज संघ द्वारा आयोजित की जा रही चैंपियनशिप का उद्देश्य खेल को बढ़ावा देना और युवा प्रतिभाओं को अपनी चमक बिखरने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है। सचिव देव पटेल ने कहा यह आयोजन केवल दुनिया भर के युवा शतरंज खिलाड़ियों की अविश्वसनीय प्रतिभा को प्रदर्शन का मौका देगा।

### आईबीए से अलग हुआ भारत, विश्व मुक्केबाजी से जुड़ा

नई दिल्ली। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने शुक्रवार को निलंबित आईबीए से नाता तोड़ लिया और ओलंपिक में खेल के भविष्य को लेकर खतरे से



निपटने के लिए विश्व मुक्केबाजी से जुड़ गया। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने महीनों पहले चेताया था कि अगर राष्ट्रीय महासंघ अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) से जुड़े रहे तो 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक से इस खेल को हटाया जा सकता है। बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा मुक्केबाजी का ओलंपिक दर्जा बरकरार रहना खेल के लिए जरूरी है लिहाजा हम विश्व मुक्केबाजी से जुड़कर खुश हैं। विश्व मुक्केबाजी का गठन अप्रैल 2023 में किया गया। इसके अध्यक्ष आईबीए अध्यक्ष पद के पूर्व दावेदार बोरिस वान डेर वोर्स्ट हैं। वान डेर वोर्स्ट ने कहा अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी के लिए भारत बहुत महत्वपूर्ण देश है और हम बीएफआई का विश्व मुक्केबाजी परिवार में स्वागत करते हैं। यह बेहद रोमांचक कदम है जिससे एशिया में हमारी मौजूदगी बढ़ेगी।

# फ्रेंच ओपन में बारिश, हार से भीगे दिग्गज

पेरिस, एजेंसी

- 17 वर्ष की मीरा एंड्रीवा ने विक्टोरिया अजारेंका को हराया
- येलेना ओस्टापेंको को क्लारा टॉसन ने किया पराजित
- गैर वरीयता प्राप्त पीटन स्टर्न्स ने डारिया कसाटकिना को दी मात



आंद्रे रुबलेव के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद जश्न मनाते इटली के माटेओ अर्नाल्डी।



यूक्रेन की दयाना यास्त्रेमस्का के खिलाफ शॉट खेलती अमेरिका की कोको गौफ।

बारिश के कारण देर रात तक चले फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मैचों में कई उलटफेर देखने को मिले जिसमें अमेरिका की गैर वरीयता प्राप्त पीटन स्टर्न्स की 10वीं वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना पर जीत भी शामिल है। बारिश के कारण लगातार तीसरे दिन खेल प्रभावित रहा तथा आयोजकों को मैच देर रात तक करवाने के लिए प्रत्येक कोर्ट पर दूधिया रोशनी लगानी पड़ी।

स्टर्न्स को अपनी बारी के लिए पूरे दिन इंतजार करना पड़ा लेकिन यह मैच जब रात नौ बजे के बाद शुरू हुआ तो इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने ठंड, नमी और धीमी परिस्थितियों से अच्छी तरह से सामंजस्य बिठाया तथा 17 फोरहैंड विनर्स लगाकर कसाटकिना को 7-5, 6-2 से हराया। पूरे दिन भर में 55 मैच खेले गए जिनमें अंतिम मैच रात एक बजे के बाद समाप्त हुआ। इस मैच में रूस की 17 वर्ष की खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन और यहां 19वीं वरीयता प्राप्त विक्टोरिया अजारेंका को 6-3, 3-6, 7-5 से हराया। एंड्रीवा का अगला मुकाबला स्टर्न्स से होगा, जिसमें विजेता रहने वाली खिलाड़ी पहली बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में पहुंचेगी। महिला वर्ग में जिन अन्य वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को बाहर का रास्ता देखना पड़ा उनमें 2017 की चैंपियन और यहां नौवीं वरीय येलेना ओस्टापेंको भी शामिल हैं जिन्हें डेनमार्क की क्लारा टॉसन ने 7-6 (4), 4-6, 6-3 से पराजित किया। इस टूर्नामेंट में 11वीं वरीयता प्राप्त डेनियल कोलिन्स सर्बियाई क्वालीफायर ओल्गा डैनिलोविच से 6-7 (3), 7-5, 6-4 से हार गईं जबकि 23वीं वरीय अन्ना कालिंस्काया को बियांका एंड्रीस्कू ने 1-6, 7-5, 6-3 से बाहर का रास्ता दिखाया। पुरुष वर्ग में उलटफेर का शिकार बनने वाले खिलाड़ियों में 25वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसेस टियाफो और 31वें वरीय मारियानो नवोन शामिल हैं। टियाफो को उनके मित्र डेनिस शापोवालोव ने 6-7 (4), 6-4, 6-2, 6-4 ने पराजित किया।

# इंग्लैंड ने पाकिस्तान को हराया



ओवल, एजेंसी

फिल सॉल्ट (45) और कप्तान जॉस बटलर (39) रनों की शानदार परियों तथा गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने आखिरी टी-20 में पाकिस्तान को सात विकेट से हराकर चार मैचों की सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली है।

सीरीज के दो मैच बारिश की वजह से रद्द हो गए थे। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान के कप्तान बाबर और रिजवान की सलामी जोड़ी ने तेज शुरुआत की, लेकिन पाकिस्तान की पारी 19.5 ओवर में 157 रन पर सिमट गई। 158 रन के जवाब में इंग्लैंड के कप्तान बटलर और फिल सॉल्ट ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 6.2 ओवर में 82 रन जोड़ डाले। जॉनी बेयरस्टो (28) और हैरी ब्रूक (17) रन बनाकर कर नाबाद रहे। इंग्लैंड ने 15.3 ओवर में 158 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया।

# पेरिस ओलंपिक में निशांत देव ने पक्का किया स्थान

बैंकॉक, एजेंसी

- निकहत, प्रीत पवार और लवलीना पहले कर चुकीं टिकट पक्कता
- क्वार्टर फाइनल में निशांत ने वासिल सेबोटारी को हराया

निशांत देव (71 किग्रा) मुक्केबाजी ओलंपिक क्वालीफायर्स के सेमीफाइनल में पहुंचकर पेरिस में होने वाले खेलों का कोटा हासिल करने वाले पहले भारतीय पुरुष मुक्केबाज बन गए। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता और पिछले क्वालीफायर्स में मामूली अंतर से ओलंपिक का टिकट कटाने से चुके निशांत ने क्वार्टर फाइनल में मोल्दोवा के वासिल सेबोटारी को 5-0 से हराकर कोटा हासिल किया।

भारत ने इस तरह से मुक्केबाजी में ओलंपिक के लिए चौथा कोटा स्थान हासिल किया। निशांत से पहले महिला मुक्केबाज निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीत पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) पेरिस के लिए अपना टिकट पक्का कर चुकी हैं। पुरुषों के 71 किग्रा भार वर्ग में पांच कोटा स्थान दांव पर लगे थे और इस तरह से निशांत ने सेमीफाइनल में जगह बनाकर पेरिस ओलंपिक में अपना स्थान पक्का किया। टूर्नामेंट में अभी तक अपना दबदबा बनाए रखने वाले निशांत ने फिर से आक्रामक शुरुआत की और शुरू से ही दनादन मुक्के जड़कर अपने प्रतिद्वंद्वी को पस्त कर दिया।

## क्वालीफायर्स के क्वार्टर फाइनल में हारी अंकुशिता बोरो

बैंकॉक। अंकुशिता बोरो की विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर्स में स्वीडन की एग्नेस एलेक्सियसन से 2-3 से हार के साथ ही भारत की महिलाओं के 60 किग्रा भार वर्ग में ओलंपिक कोटा हासिल करने की उम्मीदें भी समाप्त हो गई।

भारत की 23 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी स्वीडिश प्रतिद्वंदी के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन यूरोपीय खेलों की पूर्व पदक विजेता खिलाड़ी ने अपने अनुभव के दम पर बोरो को बाहर का रास्ता दिखा दिया। भारतीय खिलाड़ी ने अच्छी शुरुआत की लेकिन वह इसे बरकरार नहीं रख पाई। अरुंधति चौधरी (66 किग्रा) और अमित पंघाल (51 किग्रा) को भी आज अपने मुकाबले खेलने हैं।

# सेमीफाइनल में पहुंची त्रिशा-गायत्री

**सिंगापुर ओपन**



कल्लांग, एजेंसी

त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय बैडमिंटन जोड़ी शुक्रवार को दक्षिण कोरिया की कित सो यंग और कोंग ही योंग की जोड़ी को हराकर सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट में आज यहां भारतीय जोड़ी ने दक्षिण कोरिया की किम सो यंग और कोंग ही योंग की जोड़ी को 79 मिनट तक चले बेहद ही रोमांचक क्वार्टरफाइनल मुकाबले में 18-21, 21-19, 24-22 से हराकर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारतीय महिला युगल की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कोरिया की किम-कोंग की जोड़ी ने पहले गेम में बढ़त के साथ त्रिशा-गायत्री की जोड़ी पर दबाव बनाया। इसके बाद कोरियाई जोड़ी ने बढ़त के साथ पहले गेम में अपनी पकड़ मजबूत की। मैच के दूसरे गेम में कांटे की टक्कर देखने को मिली। इस गेम में काफी उतार चढ़ाव देखा गया पहले भारतीय जोड़ी ने 7-3 की बढ़त के साथ शानदार शुरुआत की। इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों 19-19 की बराबरी पर पहुंचा कर मैच में वापसी की। तीसरे और निर्णायक गेम में 5-3 की बढ़त हासिल कर ली। मैच का सबसे रोमांचक पल तब आया जब दोनों टीम 20-20 की बराबरी पर पहुंच गई। फिर खेल 22-22 तक पहुंच गया लेकिन अंत में भारतीय खिलाड़ियों ने लगातार दो अंक हासिल करके गेम को 24-22 से अपने नाम करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# आंधी-बारिश का खौफनाक मंजर दे गया जख्म

## जगह-जगह गिरे पेड़, सड़कों पर लंबा जाम
## आंधी से जिले भर में करोड़ों का नुकसान
## विद्युत विभाग को भी लाखों की क्षति

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** नौतपा में तप रहे लोगों के लिए बृहस्पतिवार की रात कुछ देर तक राहत भरी रही, लेकिन एक घंटे बाद आफत बन गई। बारिश के साथ चल रहीं तेज हवाओं का खौफनाक मंजर देखकर लोग सहम तक गए। इससे जिले में 26 घंटे तक जन जीवन अस्त व्यस्त रहा। सैकड़ों की संख्या में पेड़ से लेकर बिजली के पोल गिर गए। इससे यातायात थमने के साथ जिले भर की बिजली गुल हो गई। तूफानी बारिश के बाद प्रभावति जनजीवन को पटरी पर लाने की कवायद शुक्रवार रात तक जारी रही। मगर, शुक्रवार की देर शाम तक बिजली आपूर्ति पूरी तरह से पटरी पर नहीं आ सकी।

पिछले कई दिनों से बेतहाशा गर्मी झेल रहे लोग बारिश होने की दुआ कर रहे थे। उधर, मौसम वैज्ञानिकों ने भी 30 मई को आंधी और बारिश होने की भविष्यवाणी कर रखी थी, जो बृहस्पतिवार रात सच साबित हुई। अचानक शाम को मौसम के करवट बदलने से रात आठ बजे जिलेभर में तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। जिले के कुछ हिस्सों पर इसका प्रकोप धीमा रहा तो कुछ जगहों पर काफी भयानक। हवाओं की रफ्तार की चपेट में आकर विशालकाय पेड़ तिनकों की तरह सड़क पर आ गिरे। इससे जिले भर की सड़कों पर वाहनों के पहिए थम गए। इससे हर सड़क पर वाहनों की लंबी लंबी लाइन गई। तूफान थमने के बाद पुलिस ने आसपास के गांवों से लोगों को बुलाकर सड़क पर पड़े पेट कटवाएं तब जाकर वाहनों को गति मिली।



हाईवे पर पेड़ गिरने की वजह से वाहनों की लगी लंबी लाइन। अमृत विचार



लालपुर बैरियर के पास आंधी की वजह से सड़क किनारे लगी दुकानें हुईं ध्वस्त। अमृत विचार



फरधान कस्बे में यूकेलिप्टस का पेड़ गिरने से मकान क्षतिग्रस्त।

### बिजली आपूर्ति की बहाली को लेकर दिन भर हुए प्रयास



आंधी बारिश की वजह से लोकल लाइनों से लेकर मेन लाइन में फॉल्ट आ गई। पेड़ से लेकर इनकी डाल गिरने से खंभे और तार तक टूट गए। बारिश के बाद शुरू हुई उमस भरी गर्मी ने लोगों को बेहाल करना शुरू कर दिया। ऐसे में लोगों को राहत दिलाने के लिए बिजली आपूर्ति बहाल करने की कवायद शुक्रवार को दिन भर होती रही। इससे काफी हद तक बिजली कर्मियों को सफलता मिली। इससे कुछ मोहल्लों में सुबह तो कुछ में दोपहर और कुछ रात तक आपूर्ति बहाल हो गई।

### शहर के प्रमुख मार्ग रहे बंद

शहर में सौजन्या तिराहा, डीसी रोड, बेहजम रोड पर प्राथमिक विद्यालय के पास, सीतापुर रोड पर गुरु नानक इंटर कॉलेज के पास, राजगढ़ में विधायक आवास के पास, राजापुर हाईवे, लालपुर बैरियर के पास बोर्ड गिरने के अलावा विद्युत तार व खंभे सड़क पर गिरने से लोगों का आवागमन बाधित रहा।

### विद्युत विभाग को लाखों की चपत

बृहस्पतिवार रात आए तूफान ने सबसे ज्यादा बिजली विभाग को क्षति दी है। तूफानी आफत से सैकड़ों की संख्या में जहां खंभे जमीन पर आ गए। तो वहीं पेड़ और इनकी बड़ी बड़ी डाल गिरने से तार टूट गए। ऐसे में बिजली विभाग के लोग दिन भर खंभों से लेकर लाइन दुरुस्त करने में लगे रहे। विभागीय लोग बताते हैं कि इस तूफान की वजह से विभाग को 50 लाख से अधिक की चपत लगी है।



आंधी से सड़क पर गिरा पेड़।



आंधी से सड़क पर गिरा बिजली का पोल और पेड़।

### रात चार घंटे जाम में फंसी रही रोडवेज बसें

बृहस्पतिवार रात आठ बजे के बाद आए तूफान से लखीमपुर से सिकंद्राबाद मार्ग पर एक दर्जन से अधिक पेड़ सड़क पर गिर गए। इससे वाहनों की जाम लग गई। इसमें रोडवेज बसों से लेकर तमाम कारों में परिवार के लोग परेशान होते रहे। रात करीब 12 बजे पेड कटने के बाद वाहनों का रफ्तार मिली। ऐसे में लखीमपुर डिपो की दिल्ली जाने वाली एसी बस जो गोला नौ बजे पहुंचती थी वह लखीमपुर से रात आठ बजे चलने के बाद डेढ़ बजे रात गोला पहुंची।

### जनरेटर से बहाल हुई पेयजल आपूर्ति

तूफान की वजह से शहर में तमाम बिजली के खंभे धराशायी हो गए। इससे शहर की बिजली आपूर्ति ठप हो गए। इससे शुक्रवार सुबह नगर में पेयजल आपूर्ति बेपटरी हो गई। शहरवासियों को पानी की किल्लत न हो इसके लिए पालिका प्रशासन ने आवास विकास पार्क सहित कई पंप पर जनरेटर लगवाकर पानी की आपूर्ति कराई।

### नई कॉलोनियों में हैंडपंप बने सहारा

नगरपालिका सीमा पर स्थित कौशल किशोर कॉलोनी में रहने वालों के लिए सरकारी हैंडपंप सहारा बने। रात से गायब बिजली के कारण समरसेबुल और मोटर खामोश रहे। ऐसे में दैनिक कार्य निपटाने के लिए कॉलोनीवासियों के लिए सरकारी नल सहारा बना। कॉलोनी में रहने वाले लोग पानी के लिए बॉल्टी लेकर नल पर मौजूद दिखे।

### लालपुर स्टेडियम: दीवार गिरी और टीन उड़ी

लालपुर स्टेडियम में तूफान की वजह से 150 मीटर लंबी दीवार ढ़ह गई। वहीं बैडमिंटन कोर्ट की छत पर पड़ी कई टीनें हवा में उड़कर गायब हो गई। इसके अलावा क्रिकेट और फुटबॉल गोल भी उड़कर काफी दूर जाकर गिरा। जिला क्रीडा अधिकारी सुनील कुमार भारती ने बताया कि आंधी की वजह से करीब आठ से दस लाख की क्षति होने का अनुमान है।

## सार-संक्षेप

### आंधी से ग्रामीण क्षेत्रों में जन-जीवन अस्त-व्यस्त



बिझौली में गिरा मुर्गी फार्म। अमृत विचार

**संवाददाता, बिझौली। अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के कई गांवों में गुरुवार देर शाम आई तेज आंधी पानी से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। कई पेड़ उखड़ गए तो कई गरीबों के छप्पर, टीन आंधी में उड़ गई। क्षेत्र के ग्राम रमुआपुर निवासी दुर्गेश कुमार ने बताया कि आंधी से घर पर पड़ी टीन उड़ गई गनीमत रही कि किसी के ऊपर नही गिरी। बिझौली निवासी सुनील कुमार का मुर्गी फार्म गिर गया जिसमें 300 चूजे दब कर मर गए। चिंतापुरवा, लोनिपुरवा, शहाबुद्दीनपुर, सौंठन, निपनिया, बरगदिया, बेहटा, बहारगंज सहित कई गांवों में तेज आंधी से सब्जी की खेती को भी क्षति हुई है। बिझौली गांव में बीच रोड पर नीम का पेड़ गिर जाने से घंटों अवागमन बाधित रहा। तेज आई आंधी की वजह से मेन लाइन के करीब 10 पोल टूट गए जिस वजह से सम्पूर्ण क्षेत्र की बिजली गुल हो गयी। जेई मिथिलेश यादव ने बताया कि युद्ध स्तर पर कार्य हो रहा है, जल्द ही बिजली सुचारू हो जाएगी। क्षेत्रवासियों से अपील है कि सहयोग बनाये रखे।

### खेत में गिरा खंभा, विद्युत आपूर्ति बाधित



गन्ने के खेत में ट्रांसफार्मर सहित गिरा बिजली का खंभा।

**संवाददाता, केशवापुर। अमृत विचार :** भीषण गर्मी से परेशान ग्रामीणों को गुरुवार की शाम आये एकाएक भीषण तूफान से खेत में ट्रांसफार्मर सहित बिजली पोल गिर जाने से विद्युतापूर्ति बाधित है। तूफान से क्षेत्र में काफी नुकसान हुआ है। सेमरई, सकेथू, सिसावां, घुग्घुलपुर, कोटवा, जलालपुर, खम्हौल, रजौरा, केशवापुर में कच्चे घरों की छतें तेज हवाओं में उड़ गई। आंधी से कई पेड़-पौधें उखड़ गए। कोटवा में एक पेड़ के प्राइवेट नलकूप के ऊपर गिरने से नलकूप सहित बिजली के खम्भे, ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्त हो गया। सेमरई के मजरा कोरैया में भी ट्रांसफार्मर सहित बिजली का खम्भा टूटकर गिर गया। सकेथू में गरीब महिला के घर की छत (टीन शेड) हवा में उड़ गई। किसानों ने इस तबाही से हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए सरकार से अनुदान राशि देने की मांग की है।

### दो पेड़ गिरने से मकान ध्वस्त, कार भी क्षतिग्रस्त

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** शहर में शास्त्रीनगर कॉलोनी में मकान के बाहर खड़ी कार पर बिजली का खंभा गिरने कार क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे काफी नुकसान हुआ है। थाना व कस्बा फरधान में रात करीब साढ़े आठ बजे आए तुफान के दौरान गांव निवासी कुलवंत सिंह के मकान पर दो भारी भरकम पेड़ गिर गए, जिससे उनका मकान ध्वस्त हो गया इस दौरान घर में चीख पुकार मच गई। किसी तरह परिवार के लोगों ने भाग कर जान बचाई। पेड़ के नीचे दबकर एक कार भी क्षतिग्रस्त हो गई।

### तबाही में गुल हुई बत्ती का असर, डीजल की बढ़ी मांग

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** तूफान की तबाही में आधे शहर की बिजली व्यवस्था चौपट होने से घरों की पानी की टंकियां खाली हो गई हैं। इसको लेकर कुछ धंधेबाजों ने नया धंधा शुरू कर दिया। गली-गली जनरेटर लेकर जा रहे हैं और दो सौ रुपये में पांच सौ लीटर की पानी की टंकी भर रहे हैं। इससे पेट्रोल पंप पर डीजल की डिमांड भी बढ़ गई है।

### डीएम-एसपी ने जिला जेल का किया निरीक्षण



जिला जेल में बंदी से बातचीत करते डीएम-एसपी। अमृत विचार

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहा के साथ जिला कारागार का निरीक्षण किया। अभिलेख आदि देखे और व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। डीएम ने जेल अधीक्षक पीडी सलौनिया को निर्देश दिए कि महिला के साथ ही पुरुष बंदियों व बीमार बंदियों को शासन की मंशा के अनुसार सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। बीमार बंदियों के इलाज में लापरवाही न बरती जाए। वृद्ध महिलाओं व बच्चों, बुजुर्ग आदि पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस दौरान जेलर हरबंश पांडेय भी मौजूद रहे।

### चौराहे पर स्टंट करना पड़ा महंगा

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** नगर के विकास चौराहे पर स्कूटी सवार युवक द्वारा स्टंट कर रील बनाने पर पुलिस ने युवक का 19 हजार का चालान काटकर उसकी स्कूटी को सीज कर दिया है। इन दिनों युवक और युवतियों को मोबाइल से रील बनाने का ऐसा शौका चढ़ा है कि वह अपनी और दूसरों की जान की परवाह भी नहीं कर रहे हैं। ऐसा ही एक नया नजारा नगर के विकास चौराहे पर सामने आया है। विकास चौराहे पर ही एक दुकानदार द्वारा अपनी दुकान से कुछ दूरी पर रात के समय स्कूटी को सड़क पर घुमाकर स्टंट कर रील बना रहा था। पीछे से एक डीसीएम भी आ रही है। स्टंट करने के कारण उसको डीसीएम रोकना पड़ा था। स्टंट कर रील बनाने के चलते पुलिस ने युवक पर 19 हजार रुपये का चालान काटकर स्कूटी को सीज कर दिया है।

### गौशाला में लगवाए गए वाटर कूलर

**संवाददाता, निघासन। अमृत विचार :** विकास खण्ड निघासन की ग्राम पंचायत रकेहटी देहात में संचालित अस्थाई गौवंश आश्रय स्थल रकेहटी में निराश्रित गौवंशीय पशुओं को गर्मी व लू से बचाव के लिए चार बड़े वाटर कूलर लगवाए गए हैं। इसके साथ ही गौशाला के अंदर से बाहर तक चारों तरफ ठंडा और ताजा पानी का भराव किया जा रहा है। खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह ने गौशाला का निरीक्षण किया। अन्य गौवंश आश्रय स्थलों पर भी वाटर कूलर लगवाने के लिए ग्राम पंचायत अधिकारियों को निर्देश दिए।

### शिविर में 87 बीमार पशुओं का इलाज

**संवाददाता, पलिया कलां। अमृत विचार :** एसएसबी समवाय सूंड़ा ने सौनहा में पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किया, जिसमें वाहिनी की पशु चिकित्सक डॉ. शालिनी परिहार ने नेपाल सीमावर्ती गांवों के 87 बीमार पशुओं का इलाज किया।

# आंधी से सड़क पर गिरे पेड़ व बिजली के खंभे

संवाददाता, बिलहरी।

**अमृत विचार :** तूफान ने कई घरों पर पड़ी कई टीने उखड़ गई। सड़क पर पेड़ और बिजली के खंभे गिरने से यातायात और बिजली आपूर्ति व्यवस्था बाधित रही, जिससे भीषण गर्मी में लोग बिलबिलाते रहे।

गोला सिकंदराबाद मार्ग पर ग्राम धुमराडीह में आंधी से पेड़ गिरने पर यातायात बाधित हो गया। पेड़ गिरने के चलते लंबा जाम लग गया, देर रात कई घंटों के बाद वनकार्मियों के पहुंचने पर पेड़ को काटकर रास्ते को खोला गया।



गोला सिकंद्राबाद मार्ग पर गिरा पेड़।

जिससे आवागमन संचालित किया गया। तेज आंधी से रोड के किनारे लगे बिजली के खम्भों सहित ट्रांसफार्मर भी गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया। समूचे क्षेत्र की बिजली गुल हो गई।

# गोला : तूफान से महिला समेत तीन की मौत

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।

**अमृत विचार:** बृहस्पतिवार शाम आई तेज आंधी तूफान से पक्की दीवार और पेड़ से दबकर एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को सीलकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के बाद गुरुवार शाम को तेज आंधी आने और हल्की बरसात होने से जहां एक ओर तापमान में गिरावट आई है वहीं आंधी, तूफान ने लोगों का काफी नुकसान भी कर दिया। घरों पर पड़े छप्पर, टीन उड़ गए। सड़कों पर पेड़ गिरने से यातायात बाधित हो गया।



फूलमती। अमृत विचार

बिजली खंभे झुक जाने से रात भर बिजली बाधित रही। ग्रामीण क्षेत्रों में दूसरे दिन शुक्रवार को भी बिजली आपूर्ति व्यवस्था सुचारु नहीं हो सकी। कुंभी ब्लाक की ग्राम पंचायत नगर सलेमपुर के मजरा फूलपुर में तेज आंधी के साथ बरसात होने से हरीसिंह पुत्र मंगल सिंह की 30 फुट पक्की दीवार गिर गई है। जिसमें हजारों का नुकसान हुआ है।

ममरी। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम इमलिया में तेज आंधी के समय विनोद कुमार (35) पुत्र तौलेराम अपने परिवार के साथ घर के बाहर पड़े छप्पर के नीचे बैठा था। घर के बाहर खड़ा नीम का पेड़ भरभराकर गिर गया, जिसमें दबकर विनोद कुमार की मौत हो गई है। विनोद की मौत से घर में कोहराम मच गया है।

दूसरी घटना में थाना क्षेत्र के ही गांव बेलवा में विकास वर्मा (32) आंधी आने के कारण घर के अंदर बैठे थे। पड़ोस की पक्की दीवार गिरने से विकास की दबकर मौके पर ही मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची हैदराबाद पुलिस ने दोनों शवों को सीलकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अलीगंज। कोतवाली गोला क्षेत्र की अलीगंज चौकी के अंतर्गत ग्राम पंचायत तेंदुआ के मजरा बिलासपुर में तेज आंधी तूफान से घर में बनी 10 फुट ऊंची पक्की दीवार पर दोनों तरफ से छप्पर पड़े थे। जो कि काफी तेज आंधी तूफान के चलते छप्पर खिसके और दीवार ऊपर गिर जाने से महिला फूलमती (70) पत्नी शिवराम की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को सीलकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। मृतक फूलमती के दो पुत्र अवधेश कुमार, राकेश कुमार, पुत्रवधू विनीता और शिवरानी का रो रोकर बुरा हाल है।

# ट्रेनों की थमी रफ्तार, परेशान हुए मुसाफिर

संवाददाता, लखीमपुर खीरी।

**अमृत विचार :** आंधी बारिश ने ट्रेनों की रफ्तार पर भी ब्रेक लगा दिया। आंधी-बारिश की वजह से रेलवे पटरी पर पेड़ गिरने से ट्रेनें एक दो नहीं बल्कि आठ से दस घंटे लेट रही। वहीं, लेट लतीफी का दौर दूसरे दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। तूफान के कारण मैलानी से शाम 06:40 पर डालीगंज के लिए जाने वाली पैसेंजर ट्रेन करीब छह घंटे मैलानी जंक्शन पर ही खड़ी रही। रात 12:14 मिनट पर मैलानी से रवाना होकर सुबह 05:22 पर लखीमपुर आई। इससे तमाम यात्री अपने घर लौट गए।

बृहस्पतिवार रात आंधी आने से बांकेगंज मैलानी के बीच रेलवे पटरी पर पेड़ गिर गया। इससे मैलानी से गोरखपुर जाने वाली गोमती एक्सप्रेस ट्रेन लखीमपुर स्टेशन पर अपने निर्धारित समय 06:58 की जगह रात

▸▸ लेट लतीफ होने की वजह से कई यात्री लौट गए घर



लखीमपुर रेलवे स्टेशन पर मैलानी जाने के लिए खड़ी पैसेंजर ट्रेन।

01:23 पर पहुंची। वहीं रात में मैलानी से लखनऊ जाने वाली पैसेंजर ट्रेन लखीमुपर स्टेशन पर निर्धारित समय 08:34 की बजाय शुक्रवार सुबह 05:22 पर पहुंची। इसी तरह शुक्रवार को भी मैलानी से डालीगंज जाने वाली पैसेंजटर ट्रेन निर्धारित समय 06:14 की बजाय लखीमपुर स्टेशन पर 07:42 पर पहुंची। इसी तरह कई ट्रेनें की आवागमन प्रभावित हुई।

### शुक्रवार को फिर तेज निकली धूप ने लोगों को तपाया

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** बृहस्पतिवार रात करीब आठ बजे मौसम का मिजाज बदलने से हुई बरसात ने लोगों को भीषण गर्मी से राहत दिलाई। मगर, शुक्रवार को फिर से निकली तेज धूप ने लोगों को बेहाल करके रख दिया, क्योंकि बृहस्पतिवार रात मौसम के करवट बदलने से लोगों को सिर्फ रात में ही गर्मी से राहत मिली, लेकिन शुक्रवार सुबह निकली तेज धूप ने फिर से लोगों को तपाना शुरू कर दिया। बारिश की वजह से जिले के तमाम हिस्सों में बिजली गुल रही। उधर, तेज धूप और गर्म हवाएं तन बदन झुलसाती रहीं। गर्म हवाओं के थपेड़ों और चिलचिलाती धूप ने जिंदगी की रफ्तार रोक दी। लोग पसीने से तर-बतर होकर सूरज की तपिश से बेहाल हो उठे। सूर्य भगवान ने रौद्र रूप धारण कर दिन भर लोगों को तताया। तेज धूप से बचने के लिए लोग छाता एवं गमछे से चेहरे को बचाते दिखे। इससे शुक्रवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ। इससे लोग शुक्रवार को बिजली कटौती के बीच उमस भरी गर्मी से दिन भर परेशान होते रहे।

### शाइन बोर्ड न उठने से परेशान हुए मुसाफिर

तूफान की चपेट में आने से लालपुर बैरियर पर लगा पंडित दीनदयाल उपाध्याय का भारी भरकम शाइन बोर्ड गिर गया। इससे रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया। लोगों को उम्मीद थी कि दोपहर तक इसको हटा दिए जाने से आम लोगों का आना जाना सुगम हो जाएगा। मगर, उदासीन जिम्मेदारों ने बोर्ड को हटवाना जरूरी नहीं समझा, जिस वजह से शुक्रवार रात तक बोर्ड न उठने से लोग आवागमन करने में परेशान होते रहे।

## रजागंज में कई लोग घायल

**संवाददाता, रजागंज, अमृत विचार :** सदर तहसील क्षेत्र के गांव मुर्तिहा निवासी मोनू खां का आंधी में फूस का बना छप्पर गिर गया। इस दौरान उसे भी चोट लग गई। गांव रहमतनगर में घर की दीवार गिरने से रूपवती (60) का पैर व गांव करनपुर में बब्लू की पत्नी प्रेमवती का हाथ टूट गया। लोनिपुरवा में ज्ञानू के मकान पर पीपल का पेड़ गिर गया, जिससे उसका पूरा मकान गिर गया। ज्ञानू को भी चोटें आई हैं। मुर्तिहा निवासी हीरा लाल की टिन सेट, रामेश्वर दयाल के घर पर नीम पेड़ गिरने से पक्की दीवार, फूलबेहड़ में शिवपाल विटोला देवी, लवकुश की टिन शेड उड़ गए। करनपुर में प्रमोद के मकान पेड़ गिरने से ढह गया। बिजली खंभे व पेड़ गांव की मेन सड़कों पर गिरने से घंटो आवागमन बंद रहा, जिससे घायलों को अस्पताल पहुंचाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उधर, प्राथमिक विद्यालय, कोरैय्या मुफरत की चहारदीवारी पर यूकेलिप्टस का पेड़ गिरने से दीवार क्षतिग्रस्त हो गई।



तूफान के दौरान गांव कोरैय्या मुफरत के प्राथमिक स्कूल की चहारदीवारी पर गिरा पेड़।

### दीवार के सहारे बंधी पड़िया खोलने गया था बुजुर्ग

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** आंधी-तुफान में गिरी दीवार के मलवे के नीचे दबकर गांव लोनिपुरवा निवासी बुजुर्ग की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लेखपाल कमाल अहमद भी मौके पर पहुंचे और परिजनों को आपदा राहत के तहत आर्थिक सहायता दिलाने का भरोसा दिया।

**जागरुकता** | जिला अस्पताल परिसर में हुई जागरूकता गोष्ठी, सीएमएस ने तंबाकू से दूर रहने की दिलाई शपथ

# मुख कैंसर का प्रमुख कारण है तंबाकू उत्पाद का सेवन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जिला अस्पताल में गोष्ठी हुई। इस बार इसकी थीम बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना रही। इसके बाद मौजूद लोगों को तंबाकू उत्पाद छोड़ने और इसके प्रति लोगों को जागरूक करने की शपथ दिलाई गई।

सीएमएस डॉ. आरके कोली ने बताया कि पूरे विश्व में करीब एक करोड़ और अपने देश में करीब 14 से 15 लाख लोगों की मौत तंबाकू उत्पादों का सेवन करने से हर साल हो रही है। इसके सेवन से गंभीर बीमारियां हो रही हैं, जिसमें कैंसर प्रमुख है। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि तम्बाकू आदि शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम करते हैं, जिससे शरीर बीमार जल्दी होता है। कहा कि युवाओं को नशे से बचाने के लिए जुर्माना व कारावास तक का प्राविधान है। सार्वजनिक जगह पर तंबाकू का उपयोग करने पर 200 रुपये का जुर्माना है। मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. आर्य देश दीपक ने मौजूद डॉक्टर एवं कर्मचारियों को तंबाकू उत्पादों का सेवन न करने की शपथ दिलाई। मनोचिकित्सक डॉ. अखिलेश शुक्ला ने बताया कि तम्बाकू छोड़ने के लिए अस्पताल में दवायें उपलब्ध हैं। एसीएमओ डॉ. एसपी मिश्रा, डॉ. शिखर वाजपेयी डॉ. मनोज शर्मा, डॉ. कर्मवीर ने जनजागरूकता के लिए लोगों का आहवान किया। मेट्रन रजनी मसीह, विजय वर्मा, डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ. रविन्द्र, डॉ. अर्पित वर्मा, डॉ. हर्ष देव भारती, देव नंदन श्रीवास्तव, अतुल पांडेय, पंकज शुक्ला, विवेक मित्तल, फार्मासिस्ट अमरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।



विश्व तंबाकू निषेध पर हुई गोष्ठी में बोलते मनोचिकित्सक डॉ. अखिलेश शुक्ला।

### अधीक्षक ने तंबाकू सेवन न करने की दिलाई शपथ

**संवाददाता, पलिया कलां। अमृत विचार :** सीएचसी पलिया में अधीक्षक डॉ. भरत सिंह ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर आयोजित गोष्ठी में स्टाफ व मौजूद मरीज और उनके तीमारदारों को तंबाकू उत्पादों का सेवन न करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. अजीत सिंह, काउंसलर अंकित सिंह ने तंबाकू और उससे बने उत्पादों से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देकर इनका सेवन करने की शपथ दिलाई। डॉ. नितिन कुमार, डॉ. रामकिशोर, डॉ. सुभाष राणा, डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव, अभिषेक शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# अधीक्षक ने राजकीय छात्रावास में जड़ा ताला, छात्रों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** छाउछ स्थित राजकीय छात्रावास में अधीक्षक ने शुक्रवार को ताला जड़ दिया। इससे छात्राओं में आक्रोश पनप गया। छात्र परिसर में ही प्रदर्शन करने लगे। अधीक्षक का कहना है कि नियमानुसार 30 मई तक छात्र इसमें रह सकते हैं, जिसकी नोटिस तक चस्पा करा दी थी। हालांकि छात्रों ने पेपर होना बताया है, इसलिए छह जून तक उनको रहने की अनुमति दी गई है।

राजकीय अनुसूचित जाति का छात्रावास बेहजम रोड पर है। इसमें करीब 25 से 30 छात्र रहकर पढ़ाई करते हैं। मगर, शुक्रवार को अधीक्षक ने उसमें ताला डलवा दिया। जिसका छात्रों ने विरोध करना शुरू कर दिया। छात्रों ने बताया कि अभी पेपर होने हैं, इसके बारे में बताने के बावजूद अधीक्षक ने छात्रावास में ताला लगाकर कहा कि कहीं जाकर रहो। छात्रावास अधीक्षक सौरभ कुमार ने बताया कि छात्रावास में रहने का नियम 30 मई तक ही है। इसके लिए कई दिन पहले इसको बंद करने संबंधी नोटिस भी चस्पा करवा दी थी। ताला लगने के बाद छात्रों ने पेपर होने की जानकारी दी है।



छाउछ स्थित छात्रावास के बाहर प्रदर्शन करते छात्र। अमृत विचार

# पिकअप की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत

## हादसे में दो लोग घायल, मौत की सूचना पर परिवार में मचा कोहराम

संवाददाता, उचौलिया



मृतक के घर पर उपस्थित ग्रामीण व परिवार के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार:** लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर उचौलिया और जेबी गंज के बीच मोहिउद्दीनपुर चौराहे पर एक पिकअप ने ई-रिक्शा में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में ई रिक्शा चालक व उसमें सवार दो यात्री घायल हो गए। घायल रिक्शा चालक की बरेली ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।



देवेश उर्फ रिंकू (फाइल फोटो)

सीतापुर की तरफ से तेज रफ्तार जा रही पिकअप ने ई-रिक्शा में पीछे से टक्कर मार दी। इससे रिक्शा पलट गया। चालक देवेश उर्फ पिंकू (30) पुत्र अशर्फीलाल निवासी कोटरा, रिक्शा पर बैठे अमर सिंह पुत्र छविनाथ निवासी कोटरा व आयशा पुत्री यासीन निवासी अन्तरवारी थाना उचौलिया घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल रिक्शा चालक देवेश को एम्बुलेंस से शाहजहांपुर भेजा गया, जहां से उसे बरेली रेफर कर दिया गया। बरेली ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही उसके परिवार में मातम पसर गया। रिक्शा पर बैठी आयशा की बहन मायदा सुरक्षित रही। पिकप चालक मौके से फरार हो गया, जबकि पिकअप हेल्पर मनोज को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लेकर हेल्पर को हिरासत में लिया है।

## ड्राइवर कंडक्टर ने ट्रक चालक को पीटा

**गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचारः** नगर के मोहम्मदी रोड बाईपास पर चलती बस में पीछे से ट्रक टच हो जाने पर बस के ड्राइवर और कंडक्टर ने ट्रक चालक की पिटाई कर दी। उसका मोबाइल और 48 हजार रुपये निकाल लिए। ट्रक चालक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बरेली जिले की तहसील बहेड़ी के

ग्राम जोखनपुर निवासी ट्रक चालक मोहम्मद नसीम पुत्र मुख्त्यार अहमद ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर दो बजे उसका ट्रक अनियंत्रित हो गया। उसके ब्रेक लेने के बाद भी आगे चल रही बस के पीछे हल्की सी ट्रक की टक्कर लग गई। जिस पर बस ड्राइवर और कंडक्टर ने उसकी पिटाई कर मोबाइल और जेब में रखे 48 हजार रुपये छीन ले और चले गए। ट्रक ड्राइवर ने बस चालक और परिचालक पर रिपोर्ट दर्ज कर उसका फोन और रुपये वापस दिलाने की मांग की है।

# दो घरों से नकदी समेत लाखों के जेवर चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ एक ही रात हुई वारदात से गांव में दहशत का माहौल

**अमृत विचारः** शहर से सटे गांव छाउछ के दो घरों में गुरुवार की रात चोरों ने धावा बोल दिया। दस हजार रुपये की नकदी और लाखों के जेवर चोरी कर भाग निकले। मौके पर पहुंची एलआरपी चौकी पुलिस ने जांच की, लेकिन तहरीर मिलने के बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

गांव छाउछ निवासी धीरू वर्मा के परिवार के लोग गुरुवार की रात घर के बाहर सो रहे थे। रात किसी समय चोरों ने उनके घर पर धावा बोल दिया। चोर घर से 10 हजार की नगदी समेत लाखों के जेवर उठा ले गए। किसी को घटना की भनक तक नहीं लगी। उन्होंने बताया कि चोर पांच मोहर सोने की, 250 ग्राम चांदी, 2 सोने की अंगूठी, चांदी के 6 सिक्के आदि जेवर चोरी कर ले गए। वहीं, चोरों ने पास के ही रहने वाले अंकुर मिश्रा के घर को भी निशाना



घर में चोरी के बाद खुली अलमारी।

बनाया। चोरों ने मकान में किराए पर रहने वाले व्यापारी राजू वर्मा के घर से 1.55 लाख रुपये की नगदी, सोने की चेन, झाले, चांदी की पायल 4, कुंडल और मंगल सूत्र उठे ले गए है। यहां भी रात में किसी को घटना की भनक तक नहीं लगी।

## सार-संक्षेप

### दो एसआई समेत तीन पुलिसकर्मी सेवानिवृत, एसपी ने दी विदाई



एसपी के साथ मौजूद सेवानिवृत पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** पुलिस विभाग के दो एसआई व एक आरक्षी शुक्रवार को सेवानिवृत हो गए। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने सेवानिवृत एसआई रवि प्रकाश सिंह, महेन्द्र राम और आरक्षी आरमोरर मोहम्मद अनीश को फूलमालाएं पहनाई। अंग वस्त्र ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया। उपहार व स्मृति चिह्न देकर सभी को विदा किया। एस दौरान एएसपी पूर्वी पवन गौतम समेत कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### अधेड़ की संदिग्ध हालत में मौत

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** गुरुवार को अलीगंज रोड स्थित मेला मैदान गेट नम्बर तीन पर अचानक गिरकर अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई हैं। परिवार वालों ने बिना पोस्टमार्टम कराए शव का अंतिम संस्कारं कर दिया है। अलीगंज रोड पर मेला मैदान के गेट नंबर तीन पर दुकान के सामने अधेड गिर गया, उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। अधेड़ को पड़ा देख तमाम दुकानदार मौके पर पहुंच गए। पड़ोस के दुकानदार साहब सिंह ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर कस्बा इंचार्ज सुनील सिंह मौके पर पहुंचे। परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। मृतक के चाचा का कहना है कि परवेज (42) पुत्र जमशेर निवासी भुड़वारा गुरुवार को परिवार वालो को बिना बताएं गांव से चला आया। उसका दिमागी संतुलन भी सही नहीं था। अनुमान लगाया जा रहा है कि उसकी गर्मी के प्रकोप से मृत्यु हुई है। पुलिस के कहने पर भी परिजनों ने एंबुलेंस को मना कर दिया और वह शव को अपने निजी वाहन से अपने ग्राम भुड़वारा ले गए, जहां अंतिम संस्कारं कर दिया गया।

### गन्ने के खेत में महिला का शव बरामद

**संवाददाता, मितौली। अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम अमानतपुर के पास एक महिला का शव गन्ने के खेत में संदिग्ध हालात में पड़ा बरामद हुआ है। इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एसाई परितोष पांडेय ने बताया कि महिला दो दिनों से गांव में घूमते देखी गई है। लोग उसे मानसिक रोगी बता रहे हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। शव की पहचान कराने की कोशिश की जा रही है।

### लखीमपुर दवा लेने गया युवक हुआ लापता

**संवाददाता, धौरहरा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के सुल्तानापुर मजरा दरिगापुर निवासी कढिले कोरी का 17 वर्षीय पुत्र विपिन अपने चाचा रामाधार के साथ लखीमपुर दवा लेने गुरुवार की सुबह गया था। वह करीब 11 बजे लखीमपुर से कहीं लापता हो गया ।विपिन की काफी खोजबीन की गई, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। इससे परिजनों का रो-रो कर हाल बेहाल है। पीड़ित पिता ने खमरिया पुलिस को तहरीर देकर विपिन की तलाश करने की मांग की है।

### मितौली में नेत्र शिविर का हुआ आयोजन

**संवाददाता, मितौली, अमृत विचार :** कस्बे के एक हॉस्पिटल में शुक्रवार को सीतापुर आंख अस्पताल की और से एक नि :शुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 275 मरीजो ने अपनी आंखों की जांच कराई। जिसमें से 25 मरीजों को बस से ऑपरेशन करने के लिए सीतापुर आंख अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल संरक्षक प्रदीप शुक्ला, डॉ. प्रशांत शुक्ला के सहयोग से शिविर सम्पन्न हुई। शिविर में डॉ. प्राची शुक्ला, डॉ. असिम्ता रस्तोगी, रंजना मिश्रा, विजेंद्र सिंह, कोमल, रश्मी यादव आदि रहे।



हॉस्पिटल में लगे नेत्र शिविर में मरीजों की जांच करतीं डॉक्टर। अमृत विचार

### सिलाई प्रशिक्षण शिविर के समापन पर प्रमाण पत्र वितरित



आरसेटी में शिविर समापन पर प्रमाण पत्र के साथ मौजूद युवतियां।

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** इंडियन बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में शुक्रवार को सिलाई प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। 30 दिवसीय आवासीय सिलाई प्रशिक्षण शिविर में 30 महिलाओं का सिलाई के तहत सामान्य कटिंग, डिजाइनर कटिंग आदि के बारे में ट्रेनरों ने विस्तार से बताया। संस्था निदेशक राकेश कुमार ने प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी महिलाओं से कहा कि सिलाई प्रशिक्षण से घर में ही काम शुरू किया जा सकता है। अपनी आर्थिक उन्नति करने के साथ आस पास की महिलाओं और युवतियों को भी रोजगार दे सकते हैं। संस्थान निदेशक ने सभी महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर शुभकामनाएं दीं। संस्था सदस्य अंकित श्रीवास्तव, ओवेश, प्रमोद त्रिपाठी व प्रशिक्षिका रोली मौजूद रहीं।

# पशु व्यापारी पर फायरिंग की तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** गोला अलीगंज रोड पर दिनदहाड़े बाइक सवार तीन युवकों ने दूसरी बाइक पर जा रहे पशु व्यापारियों पर फायर करने के मामले में पुलिस तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। घायल को जिला अस्पताल के बाद लखनऊ भेजा गया है। वहां भी उसकी हालत खतरे में बताई गई है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भुड़वारा निवासी इसराइल पुत्र इद्दा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि रजीउल्ला पुत्र सनाउल्ला और उनके साथी रजीउल्ला पुत्र नबीउल्ला, मुजम्मिल पुत्र इजराइल जानवरों की खरीद बिक्री का धंधा करते हैं। उनका कहना है कि वह गुरुवार दोपहर बड़ी नहर में नहाने के बाद बाइक से लौट रहे थे। रजीउल्ला बाइक पर पीछे बैठा था। जब वह गोला अलीगंज रोड पर जंगल के पास अमरपाल ईंट भट्ठे के निकट पहुंचे तो तीन अज्ञात व्यक्तियों ने जान से मारने की नीयत से रजीउल्ला पर फायर कर दिया। वह लोग समझे कि बाइक का टायर फट गया है, लेकिन रजीउल्ला के गोली लगने से उसकी हालत बिगड़ गई। घायल रजीउल्ला को तत्काल सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# महिला से छेड़छाड़, शोर पर दबाया मुंह

▸▸ आरोपी के खिलाफ पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

संवाददाता, धौरहरा

**अमृत विचारः** कोतवाली धौरहरा क्षेत्र में आधी रात घर में घुसे एक युवक ने चारपाई पर सो रही महिला को दबोच लिया और उससे छेड़छाड़ करने लगा। महिला के शोर मचाने पर उसका मुंह दबा दिया, जिससे उसके चेहरे पर नाखूनों के निशान बन गए। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है। वह रात घर पर अकेली थी और बरामदे में सो रही थी। तभी रात करीब 12 बजे गांव का ही बडकन घर में घुस आया। उसे चारपाई दबोच लिया और छेड़छाड़ करने लगा। उसने विरोध करते हुए जब शोर शराबा किया तो आरोपी ने उसका मुंह दबा दिया, जिससे पीड़ित महिला के चेहरे पर नाखून के निशान लग गए। शोर शराबा सुनकर आस-पडोस के लोग पहुंच गए। इस पर आरोपी धमकी देते हुए भाग निकला। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### घर में घुसकर युवती से दुष्कर्म का प्रयास

**संवाददाता, निघासन, अमृत विचार :** थाना पढुआ क्षेत्र में एक युवक युवती को अकेला देखकर उसके घर में घुस गया। उसे दबोचकर दुष्कर्म करने की कोशिश की। युवती के चीख पुकार करने पर युवक ने उसके साथ मारपीट की और धमकी देते हुए भाग निकला। पुलिस ने युवती की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज की है। 21 वर्षीय युवती ने बताया कि उसके पिता दिहाड़ी मजदूर हैं, जो वर्तमान समय में दिल्ली में रहकर मजदूरी करते हैं। वह घर पर अकेली रहती है। इसी का फायदा उठाकर बुधवार की रात करीब एक बजे पड़ोसी इकालामुद्दीन उर्फ बड्ढे खां घर में घुस आया। छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म की कोशिश की। विरोध करने पर मारपीट भी की। शोर शराबा करने पर आरोपी धमकी देकर भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक हरिकेश राय ने बताया कि युवती की तहरीर पर छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### पोस्टमार्टम के बाद लाया गया शव तो मचा कोहराम

**निघासन।** थाना फूलबेहड़ क्षेत्र में अंदेशनगर के पास कार पर पेड़ गिरने से मारे गए घनश्याम गिरि का शव पोस्टमार्टम के बाद जब गांव पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। अपने परिवार के साथ कार में सवार होकर मालपुर रिश्तेदारी से घर वापस आते वक्त हादसा हुआ। इसी बीच आई तेज आंधी में पेड़ उनकी कार पर गिर गया था। मृतक घनश्याम गिरि की मौत से उनके परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### बालाजी का सजा दरबार

संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला काकूपुरियान में मुन्ना मिश्रा के अहाते में गुरुवार रात से बालाजी का सुगंधित पुष्पों से सुंदर दरबार सजा। देर रात तक कीर्तन-भजन हुए। मोहल्ला बाजार में सुंदरकांड समाज सेवा मंडल के सेवादारों ने सुंदर पाठ पाठ का आयोजन किया। गांव मटहिया में भगवती प्रसाद के आवास पर कई दिन से चल रही भागवत का समापन हुआ। हवन- पूजन -भंडारा हुआ।



सीएचसी में शपथ लेते डॉक्टर। अमृत विचार

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर सीएचसी में किया जागरूक

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** तंबाकू उत्पादकों के हस्तक्षेप से बच्चों के बचाव थीम पर सीएचसी में जन जागरूकता के तहत शपथ दिलाई। इससे होने वाले नुकसान से अवगत कराया गया। कहा गया कि घर में तंबाकू पदार्थ का सेवन करते समय बच्चों से किसी भी तंबाकू उत्पाद को न मंगाएं।

प्रत्येक दिन तंबाकू के सेवन के समय के अंतराल को बढ़ाते रहें और धीरे-धीरे इसे छोड़ने का प्रयास करें। सीएचसी अधीक्षक डॉ गणेश कुमार, डॉ अजय कुमार वर्मा, डॉ यामिनी बादल, डॉ अशोक सिंह, डॉ आकांक्षा वर्मा, डॉ देवराज वर्मा आदि मौजूद रहे।

# तबेले में लगी आग से 19 मवेशी जिंदा जले

▸▸ पशुपालकों ने रंजिशन आग लगाने का लगाया आरोप, दी तहरीर

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचारः** शारदा नदी के किनारे पशुपालकों के तबेलों में अज्ञात कारणों के चलते भीषण आग लग गई, जिससे उसमें बंधे 19 पड्डे व पड़िया की जलकर मौत हो गई। इसके अलावा हजारों रुपये का अन्य सामान भी जलकर स्वाहा हो गया। पशु मालिकों ने दो लोगों पर रंजिशन आग लगाने का आरोप लगाया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना भीरा पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

गांव बड़ा पतवारा निवासी संदीप, गांव चौरी कलां निवासी इंद्रपाल व ध्यान सिंह आदि ने बताया कि उनके थाना भीरा क्षेत्र के गांव शाहपुर में शारदा नदी के किनारे तबेले हैं। जिनमें वे अपनी भैंसों के करीब 28 पड्डे-पड़िया छोड़कर भैंसों को कुछ दूर स्थित जंगल में चराने गए थे। आरोप है कि आरोपियों ने रंजिशन तबेले में आग लगा दी। जिससे तबेले में मौजूद संदीप के 06, मनदीप के 04, ध्यान सिंह के 03, इंद्रपाल के 04 व दीपू के 02 पड्डे- पड़िया आग में जलकर मर गए। अन्य आग से झुलस गए। उन्होंने दो आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। थानाध्यक्ष भीरा पंकज त्रिपाठी ने बताया कि घटना की सूचना 112 नंबर की गाड़ी को दी गई थी। उन्हें अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### वजीरपुर गांव में लगी आग से तीन घर जले, एक महिला झुलसी

**संवाददाता, मितौली। अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के वजीरपुर के एक घर में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई, जिसमें तीन घर जल गए है और एक महिला झुलस गई है। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निकांड में घरों में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। शुक्रवार को ग्राम पंचायत मुरासा के मजरा वजीरपुर में दोपहर अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। जिसमें आशाराम, राजेंद्र प्रसाद व दिनेश के घरों में रखा सामान जल कर राख हो गया। जैसे तैसे ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। आशाराम के घर में रखे पांच क्विंटल गेहूं, कपड़े, पायल, ग्यारह हजार रुपए की नगदी, एक बैटरी, साइकिल सहित घर का सारा सामान जल कर राख हो गया। अपना आशियाना जलते देख घर में रखे समान को बचाने के चक्कर में आशाराम की पत्नी रामगुनी काफी झुलस गई। राजेंद्र और दिनेश के घरों में रखा सामान व मोबाइल जलकर राख हो गया। आग में घायल महिला को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।



वजीरपुर गांव में लगी आग से जलता घर। अमृत विचार

# सूखा पड़ा रजबहा, किसान नहीं कर पा रहे सिंचाई

संवाददाता, भीरा

**अमृत विचार :** अलीगंज मुख्य नहर से निकला रजबहा सूखा पड़ा होने से क्षेत्र के सैकड़ों किसान सूख रही खेतों में खड़ी फसल की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। वह महंगा डीजल खरीदकर फसल की सिंचाई करने के लिए मजबूर हैं। इससे किसानों में भारी रोष है। भीरा-लखीमपुर मार्ग के निकट से करीब 10 किलोमीटर लंबा राजपुर नाम क रजबहा की करीब एक साल से साफ-सफाई नहीं हुई है। इस कारण रजबहा में बड़ी-बड़ी घास, झाड़-झंखाड़ उगी खड़ी है। साथ ही सिल्ट भी काफी मात्रा में जमा है। इस रजबहा में पानी नहीं आने से ग्राम जगनपूर् बासिकल टांडा, तेला टांडा, चूरा टांडा, राजपुर सहित तमाम गांवों के खासतौर पर लघु सीमांत किसान सिंचाई खेतों में खड़ी गन्ने आदि की फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। तेज धूप के कारण फसलें पानी के अभाव में खेतों में खड़ी झुलस रही हैं। इससे किसानों में विभाग के प्रति काफी रोष है। किसान नेकीराम, पवन कुमार, जसकरण सिंह, विमल कुमार, देवेंद्र कुमार आदि का कहना है इसकी शिकायत कहां करें। क्योंकि इसके जूनियर इंजीनियर अपने मुख्यालय भीरा की जगह जनपद मुख्यालय लखीमपुर पर निवास करते हैं। सिंचाई सुविधा से वंचित किसानों ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह से नहर में पानी की व्यवस्था कराने की मांग की है।



झाड़ी-झंखाड़ व बालू से पटा पड़ा राजपुर रजबहा। अमृत विचार

# देश हित में समय दे बजरंग दल कार्यकर्ता

▸▸ शौर्य प्रशिक्षण शिविर में बजरंगियों को किया प्रेरित

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** बजरंग दल के प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के सातवें दिन पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रांत मंत्री देवेंद्र ने बजरंग दल कार्यकर्ताओं को बैठकों का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि लोग हिंदुओ पर गलत टिप्पणी कर रहे हैं। समाज उनको स्वयं प्रतिकार कर जवाब देना सीख गया है।

बजरंगदल कार्यकर्ता जहां रहे देश हित में अपना समय अवश्य दे, क्योंकि हिंदू सुरक्षित होगा तभी देश सुरक्षित रहेगा। जहां हिंदू घाटा वहीं देश बंटा। इसलिए हिंदुओ की सुरक्षा में ही देश का हित है। केंद्र सरकार बंगलादेशी घुसपैठियों को वापस भेजे साथ ही जनसंख्या नियंत्रण बिल लागू करे। उन्होंने कहा कि बजरंग दल कार्यकर्ता घुसपैठियों की लिस्ट बनाते रहे, एक न दिन उन्हें वापस जाना होगा। प्रांत संयोजक महेश तिवारी, आचार्य संजय मिश्रा, आदित्य त्रिपाठी, भारती अग्रवाल, उमाशंकर मिश्र, पूरन सिंह, प्रदीप मिश्रा, अनुज सिंह भदौरिया, आनंद दीक्षित आदि मौजूद रहे।



प्रशिक्षण शिविर में बजरंगियों को प्रेरित करते प्रांत मंत्री। अमृत विचार

केन ग्रोअर्स नेहरू पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज
गोला गोकर्णनाथ-खीरी

**आवश्यकता है**

यूजीसी / लखनऊ विश्वविद्यालय के मानदंडों के अनुसार योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों से स्ववित्तपोषित योजना [एम.ए. (राजनीति विज्ञान)] के अन्तर्गत सहायक आचार्य के 02 पद के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। रिक्तियों की सख्या घट या बढ़ सकती है। महाविद्यालय प्रशासन को किसी भी स्तर पर इस विज्ञापन को आंशिक या पूर्ण रूप से रद्द करने या रोकने का अधिकार है। **आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून, 2024 शुल्क रु0 : 500/-**

अधिक जानकारी महाविद्यालय की बेवसाइट: www.cgncollege.com पर उपलब्ध है।

प्रबन्धक/प्राचार्य

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ

**वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय**

**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

**बी.एस.सी. नर्सिंग**

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

**जी.एन.एम.**

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

**ए.एन.एम.**

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

**वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल**

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरा हाई स्कूल अंक पत्र जिसका अनुक्रमांक 2725645 वर्ष 2020 यूपी बोर्ड वास्तव में कहीं खो गया है। **प्रीति यादव पुत्री रमेश यादव निवासी एलो पोस्ट एलो पयागपुर बहराइच**

**सूचना**

मेरा हाई स्कूल अंक पत्र जिसका अनुक्रमांक 2725615 वर्ष 2020 यूपी बोर्ड वास्तव में कहीं खो गया है। **लक्ष्मी यादव पुत्री रमेश यादव निवासी एलो पोस्ट एलो पयागपुर बहराइच।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा बीएड वर्ष 2006 रोल नं0 6311089 का अंकपत्र कहीं गिर गया है। **सुनीता पुत्री मुलायम सिंह पता- नगला विहारी, पोस्ट सलेमपुर सौरिख, कन्नौज**

**शीघ्र चाहिए**

कोठी, बंगला, अपार्टमेंट, फार्म हाउस के लिए नौकर-नौकरानी, आया, मैड, सर्वेंट, ड्राइवर, चौकीदार, कुक, बेबीकेयर, पेशेंट केयर, वेतन 11000 से 15000 रहना-खाना मेडिकल फ्री ड्यूटी दिल्ली पंजाब महाराष्ट्र, गुजरात नोएडा गाजियाबाद लखनऊ कानपुर मिले अपने आधार कार्ड फोटो के साथ **105 दुर्गा मां टावर लालबाग लखनऊ, मो0- 8896030769 / 9554377000**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम सच्चिदानंद पाठक पुत्र आदित्य प्रसाद पाठक निवासी गायत्रीपुरम सिविल लाइन्स, गोंडा, उत्तरप्रदेश 271001 है। मेरे आधार में मेरा नाम सच्चिदानंद पाठक और शैक्षिक अभिलेख में मेरा नाम सच्चिदानंद है। सच्चिदानंद व सच्चिदानंद पाठक दोनों एक ही व्यक्ति हैं और भविष्य में मुझे सच्चिदानंद पाठक के नाम से जाना पहचाना जाए।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र आकर्ष कुमार के विद्यालय दस्तावेजों में उसका नाम त्रुटिवश आकर्ष कुमार मौर्या एवं मेरा नाम प्रेम नारायण मौर्या दर्ज हो गया है जो गलत है। जबकि मेरे पुत्र का सही नाम आकर्ष कुमार तथा मेरा सही नाम प्रेम नारायण है जो कि मेरे व मेरे पुत्र के आधार कार्ड पर भी दर्ज है। अतः मेरे पुत्र के विद्यालय दस्तावेजों में उसका व मेरा सही नाम दर्ज किया जाये। **प्रेम नारायण पुत्र भगौती प्रसाद निवासी ग्राम परसेहरा खुर्द पोस्ट मजलिसपुर थाना खैराबाद तहसील व जिला सीतापुर।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरे माता जी शशिबाला यादव पत्नी स्व. श्याम नारायण यादव के नाम एक प्लाट के बैनामा स्टाम्प जो की सब रजिस्ट्रार कार्यालय सदर बलरामपुर मे बही संख्या 1 जिल्द संख्या 810 पृष्ठ संख्या 130 से 131 पर क्रमांक 1285 दिनांक 26.07.1971 पर दर्ज है, जो कि कहीं खो गया है। **अनुराग यादव पुत्र स्व. श्याम नारायण यादव, मो. तुलसीपार्क, तहसील व जनपद बलरामपुर**

## एक नजर

### दो मिनट का मौन रख मृतात्मा को दी श्रद्धांजलि

**औरास।** कस्बा स्थित राष्ट्रीय इंटर कॉलेज प्रांगण में स्टाफ, प्रबंधक पांडे, उपाध्यक्ष शिवमोहन सिंह व कोषाध्यक्ष मुन्नीलाल द्विवेदी ने कॉलेज के प्रबंध समिति के पूर्व उपाध्यक्ष, संस्कार भारती के संस्थापक व डीएसएन डिग्री कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य रहे देवेंद्र श्रीवास्तव के निधन पर शोकसभा कर दो मिनट का मौन रख उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामजी गुप्ता, प्रधानाचार्य राम शंकर अवस्थी, शिक्षक बृजेश त्रिपाठी, सुधीर, चारु चंद्र द्विवेदी, अभिषेक तिवारी, विनय मिश्रा, राजेंद्र आदि उपस्थित रहे।

### भंडारे का प्रसाद चखकर की बाबा की जयकार

**औरास।** सात दिवसीय श्रीमद्भागवत के समापन के पूर्व पूर्ण आहुति व भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे का प्रसाद पाकर कन्याओं व भक्तों ने बाबा नागेश्वर के लगाए जयकारे। विकासखंड औरास के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन किनारे लोधाटीकुर गांव के सामने बाबा नागेश्वर बाबा मंदिर प्रांगण में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर पूर्ण आहुति व भंडारा आयोजित हुआ। जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु और आने जाने वाले राहगीरों व कन्याओं ने प्रसाद लेकर बाबा नागेश्वर की जय जयकार की। इस भंडारे के आयोजन में सैकड़ो भक्त मौजूद रहे।

### बाइक में अचानक लगी आग, मची अफरा-तफरी

**औरास।** थानाक्षेत्र के कुशल खेड़ा गांव के मजरा मिर्जापुर अजिगांव में इवेंट से वापस आए सिपाही संत कुमार व होमगार्ड राम नारायण थाने के पास पीआरवी बाइक से जनसेवा केंद्र के सामने पहुंचे और वहां स्थित दुकान में फोटोकापी कराने लगे। तभी उनकी बाइक में अचानक शार्टसर्किट से आग लग गई। लपटें उठती देख वहां मौजूद लोगों ने पानी व धूल डालकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कांस्टेबल संत कुमार में मदद करने वालों का आभार जताया।

### गर्मी में गश खाकर गिरा युवक, मौत

**शुक्लागंज, उन्नाव।** शुक्रवार को तेज धूप होने के कारण एक युवक फोरलेन से भातूफार्म जाने वाले रास्ते से जा रहा था, तभी वह अचानक गश खाकर गिर गया। यह देख आस पास के लोग दौड़े और उसे इलाज के लिये भर्ती कराया। शुक्रवार को एक युवक गायत्री नगर भातू फार्म को जाने वाले रास्ते से जा रहा था, तभी तेज धूप में वह अचानक गश खाकर गिर गया और बेहोश हो गया। काफी देर तक वह पड़ा रहा। यह देख आस पास के लोग दौड़े और उसे उठाया। जिसके बाद उसे इलाज के लिये अस्पताल भेजा गया। जिसके बाद उसके घर में सूचना दी गई। गायत्री नगर निवासी आशा मिश्रा ने बताया कि रमेश को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया, उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### छह दिन से लापता छात्र दिल्ली के पहाड़पुर में मिला

**पुरवा।** नगर के मिर्री चौराहा निवासी शिवलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका 13 वर्षीय पौत्र हर्षित कक्षा 7 का छात्र है। वह 25 मई की दोपहर घर से मिर्री चौराहा जाने की बात कहकर निकला था। हर्षित के घर न पहुंचने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। लेकिन, उसका कुछ पता नहीं चला। पीड़ित बाबा की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज हुई थी। इस मामले में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो बस स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे में वह ई-रिक्शा से उतरकर लोहिया बस से उन्नाव की ओर जाते दिखा। इसके बाद उसकी लोकेशन दिल्ली के पहाड़पुर में मिलने पर पुलिस ने उसे वहां से सकुशल खोज निकाला और परिजनों के सुपुर्द किया। कोतवाली प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि लापता छात्र को खोजकर परिजनों के सुपुर्द किया।

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में गोली मारकर की थी हत्या, 30 जुलाई 2022 को घटना को अंजाम दिया था

# किन्नर हत्याकांड में शामिल दो किन्नरों को अजीवन कारावास

**33** हजार रुपये का कोर्ट ने दोषियों पर लगाया जुर्माना

**01** नवम्बर-2022 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



**अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली अंतर्गत दो साल पहले हुए बहुचर्चित मुस्कान किन्नर हत्याकांड के मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद कोर्ट ने इसमें शामिल दो किन्नरों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास के आदेश दिए। साथ ही इन पर 33-33 हजार का जुर्माना भी लगाया। वहीं हत्याकांड की मास्टर माइंड बताई गई रूबी किन्नर अभी भी पुलिस की पहुंच से दूर है।

बता दें कि सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के बबरअली खेड़ा मोहल्ला निवासी मुस्कान किन्नर की 30 जुलाई-2022 की रात गोली मारकर हत्या हुई थी। मुस्कान के साथ शिष्य बन कर रह रही मुरादाबाद जिला निवासी किन्नर रूबी, मथुरा की सलोनी व झांसी की अन्नू पर मथुरा के थाना चंद्रावली के यमुनापल्ली लक्ष्मीनगर निवासी उसके पति सोनू किन्नर ने तीनों के विरुद्ध पत्नी की हत्या और लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना के बाद मुस्कान के घर की सघन तलाशी जांच की गई थी लेकिन, कोई अहम सुराग हाथ नहीं लगा था। इसी दौरान हत्यारों तक पहुंचने में जुटी पुलिस को सर्विलांस की मदद से लोकेशन ट्रेस हुई थी। इस पर पुलिस टीमों ने अलग-अलग जिलों से नामजद किन्नर सलोनी उर्फ संदीप व किन्नर अन्नू उर्फ जयप्रकाश को गिरफ्तार कर लूटा गया सोना, चांदी व नगदी बरामद करते हुए दोनों को जेल भेज दिया था। तत्कालीन एसएचओ सफीपुर अवनीश सिंह ने जांच के बाद दोनों के विरुद्ध साक्ष्य जुटाते हुए एक नवम्बर-2022 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। शुक्रवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता आनंद गौड़ व मनोज पांडेय द्वारा पेश की गई दलील व पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर एडीजे शिप्रा आर्या ने सलोनी व अन्नू किन्नर को अजीवन कारावास का आदेश दिया। साथ ही पुलिस को फरार आरोपी को भी शीघ्र पकड़ने के आदेश दिए। बता दें कि लूट की रकम व जेवरात तीनों ने बराबर बांटे थे।

## लूट के बाद हत्या के दोषियों को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली अंतर्गत दोस्त की मदद से अपनी मौसी की हत्या के बाद लूट करने वाले दो आरोपियों को अंतिम सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोषी करार दिया। अजीवन कारावास के साथ उन पर 55-55 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

बता दें कि सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पूरन नगर निवासी आलोक श्रीवास्तव ने 28 जनवरी-2014 को मां इंद्राणी श्रीवास्तव की हत्या की रिपोर्ट अज्ञात लोगों पर दर्ज कराई थी। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 28 जनवरी को आयुर्वैदिक अस्पताल वार्डब्वाय उनके पिता प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव सुबह आठ बजे अपनी ड्यूटी चले गये थे। वह लोकनगर मोहल्ला स्थित अपनी मोबाइल गया था। घर पर उसकी मां थी। दोपहर दो बजे पड़ोसी मोनू नाई ने दुकान पहुंचकर मां की हत्या की जानकारी दी। मां के गले में मफलर कसा था और घर में खून फैला पड़ा था। सदर कोतवाली पुलिस ने जांच में जुटी थी। तभी 22 फरवरी-2014 को मृतका के पति ने पुलिस को बताया कि घटना वाले दिन घर में लूटपाट भी हुई थी।

उनके घर में नौबस्ता कानपुर निवासी साढू का लड़का विनय श्रीवास्तव भी आता था। पुलिस ने उसकी सीडीआर निकालकर जांच शुरू की और शक के आधार पर उससे पूछताछ की। जिसमें वह टूट गया और गुनाह कबूल कर लिया था। पुलिस ने हत्याकांड में शामिल विनय व उसके दोस्त पिंटू को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर लूटा गया माल बरामद कर उन्हें जेल भेजा था।

तत्कालीन एसएचओ धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी ने जांच के बाद आरोपियों के विरुद्ध 22 मई-2014 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। लगभग 10 वर्षो से मुकदमा कोर्ट में विचाराधीन था। शुक्रवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद शासकीय अधिवक्ता अजय कुशवाहा की ओर से पेश की गई दलीलों और प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर एडीजे मो. असलम सिद्दकी ने विनय श्रीवास्तव व पिंटू सिंह को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास के आदेश दिए।

### गैंगस्टर एक्ट में शातिर को दो साल की सजा

अमृत विचार उन्नाव। असोहा पुलिस ने क्षेत्र में गैंग बनाकर अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के साथ असलहों के बल पर आतंक कायम कर धन अर्जित करने वाले गैंग लीडर वारिश पुत्र मुंशी निवासी गांव महाचिक भीटा कोतवाली देहात हरदोई के विरुद्ध आठ अगस्त-2013 को गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की थी। आईओ जितेंद्र बहादुर सिंह ने एक अप्रैल-2014 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। शुक्रवार को एडीजे-5 की कोर्ट में मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद शासकीय अधिवक्ता हरीश अवस्थी, विश्वाश त्रिपाठी व अलंकार द्विवेदी की दलीलों व साक्ष्य के आधार पर एडीजे जयवीर सिंह नागर ने वारिश को दोषी करार देते हुए दो साल की सजा और पांच हजार का जुर्माना लगाया है।



पुरवा में जांच करती पुलिस। अमृत विचार

## अलग-अलग जगह पड़े मिले दो अज्ञात शव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** जिले की पुरवा कोतवाली और सोहरामऊ थानाक्षेत्र में दो शव संदिग्ध हालात में पड़े मिले। पुलिस ने उनकी शिनाख्त के प्रयास किये लेकिन, कामयाबी नहीं मिली। इस पर पुलिस ने शवों को मोर्चरी में रखवाकर उनकी पहचान के प्रयास तेज किये हैं।

**केस-1 :** असोहा थानाक्षेत्र के ओगरापुर गांव के पास गुरुवार शाम सड़क किनारे करीब (42) वर्षीय युवक को पड़ा देख लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसकी पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन, वहां मौजूद लोग उसकी शिनाख्त नहीं कर सके। इस पर पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया। लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। पहचान न होने पर पुलिस ने सोशल मीडिया का सहारा लिया लेकिन, सफलता नहीं मिली। वह सफेद शर्ट और नीले रंग की जींस पहने है। उसके शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं हैं। एसओ रामऔतार ने बताया कि सड़क किनारे युवक पड़ा मिला था। अस्पताल ले जाते समय मौत हुई है। पहचान न होने से शव मोर्चरी में रखवाया गया है।

**केस-2 :** पुरवा। कस्बा के मिर्री चौराहा के पास शीतलगंज मोहल्ला निवासी पप्पू के खाली पड़े प्लाट में शुक्रवार दोपहर संदिग्ध अवस्था में 42 वर्षीय युवक का शव पड़ा देख लोगों में सनसनी फैल गई। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसकी पहचान के प्रयास किए लेकिन, सफलता नहीं मिली। सीओ सोमेंद्र विश्वास ने भी जांच की। एसएचओ व फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य एकत्र किए। शिनाख्त न होने से पुलिस ने शव मर्चरी भेजा है। युवक लाल टीशर्ट व नीली जींस पहने है। एसएचओ कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हुई।

## ट्रेन की चपेट में आने से ई-रिक्शा चालक की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- पत्नी ने सूदखोरों पर ट्रेन के आगे फेंकने का लगाया आरोप

**अमृत विचार।** कानपुर-लखनऊ रेलमार्ग पर लोक नगर क्रासिंग के पास गोरखधाम एक्सप्रेस की चपेट में आए युवक की मौत हो गई। सूचना पर रेलवे पुलिस ने शव ट्रैक से हटवाकर रूट क्लियर कराया। उसकी पत्नी ने गांव के दो सूदखोरों पर मारपीट के बाद पति को ट्रैक पर फेंकने का आरोप लगाया है। सदर कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें उसकी सिर की बायीं ओर की हड्डी टूटी मिलने के साथ एक ही तरफ सात चोटें भी मिली हैं। जो हादसे में मौत होने का इशारा कर रही हैं। परिजनों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है।



दिलीप गौतम।

सदर कोतवाली क्षेत्र के दोस्तीनगर गांव निवासी दिलीप गौतम (27) पुत्र स्व. रामसेवक दुबई में नौकरी करता था। एक साल पहले वह घर लौट आया था फिर विदेश नहीं गया। यहां उसने एक ई-रिक्शा खरीदा और उसे चलाकर वह अपनी जीविका चलाता था। गुरुवार शाम करीब तीन बजे वह घर से बाइक लेकर निकला था। शाम सात बजे तक वापस न लौटने पर पत्नी मोनी ने उसे फोन किया। पत्नी ने बताया कि उसके पति ने उसे बताया कि गांव के दो युवक उसे मिल गए हैं। उन्होंने उसे शराब पिलाई है। ई-रिक्शा खरीदने के लिए ब्याज पर दिए रुपये लौटाने की बात कह रहे हैं। उन लोगों ने उसकी बाइक भी छीन ली है। इसके बाद पति का मोबाइल बंद हो गया। पत्नी व अन्य परिजन उसकी तलाश में निकले तभी रात 11 बजे दिलीप के फोन से काल आई जिसमे उसने पत्नी को बताया कि यह दोनों लोग उसे पीट रहे हैं। मोनी ने उससे जगह जानने की कोशिश की लेकिन, तब तक तो फोन कट गया। देररात करीब ढाई बजे उसे सूचना मिली कि पति का शव लखनऊ-कानपुर रेलमार्ग पर लोकनगर क्रॉसिंग से 100 मीटर आगे नहर की ओर अप लाइन में पड़ा मिला है। परिजन वहां पहुंचे तो सदर कोतवाली पुलिस मौके पर थी। पुलिस कर्मियों ने बताया कि दिलीप गोरखधाम एक्सप्रेस से टकरा गया है। ट्रेन के चालक ने सूचना दी थी। किसी ने फेंका नहीं है। लेकिन परिजन लगातार हत्या का आरोप लगाते रहे। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। उसमें ट्रेन में टकराने से मौत होने की पुष्टि हुई। वह चार भाईयों में दूसरे नंबर का था। बेटे की मौत से मां गुड्डी व अन्य परिजन बेहाल हैं। उसकी शादी को तीन साल हुए थे। उसके अभी कोई संतान नहीं थी। आरपीएफ दरोगा लालजी यादव ने बताया ट्रैक के पास बीयर के केन भी मिले है। वहीं युवक के आत्महत्या करने की भी चर्चा रही। एसएचओ प्रमोद मिश्र ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। अभी रिपोर्ट नहीं मिली है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

## आक्रोशित आशाओं ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** मानदेय का भुगतान न होने से और अधिक काम लिए जाने से नाराज आशाओं ने शुक्रवार को डीएम कार्यालय पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया। आशाओं ने नाराजगी जताते कहा कि उनसे क्षमता से अधिक काम कराया जाता है। जिसका कोई पैसा भी नहीं दिया जा रहा है। समय पर भुगतान भी नहीं मिलता है। जिसके चलते उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है।

अपनी समस्याओं को लेकर शुक्रवार को आधा सैकड़ा से अधिक आशाओं ने डीएम को प्रेषित प्रार्थनापत्र में बताया कि अधिकारियों द्वारा उनका शोषण किया जा रहा है। वे सभी आभा आईडी और 0 से 5 वर्ष के बच्चों का सर्वे करने, आयुष्मान कार्ड और पीएमवीवाई व एसीडी फॉर्म के अलावा अन्य जो काम आते हैं वो भी उनसे ही कराए जाते हैं। जिसका कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं दिया जाता। अधिकारी हर दिन डीएम का नाम लेकर धमकी देते रहते हैं कि नौकरी से निकलवा देंगे। अगर कोई आशा अपने घर के हालातों से मजबूर न होती तो ढाई से तीन हजार की नौकरी के लिए बच्चों और परिवार को छोड़कर धूप, गर्मी, जाड़ा व बारिश में दिनरात सड़कों पर न भटकती। डीएम गौरांग राठी ने प्रार्थनापत्र पर जांच कराने के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। प्रदर्शन करने वाली आशाओं में ममता पटेल, नीलम, गुड्डी देवी, शांति देवी, रचना आदि मौजूद थीं।



डीएम कार्यालय पहुंचीं आशा कार्यकर्ता। अमृत विचार

### खिलाड़ियों का हुआ चयन

**उन्नाव।** डीसीए महामंत्री पीके मिश्रा ने बताया कि ट्रायल में शामिल 17 खिलाड़ियों के नाम चयन समिति ने उपलब्ध कराए हैं। साथ ही पांच खिलाड़ियों कस स्टैंड बाई के तौर पर चयन हुआ है। इसमें नवरतन कुमार, अंश पटेल, शिवांक गुप्ता, प्रणव द्विवेदी, उज्ज्वल चौधरी, अंकित यादव, प्रियांशु रावत, आयुष, देवाशीष श्रीवास्तव, भावेश मिश्रा, आकाश राठौर, सुमित यादव, शिवम यादव, लोकेश, संदीप यादव, अनमोल पांडेय व सचिन पांडेय मुख्य रूप से शामिल हैं। जबकि दक्ष पटेल, दीपांशु मिश्रा, निखिल त्रिवेदी, निखिल निषाद व सचिन कुमार को स्टैंडबाई के तौर पर रखा गया है। चयनित खिलाड़ी अंतर्जनपदीय प्रतियोगिता खेलने के लिए नौ जून को लखनऊ रवाना होंगे।

## आटो चालक की हत्या के आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- तीन युवकों ने पूरे विवाद में की थी मारपीट

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली पुलिस ने एसओजी व सर्विलांस की मदद से गदनखेड़ा चौराहा के पास पांच दिन पहले आटो चालक की पीट पीटकर हुई हत्या की घटना में वांछित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिन्हें पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। जहां से सभी को जेल भेजा गया।

बता दें कि डीह गांव के मजरा जवाहरखेड़ा निवासी आटो चालक सियाराम पाल (22) का 28 मई की रात गदनखेड़ा बाईपास के पास मोटर मार्केट में अज्ञात युवकों से विवाद हो गया था। इसके बाद युवकों ने उसे पीट दिया था। जिससे उसकी मौत हो गई थी। पिता रामनरेश ने 29 मई को अज्ञात युवकों पर गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसपी ने सदर कोतवाली पुलिस के साथ एसओजी व सर्विलांस को घटना के खुलासे के लिए लगाया था। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज की मदद से उनकी शिनाख्त की गई तो उसमें शहर के केवटा तालाब निवासी प्रभात सविता, आदर्श नगर मोहल्ले के आलोक रावत और वहीं के आकाश राठौर के नाम प्रकाश में आए। एसओजी की मदद से तीनों को पुलिस ने उठाया। पूछताक्ष में उन लोगों ने बताया कि 27 मई को रामलीला मैदान के पास सियाराम से पहले सवारियां बैठाने को लेकर विवाद हुआ था।

## सार-संक्षेप

### संदिग्ध हालात में पड़ा मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**सोहरामऊ उन्नाव।** सोहरामऊ थानांतर्गत बेगमखेड़ा गांव में अधेड़ की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची सोहरामऊ पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बता दें कि सोहरामऊ थानाक्षेत्र के बेगमखेड़ा गांव निवासी लाला (42) पुत्र पुरई की गांव के बाहर खेत में बने घर में संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। लाला तीन भाईयों छेदीलाल व कमलेश में बीच का था। वह अविवाहित था। वह जनवरी माह में खेत पर कमरा बनवाकर वहीं रहने लगा था। इसके पहले वह गांव में बने घर में रहता था। ग्रामीणों के अनुसार उसका किसी से कोई विवाद नहीं था। लेकिन चर्चा यह भी रही कि उसकी गला दबाकर हत्या की गई है। सोहरामऊ पुलिस के अनुसार वह नशे का आदी था। जिसके चलते उसकी मौत हुई है।

### बैराज मार्ग पर आटो पलटा, महिला समेत पांच घायल

**शुक्लागंज, उन्नाव।** शुक्रवार को बैराज मार्ग स्थित ट्रांस गंगा सिटी के पास एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे उसमें बैठी महिला समेत पांच लोग नीचे दब गये। चीख पुकार सुन आस पास के लोगों ने उन्हें बाहर निकाला। वहीं महिला को गंभीर चोटें आने पर उसे इलाज के लिये भर्ती कराया गया है। कोतवाली क्षेत्र के बंदीपुरवा निवासी महेन्द्र ऑटो चालक है, शुक्रवार सुबह वह पत्नी सुमन, बेटी कीर्ती (12), बेटा ऋषभ (5) व गांव के एक वृद्ध को लेकर परियर जा रहा था, तभी बैराज मार्ग स्थित ट्रांस गंगा सिटी के सामने ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे सभी नीचे दब गये। चीख पुकार सुन आस पास के लोग दौड़े और उन्हें बाहर निकला। जिसके बाद सभी को इलाज के लिये नगर के अस्पताल लेकर पहुंचे।

### जाजमऊ में मिले शव का विसरा सुरक्षित

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ चंदन घाट पर झाड़ियों में मिले कई दिन पुराने शव का पीएम कराया गया। जहां मौत का कारण स्पष्ट न होने पर विसरा सुरक्षित किया गया है। वहीं पुलिस अभी तक मृतक की शिनाख्त नहीं करा सकी है। सोमवार शाम करीब चंदन घाट पर मौजूद लोगों को झाड़ियों से दुर्गंध आई तो झाड़ियों में झांक कर देखा, जहां एक चालीस वर्षीय अज्ञात युवक का कई दिन पुराना शव पड़ा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करने के बाद शिनाख्त कराने का प्रयास किया था। पहचान न होने पर शव को 72 घंटे के लिये मर्च्युरी में रखवाया गया। जहां गुरुवार को उसका पीएम कराया गया। बॉडी पूरी तरह से गल जाने के कारण मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। जिस पर विसरा सुरक्षित किया गया है।

### पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव

**उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र के रामनगरिया गांव निवासी दूधिए का शव घर से एक किमी दूर झील के पास पेड़ पर दुपट्टे के फंदे से लटका मिला। ग्रामीणों ने शव लटका देख परिजनों को जानकारी दी। बदहवास परिजन पहुंचे और शव लटका देख बेहाल हो गए। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के लिए उसका मोबाइल कब्जे लिया है। बता दें कि रामनगरिया गांव निवासी अनिकेत (19) पुत्र सूरज पाल दूध बेचने का काम करता था। गुरुवार शाम करीब छह बजे वह काम निपटाकर घर लौटा। उसकी मां मूला देवी ने बताया कि बेटे के मोबाइल पर कोतवाली क्षेत्र के ही आंट गांव निवासी एक युवती का फोन आया। उसी से बात करते हुए बेटा घर से बाहर चला गया। देररात तक उसके वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इसी बीच ग्रामीणों से जानकारी मिली कि घर से करीब एक किमी आगे बरकोता झील के पास लगे बबूल के पेड़ में उसका शव फंदे से लटक रहा है। इकलौते बेटे की मौत से परिजन बेहाल हो गए। पुलिस ने जांच की और परिजनों के बयान के आधार पर मामला संदिग्ध देख उसका मोबाइल कब्जे में लेकर जांच शुरू की है। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई। युवक की दो बहनें सुनीता व सरोज की शादी हो चुकी है। एसएचओ प्रमोद मिश्र ने बताया कि सभी संभावित बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

### बाइक की टक्कर से नेत्र चिकित्सक घायल

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मिश्रा कॉलोनी निवासी नेत्र चिकित्सक शुक्रवार सुबह अस्पताल जा रही थी, तभी फोरलेन पर अनियंत्रित बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वह गिरकर घायल हो गई। मिश्रा कॉलोनी निवासी नेत्र परीक्षण अधिकारी ऋतु ओमर सुबह स्कूटी से अस्पताल जा रही थी, दुर्गा मंदिर में दर्शन करने के बाद वह आगे बढ़ी, तभी विपरीत दिशा से आ रहे अनियंत्रित बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वह गिरकर घायल हो गई।

### पुलिस और पालिका ने बांटा इलेक्ट्राल और ठंडा पानी

**उन्नाव।** नौतपा नक्षत्र में पड़ रही प्रचंड गर्मी को देखते हुये शुक्रवार को बालूघाट मोड़ के पास शीतल जल और इलेक्ट्राल का सीओ सिटी और पालिकाध्यक्ष ने वितरण किया। जहां आने जाने वाले लोगों ने पीकर राहत की सांस ली। शुक्रवार को नगर पालिका परिषद गंगाघाट और गंगाघाट पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में शीतल जल और इलेक्ट्राल का बालूघाट मोड़ के पास वितरण किया गया। जहां सीओ सिटी सोनम सिंह और पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे पहुंची। इस दौरान उन्होंने आने जाने वाले लोगों को शीतल जल और इलेक्ट्राल बांटा। इस मौके पर इंस्पेक्टर रामफल प्रजापति, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे, अनूप शुक्ला के अलावा गंगाघाट कोतवाली के पुलिस कर्मी और सभासद मौजूद रहे।

### सेवानिवृत्त सहायक विकास अधिकारी का किया सम्मान

**गंजमुरादाबाद।** स्थानीय ब्लॉक कार्यालय में तैनात सहायक विकास अधिकारी पंचायत की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित हुआ। इसमें ब्लॉक कर्मियों ने उपहार देकर उन्हें विदा किया। गंजमुरादाबाद ब्लाक के एडीओ पंचायत धर्मदास के सेवानिवृत होने पर शुक्रवार को कार्यालय में विदाई समारोह हुआ। इसमें एडीओ कृषि शरीफ, सचिव जंग बहादुर, देवेंद्र कुमार आदि ब्लाक कर्मियों ने फूल माला पहनाकर व अंगवस्त्र व उपहार भेंटकर उन्हें विदा किया। इस दौरान सभी ने उनके कार्यकाल की सराहना की। समारोह में अरमान, कुलदीप, साहिल अरमान, कुलदीप, साहिल, मंगल प्रसाद, ज्योत्सना त्रिपाठी, देवेंद्र, संजीव यादव, मनोज कुमार आदि ब्लाक कर्मी व ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

**अव्यवस्था** फीडर एक में भी फाल्टों के कारण दस से बारह घंटे गुल रही बिजली, फाल्ट ढूंढने के लिये लखनऊ से मंगाई गई लोकेटर मशीन

# शक्ति नगर, पश्चिमी गंगाघाट में गुल रही बिजली, बिलबिलाए लोग

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** पश्चिमी गंगाघाट और शक्ति नगर फीडर को जाने वाली भूमिगत लाइन में फाल्ट होने के कारण शक्ति नगर फीडर की 22 घंटे बिजली गुल रही। वहीं पश्चिमी क्षेत्र की 16 घंटे बिजली गुल रही। भीषण गर्मी में बिजली न आने पर बीस हजार से अधिक की आबादी गर्मी में बिलबिला उठी। विभाग ने लखनऊ से लोकेटर मशीन मंगवा कर फाल्ट ढूंढा। विभाग ने बताया कि मध्य रात्रि के बाद प्रभावित क्षेत्रों की आपूर्ति बहाल हो सकती है।



लोकेटर मशीन से फाल्ट ढूंढते बिजली कर्मी। अमृत विचार



मरम्मत करते बिजली कर्मी।

शुक्रवार रात लगभग दो बजे विद्युत आपूर्ति चालू होने के दौरान शक्ति नगर फीडर की भूमिगत एचटी लाइन दग गई। जिस कारण फीडर के करीब एक दर्जन मोहल्लों की बिजली गुल हो गई। बिजली न आने पर विभाग ने पेट्रोलिंग शुरू की। इसी दौरान पश्चिमी गंगाघाट को जाने वाली भूमिगत एचटी लाइन शुक्रवार सुबह आठ बजे दग गई। फाल्ट ढूंढने के लिये पेट्रोलिंग की गई। शुक्रवार दोपहर तक फाल्ट नहीं मिला। जिस पर विभाग ने लखनऊ से लोकेटर मशीन मंगाई। जहां शाम करीब पांच बजे मरहला चौराहे के पास भूमिगत पड़ी एचटी केबिल दगी मिली। विभाग ने उसकी मरम्मत का कार्य शुरू कराया। वहीं अन्य स्थानों पर भी फाल्ट होने के कारण देर रात तक विद्युत आपूर्ति नहीं चालू हो सकी। जिससे भीषण गर्मी में बीस हजार से अधिक घरों की बिजली गुल रही। बिजली न आने से गर्मी में लोग बिलबिला उठे। जेई विष्णु शुक्ला और अक्षय तिवारी ने बताया कि अन्य स्थानों पर भी फाल्ट हुये हैं। उनकी भी लोकेटर मशीन से खोज की जा रही है। रात लगभग बारह बजे के बाद आपूर्ति चालू हो सकती है।

**22 घंटे गुल रही शक्ति नगर फीडर की बिजली:** भूमिगत फाल्ट होने के कारण शक्ति नगर फीडर के अवस्थी फार्म हाउस, पोनी रोड, गंगा नगर, इंद्रा नगर, शक्ति नगर, मनोहर नगर के अलावा आस पास मोहल्लों 22 घंटे तक बिजली गुल रही। जिससे गर्मी में लोग उबल गये।

### 16 घंटे तक बंद रही पश्चिमी क्षेत्र की बिजली

- भूमिगत फाल्ट होने के कारण पश्चिमी क्षेत्र के मिश्रा कॉलोनी, चंपापुरवा, राजीव नगर, सीताराम कॉलोनी, गोताखोर, कर्बला, हुसैन नगर, राजीव नगर खंती, मनसुख खेड़ा, तेजीपुरवा, गगनी खेड़ा, नेतुआ, सरैयां की 16 घंटे तक बिजली बंद रही।

### ओवरलोड होने से फुंके ट्रांसफार्मर

- ऋपीनगर में भी दोपहर एक बजे 630 केवीए ट्रांसफार्मर लीकेज होने से धू धू कर जल उठा, जिससे दो घंटे तक सैकड़ों घरों की बिजली सप्लाई बंद रही। प्रेम नगर में 630 केवीए टांसफार्मर खराब होने से 2 बजे से शाम 7 बजे के बाद तक बिजली आपूर्ति बंद रही। इसके अलावा 33 केवीए लाइन दोपहर दो बजे टूटने से पूरे नगर की बिजली शाम 5 बजे तक बंद रही।

# और तल्ख हुए सूर्यदेव के तेवर, 45 डिग्री पार हुआ पारा

## शुक्रवार को सुबह से ही चल रही गर्म हवाओं और लू के थपेड़ों से लोग रहे बेहाल

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** सूर्यदेव की लाली समाप्त होने के साथ ही सूर्य की तेज किरणें शरीर को तपिश का एहसास कराने लगीं। समय बीतने के साथ सूर्य की किरणें असहनीय होने लगीं। दोपहर दो बजे के बाद पारा 45 पार कर गया और धूप व लू के चलते सड़कों पर आवाजाही थम गई। बहुत जरूरी होने पर घरों से निकले लोग अंगोछा, चश्मा व ग्लब्स पहनकर ही निकले।

वैसे तो मई माह की शुरुआत ही गर्मी के बीच हुई थी, लेकिन किसी का उम्मीद नहीं थी कि 31 मई को आसमान से आग बरसेगी। हालांकि शुक्रवार का दिन ऐसा ही रहा, जिससे दोपहर 12 बजे से ही सड़क पर निकलते ही कपड़े पहने होने के बाद भी लोगों को शरीर झुलसने का एहसास होता रहा। बस्योढ़ाही अष्टमी के चलते महिलाओं ने बीती रात बनाकर तैयार किए गए हलवे व अठौरियां चढ़ाने सुबह सात बजे घरों से निकलना शुरू हुईं, लेकिन इस बीच गर्मी के चलते घरों से निकटवर्ती मंदिर तक आवाजाही करना काफी मुश्किल तलब रहा।


दुपट्टे से मुंह ढंककर निकलतीं युवतियां।

● **दोपहर दो बजे के बाद भीषण गर्मी ने लोगों को घरों में रहने को मजबूर कर दिया**

मौसम के मिजाज तल्ख होते ही घरों से निकले लोगों ने वापस लौटना ही मुनासिब समझा। वहीं बहुत जरूरी होने पर दोपहर के समय घरों से निकलने वाले बचाव के तमाम इंतजाम करने बाद ही ड्योढ़ी के बाहर कदम रखने का साहस जुटा सके। दोपहर दो बजे तपमान बढ़ने से पारा 45.08 डिग्री पहुंच गया। जिससे सड़कों पर राह चलना दुश्वार बना रहा। इस दौरान शहर से होकर गुजरने वाले लखनऊ-कानपुर और बिलग्राम-प्रयागराज मार्गों पर वाहनों की आवाजाही कुछ समय के लिए थमी सी दिखाई दी। यही नहीं शहर में घूमने वाले गौवंश भी दोपहर के समय सड़कों के बजाए तंग गलियां तलाशना शुरू कर दिते हैं, जिससे सीधी धूप से अपना बचाव कर सकें। गलियों में जगह-जगह गौवंश आदि को रखवाई गई नांद में भरे पानी से वह अपनी प्यास भी बुझा पाते हैं। हनुमंत जीवाश्रय के संस्थापक अखिलेश अवस्थी ने कहा कि इस बार मानसून आने पर संस्था की ओर से लोगों को घर के बाहर पौधरोपण के लिए प्रेरित किया।

### सन्नाटा देख दुकान बंद कर रहे कारोबारी

सड़कों पर सन्नाटा देख मुख्य बाजारों से दूर कारोबार करने वाले अधिकांश दुकानदारों ने ताला बंद करना ही मुनासिब समझा। छोटे व मझोले दुकानदारों ने बताया कि व्यवसायिक मीटर से दुकानों पर कूलर का इस्तेमाल करना बस से बाहर की बात है, जबकि पंखा लगातार गर्म हवा देता है। साथ ही दोपहर के समय ग्राहक भी नहीं आते हैं। इसलिए इधर एक सप्ताह से दोपहर के समय दुकान बंद कर देते हैं।

### प्रशासन ने किया तालाब भरवाने का दावा

डीएम गौरांग राठी के फेसबुक पेज पर गर्मी के मद्देनजर जहां टैंकरों से राहगीरों को पानी उपलब्ध कराए जाने का दावा किया गया है। वहीं ग्रामीणांचलों में तालाबों को भरवाए जाने की फोटो भी शेयर की गई हैं। उल्लेखनीय है कि जिले की उन्नाव, गंगाघाट व बांगरमऊ नगर पालिका परिषदों सहित सभी 17 नगर पंचायतों में टैंकरों की संख्या नाकाफी है। वहीं ग्रामीण इलाकों में रहने वाले तालाब भरवाने के दावों पर भरोसा नहीं कर पा रहे हैं।

### जलदान को स्थापित हो रहे प्याऊ

नौतपा में जलदान को विशेष फलदायी बताया गया है। इसलिए इन दिनों व्यापार संगठन के नगर अध्यक्ष अमित मिश्र व विशाल गुप्ता और उनकी टीम विभिन्न स्थानों पर प्याऊ लगवा रही है। इसी तरह सांई सेवा समिति के संस्थापक समाजसेवी सुरेंद्र वर्मा ने रजिस्ट्री कार्यालय में वाटर कूलर स्थापित कराया है। इधर श्री राधा कृष्ण शांति सेवा संस्थान व विश्व शांति सेवा समिति ने कुंदनरोड में प्याऊ संचालित करा रखे हैं।

# घरों में लगे पंखे और कूलर भी फेंक रहे हैं गर्म हवा

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** एक सप्ताह से गर्मी का पारा दिनों दिन चढ़ता जा रहा है, जिस कारण भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से आने जाने वाले लोग बेहाल हो गए हैं। वहीं घरों में लगे कूलर पंखा भी गर्मी हवा फेंक रहे हैं। देर शाम तक गर्म हवाओं ने लोगों को झकझोर दिया है। वहीं बिजली भी इस भीषण गर्मी में लोगों को दगा दे रही है। जिससे लोग गर्मी में व्याकुल हो गये हैं।

गर्मी का पारा एक दिनों दिन हाई होने लगा है। शुक्रवार को भीषण गर्मी के चलते लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह दस बजते ही आसमान से बरस रही आग ने लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया। केवल जरूरी काम से जाने वाले लोग ही सड़कों पर निकले। वहीं लू के थपेड़ों से आने जाने वाले लोग बेहाल हो गये। लोग पूरा शरीर ढक कर निकले। वहीं अधिक गर्मी पड़ने के कारण बच्चे गंगा में छपकछई करते रहे। उधर तेज धूप से पशु-पक्षियों का भी बुरा हाल है। दोपहर होते ही पशु छांव की तलाश में निकल पड़ते हैं। जबकि पक्षी पेड़ों के झुरमुट में छिपकर मौसम के ठंडे होने का इंतजार करते रहते हैं। पारा अधिक हो जाने के कारण लोगों के शरीर से पसीना निकलना लगातार जारी रहा। भीषण गर्मी में बिजली कटौती से भी दगा दे गई। जिससे लोग परेशान रहे।


धूप से बचने को मुंह ढंककर जाती महिला।

# कवायदः स्वास्थ्य विभाग पूरे जून चलाएगा मलेरिया रोधी अभियान

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य विभाग जून को मलेरिया रोधी माह के रूप में मनाएगा। प्रभारी सीएमओ डा. हरि नंदन प्रसाद ने बताया कि मलेरिया रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। कहा कि इस बीमारी पर जन भागीदारी से ही नियंत्रण पाया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि मलेरिया रोधी माह के तहत हर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच की जाएगी। मलेरिया के मरीजों का तुरंत उपचार किया जाएगा। आशा व एएनएम के सहयोग से जल भराव वाले स्थानों पर कीटनाशक का छिड़काव किया जाएगा। लोगों को घरों के आसपास सफाई करने और जलभराव वाले स्थानों पर जला हुआ मोबिल डालने को प्रेरित किया जाएगा। मच्छर से बचाव के लिए पानी भरे स्थानों पर मिट्टी भरना, पानी को एकत्र न होने देना, कूलर का पानी बदलते रहना, सोते समय मच्छर दानी का प्रयोग करना, पूरी आस्तीन के कपड़े पहना बुखार आने पर चिकित्सक से परामर्श लेने की सलाह दी जाएगी। बताया कि इस दौरान 'हर रविवार, मच्छर पर वार' कार्यक्रम चलाया जाएगा। जिला मलेरिया अधिकारी डा. रमेश चंद्र यादव ने बताया कि मलेरिया रोधी माह का मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच मलेरिया के बारे में जागरूकता पैदा करना है। जिले की सभी सीएचसी-पीएचसी में आशा, एएनएम व स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर प्रचार-प्रसार कर आमजन को जागरुक करेंगे। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. जे आर सिंह ने बताया कि मनुष्य के शरीर में मादा एनाफिलीज मच्छर काटने से यह बीमारी होती है। मलेरिया में व्यक्ति को ठंड के साथ तेज बुखार आता है जो रोज 3 से 4 घंटे तक रहता है। मलेरिया 10 से 12 दिन तक व्यक्ति को प्रभावित करता है।

### बताए लक्षण

- सर्दी व कंपन के साथ बुखार आना, निश्चित समय के बाद उतर जाना।
- तेज सर दर्द, बुखार उतरने के समय अधिक पसीना आना।
- थकना, चक्कर आना, शारीरिक कमजोरी बढ़ जाती है।
- उल्टी या मितली का होना।
- थोड़ी-थोड़ी देर में प्यास का लगना, हाथ व पैर में ऐंठन होना

## एक नजर

### बंदरों ने पांच लोगों को काटा

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में कटखने बंदरों का आतंक है। ग्रामीणों ने कई बार वन विभाग को सूचना दी। गर्मी में छत पर सो रहे ग्रामीणों को बंदर अपना निशाना बना रहे हैं। जिससे ग्रामीणों में दहशत है।शंकरपुर गांव में पिछले कई माह से कटखने बंदरों का आतंक है। बंदर बच्चों से लेकर बुजुर्गों को दौड़ाकर काट रहे हैं। इस समय गर्मी का समय चल रहा है। जिस पर गांव के अधिकांश लोग छतों पर सोते हैं। जिससे रात से लेकर भोर पहर तक बंदर ग्रामीणों को काट कर घायल कर रहे हैं।

### महिला ने फांसी लगा दी जान

**नवाबगंज, उन्नाव।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के नाना टिकुर गांव का मजरा महेशपुर गांव निवासी बबलू की 25 वर्षीय पत्नी शांति देवी का शव भोरपहर घर के आंगन में जाल के सहारे लटकता देख परिजनों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों का तांता लग गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# आभार जताते रुंध गया विक्रम बहादुर का गला, नहीं फूटे बोल

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

● **शिक्षा विभाग में 34 बरस सेवा के बाद सेवानिवृत्त होने पर हुआ विदाई समारोह**

**अमृत विचार।** डीआईओएस कार्यालय के वरिष्ठ सहायक विक्रम बहादुर सिंह 34 वर्ष शिक्षा विभाग की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए। यूपी एजुकेशनल मिनिस्ट्रीरियल एसोसिएशन ने डायट प्रेक्षागृह में कार्यक्रम में उन्हें विदाई दी। कार्यक्रम में निदेशक साक्षरता व वैकल्पिक शिक्षा भगौती सिंह, निदेशक बालिका शिक्षा मुकेश सिंह, डायट प्राचार्य एसके तिवारी, डीआईओएस एसपी सिंह, बीएसए संगीता सिंह व बीईओ मुख्यालय लखनऊ राजेश सिंह शामिल हुए। निदेशक साक्षरता व वैकल्पिक शिक्षा ने कहा कि विदाई देने को जुटी भीड़ सेवानिवृत्त हो रहे वरिष्ठ सहायक के सफल कार्यकाल की दास्तां बयां कर रही है।

सेवानिवृत्त हुए वरिष्ठ सहायक विक्रम बहादुर सिंह संबोधन के लिए डायस पर बुलाए जाने पर रुंधे गले से केवल आभार ही जता सके। उन्होंने कहा कि लोगों ने स्वयं के प्रति प्रेम व स्नेह देख वह अभिभूत हैं। सभी के प्रति आभार जताने के लिए वह शब्द नहीं जुटा पा रहे हैं। इस मौके पर यूपी एजूकेशनल मिनिस्टीरियल एसोसिएशन डीआईओएस के जिलाध्यक्ष सागर कपूर, व महामंत्री अमित कुमार, बेसिक के अध्यक्ष शैलेश शुक्ला व अनुराग तिवारी, प्रधानाचार्य दिलीप कुमार सिंह, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ब्रजेश पांडेय, गजेंद्र वर्मा, संजय सिंह, आशीष अवस्थी गौरव, मनीष पांडेय, रामप्रताप सिंह, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा शशी प्रभा श्रीवास्तव, वीर प्रताप सिंह रहे।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में 15 तक अवकाश के डीएम ने दिये आदेश

**उन्नाव।** डीएम गौरांग राठी ने आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को एक से 15 जून तक अवकाश घोषित किया है। इस संबंध में जारी आदेश में डीएम ने कहा है कि परिषदीय विद्यालयों की अपेक्षा आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चे कम उम्र के होते हैं। परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश घोषित होने के मद्देनजर बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र न बुलाया जाए। हालांकि कार्यकत्रियों को पूर्ववत कार्य जारी रखने को कहा गया है। डीएम के इस आदेश का समर कैंप का विरोध कर रहे प्राथमिक शिक्षक उपयोगी बता रहे हैं।

डीएम ने आदेश में कहा है कि तमाम प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में ही आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन हो रहा है। जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों में अवकाश घोषित किया जा चुका है।

# हाईवे पर लगा जाम यात्रियों के लिए बना मुसीबत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** लखनऊ-कानपुर हाईवे पर लगने वाला जाम यात्रियों के लिये मुसीबत बना हुआ है। जैसे-जैसे गाड़ियों का दबाव बढ़ रहा है, लोग जाम से जूझ रहे हैं। ट्रैफिक नियंत्रण को लेकर पुलिस लापरवाह बनी हुई है और लोग जाम में फंसकर भयंकर गर्मी में परेशान हो रहे है।

गुरुवार देररात से ही कानपुर-लखनऊ हाईवे पर जाम लगना शुरू हुआ जो शुक्रवार सुबह साढ़े 7 बजे तक लगा रहा। जाम एलेन कोपर शोरूम के सामने से दही-पुरवा मार्ग के ओरहर गांव तक लग गया। इस दौरान हाईवे पर भीषण गर्मी में जाम में वाहन सवार फंसे रहे। हाईवे पर बड़े वाहनों की लापरवाही से अक्सर जाम जग जाता है। कई बार तो जाम में एम्बुलेंस तक फंसी रहती हैं। ट्रक चालक सर्विस लेन पर वाहन खड़े कर देते हैं। सर्विस लेन पर लगे संकेतक को भी किसी वाहन ने तोड़ दिया है। जिससे छोटे वाहन भी जाम में फंस जाते हैं। वहीं दूसरी लेन से आ रहे वाहनों की वजह से हादसे भी हो रहे हैं। इस दौरान वाहन रात से सुबह तक रेंग रेंगकर निकलते रहे। लखनऊ जिले की सीमा क्षेत्र के बनी के पास एलिवेटेड एक्सप्रेस-वे का निर्माण हो रहा है।


हाईवे पर लगे जाम में फंसे वाहन।

## सार-संक्षेप


स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

### अंबिका स्कूल में 10 दिवसीय कैंप का हुआ समापन

**शुक्लागंज उन्नाव।** अंबिका प्रसाद मेमोरियल लिटिल किंगडम एवं अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में दस दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया था। जिसका शुक्रवार को समापन हुआ। दस दिवसीय समर कैंप के दौरान बच्चों ने समूह बनाकर पब्लिक स्पीकिंग, एडवेंचर, शूटिंग रेंज, जिप लाइनर, फन एजुकेशन, मिक्की माउस, निशाना लगाना, रस्सी द्वारा ऊपर चढ़ना तथा समर कैंप में आर्ट एवं क्राफ्ट, फाइन आर्ट, एनिमेशन वर्कशॉप तथा गीत संगीत का भरपूर आनंद लिया जिसमें डायरेक्टर निलोफर, जमीर अहमद तथा सेक्रेटरी गोपी नाथ साहू के साथ उनकी टीम ने अभिभावकों और विद्यार्थियों को एडवेंचर गेम्स खिलाने में भरपूर सहयोग दिया। स्कूल के प्रबंधक अजय त्रिवेदी ने कहा कि हमें पढ़ाई के साथ साथ शारीरिक, मानसिक विकास तथा स्वयं को तरोताजा रखने के लिए खेलना, मौज मस्ती, आदि करना भी जरूरी है। कैंप की समाप्ति पर समर कैंप में प्रशिक्षण ले रहे विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान देते हुए पुरस्कृत किया गया।

### सपा ने मनाई वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

**उन्नाव।** सपा के सिविल लाइन स्थित कार्यालय में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 299वीं जयंती पर सभी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पगुच्छ अर्पित किये। जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर का जन्म 31 मई1725 को महाराष्ट्र के चौंढी नामक गांव जामखेड़ अहमद नगर में हुआ था। महारानी अहिल्याबाई की पहचान एक विनम्र व उदार शासक के रूप में थी। उनमें गरीबों व असहायों के लिए दया और परोपकार की भावना थी। उन्होंने समाज सेवा के लिए खुद को पूरी तरह समर्पित कर दिया था। उनकी मृत्यु 13 अगस्त 1795 को इंदौर में हुई थी। इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख बीतेंद्र यादव, हेमंत पाल, राजेश कुमार आदि ने भी विचार रखे। इस मौके पर रमन पटेल, गंगा प्रसाद यादव, अमन अंजुम, दिनेश उन्नावी, गोविंद यादव, अफजल अहमद, नीरज यादव, महेश लोधी, छोटेलाल भारतीय, लवकुश श्रीवास्तव, राम सिंह, अंकित यादव, राहुल गौतम, विजय पाल रहे।

### जागरुकता शिविर में बताए तंबाकू के दुष्परिणाम

**उन्नाव।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में तंबाकू निषेध दिवस पर सदर तहसील में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित हुआ। इस दौरान वक्ताओं ने तंबाकू के इस्तेमाल से होने वाले दुष्परिणाम गिनाते हुए लोगों से धूम्रपान से दूरी बनाने की अपील भी की। एसडीएम सदर प्रज्ञा पांडेय ने कहा कि तंबाकू के प्रयोग से कैंसर रोग होता है। इसलिए जीवन में किसी भी तरह तंबाकू का इस्तेमाल न करने का संकल्प लेना चाहिए। तहसीलदार अविनाश चौधरी व नायब तहसीलदार अनुपमा सिंह ने भी तंबाकू के दुष्परिणाम बताए। एनजीओ भारत उन्नयन के शैलेंद्र पांडेय, शिवदर्शन सिंह व पीयूष भार्गव ने कहा कि कैंसर से साधारण मौत नहीं होती बल्कि पीड़ितों को दर्द से तड़पते हुए दुनिया छोड़नी पड़ती है। वक्ताओं ने कहा कि विद्यालय आदि की 100 मीटर परिधि में तंबाकू पदार्थों की बिक्री करना दंडनीय अपराध है। इस दौरान पराविधिक स्वयं सेवक रजनीश श्रीवास्तव, गिरीश श्रीवास्तव, अमित, शिवबिहारी वाजपेयी, राजकुमार, राकेश, गायत्री देवी व धीरज तिवारी आदि रहे।

# अभद्र टिप्पणी करने वालों पर रिपोर्ट दर्ज

सोहरामऊ संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** सोशल मीडिया पर पत्रकार के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी करने वाले पांच लोगों पर सोहरामऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। इसमें दही थाने में तैनात एक सिपाही भी शामिल है। पीड़ित ने इसकी शिकायत आईजी रेंज से भी की थी। आईजी के आश्वासन के बाद देररात केस दर्ज कर जांच शुरू हुई है।

बता दें कि सोहरामऊ थानांतर्गत आशा खेड़ा गांव निवासी पत्रकार रंजन बाजपेई ने 26 मई को सोहरामऊ एसओ कमल दुबे को दिये प्रार्थनापत्र में आरोप लगाया था कि सफीपुर के जमल्दीपुर स्थित एक ढाबे पर हुए विवाद में पिंटू सिंह निवासी अर्जुनामऊ, पवन दूधिया निवासी बहेरिया, पवन सिंह निवासी कुशहरी, रंजीत सिंह उर्फ छोटू निवासी कंचनपुर समेत दही थाने में तैनात सिपाही प्रमोद कुमार ने सोशल मीडिया पर उनका नाम जोड़ते हुए अभद्र टिप्पणी की थी। इससे उसकी छवि धूमिल हुई। एसओ करीब पांच दिनों से इसकी जांच कर रहे थे लेकिन कोई ठोस कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने बुधवार को आईजी तरुण गाबा से न्याय की गुहार लगाई। आईजी ने एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना से बात कर उचित कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया।

# बैंक मैनेजर पर प्रताड़ित करने का आरोप, युवक की हालत बिगड़ी

**पुरवा।** ब्लाक क्षेत्र के गांव रसीदपुर निवासी अशोक कुमार के पिता की चार वर्ष पूर्व मौत हो गई थी। पिता का क्षेत्र के मंगतखेड़ा स्थित बैंक ऑफ इंडिया में खाता था। अशोक पिता की मौत के बाद खाते में पड़े करीब आठ हजार रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कराने बैंक गया तो उसे मैनेजर ने कागजात बनवाकर लाने को कहा। पीड़ित करीब एक माह से परेशान रहा। शुक्रवार को अशोक को मैनेजर ने जैसे ही वापस किया तो उसकी तबीयत खराब हो गई। पीड़ित ने एसडीएम रनवीर सिंह से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

# ठीक हुआ अस्पताल का आरओ प्लांट

**अमृत विचार प्रभाव**

संवाददाता हसनगंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** आरओ प्लांट सही होने के बाद मरीजों व उनके तीमारदारों को अब सुलभता से शुद्ध पेयजल उपलब्ध होने लगा है। प्लांट के सही होने से लोगों को खासी राहत मिली है। इस प्रमुख समस्या से संबंधित खबर को अमृत विचार ने बीते गुरुवार को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

बता दें कि हसनगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फरवरी-2022 में करीब 35 लाख से 5000 लीटर क्षमता का सोलर आरओ प्लांट लगाया गया था। जो बीते कई दिनों से खराब पड़ा था। इसी टंकी से ब्लॉक, तहसील व कोतवाली में भी शुद्ध पेयजल की आपूर्ति होती थी। पारा 45 डिग्री पार होने से पड़ने वाली गर्मी में टंकी की मोटर खराब होने से इन सभी जगह पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही थी। अमृत विचार में खबर प्रकाशित होने के बाद समस्या से लोगों को छुटकारा मिल गया है। इससे मरीजों, तीमारदारों व स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है।


सीएचसी की मोटर खराब होने से मरीजों और तीमारदारों को नहीं मिल रहा पानी

अमृत विचार में छपी खबर।


आरओ प्लांट सही होने के बाद पानी भरते स्थानीय लोग।

**अव्यवस्था** भीषण गर्मी में उड़ती धूल से लोग बीमार हो रहे हैं, कार्यदायी संस्था पर कार्रवाई की मांग

# निर्माणाधीन एक्सप्रेस-वे पर उड़ रही धूल, राहगीर परेशान

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगा एक्सप्रेस-वे पर निर्माण के दौरान इस भीषण गर्मी में उड़ती धूल लोगों को बीमार कर रही है। दम घुटने से परेशान लोगों ने कार्यदायी संस्था पर कार्रवाई करने की मांग की है।

जिले की चार तहसीलों से होकर निकल रहे गंगा एक्सप्रेस-वे का इन दिनों निर्माण हो रहा है। इसका निर्माण करा रही कार्यदायी संस्था पहले मिट्टी भरान करा रही है। इसके लिए रोजाना सैकड़ों मिट्टी लदे डंपर क्षेत्र के गावों व कस्बा से होकर निकलते हैं। डंपरों में ऊपर तक भरी मिट्टी सड़क पर गिरती है। वहीं संस्था द्वारा मिट्टी जगह-जगह जमा भी की गई है। ऐसे में वाहनों के गुजरने से उड़ने वाली धूल लोगों का दम घोंट रही है। धूल के कारण राहगीरों व वाहन चालकों को सड़क पर चलना दूभर हो गया है। श्वांस के जरिए शरीर में जा रही धूल लोगों को बीमार कर रही है। हसनगंज, सदर, पुरवा व बीघापुर तहसील के 76 गावों के लोग धूल से बीमार हो रहे हैं।


तेज धूप में एक्सप्रेस-वे पर उड़ती धूल। अमृत विचार

### गर्मी में एक भी दिन नहीं हुआ पानी का छिड़काव

ग्रामीणों के अनुसार, गंगा एक्सप्रेस-वे निर्माण के दौरान कार्यदायी संस्था ने धूल से बचाने को एक भी दिन पानी का छिड़काव नहीं किया। ऐसे में जब कोई बड़ा वाहन सड़क से निकलता है तो धूल से पीछे से आ रहे वाहन चालकों को आगे कुछ दिखता ही नहीं है। इससे बीते दो माह में कई हादसे भी होते बचे हैं।

### खांसी, दमा व श्वांस के साथ एलर्जी की भी बढ़ रही समस्या

एक्सप्रेस-वे के पास स्थित मार्गों से रोज राहगीरों, ग्रामीणों व स्कूली बच्चों का आवागमन होता है। ऐसे में तेज रफ्तार वाहनों के निकलने से धूल का गुबार उठता है। आलम यह है कि मुंह पर कपड़ा बांधने के बाद भी धूल के बारीक कण नाक व आंख से शरीर में चले जाते हैं। जो श्वसन तंत्र में जलन, खांसी, दमा, एलर्जी, खुजली व फेफड़ों के संक्रमण का कारण बनते हैं। वहीं इन कणों में मौजूद पराग कण व बीजाणु एलर्जी को ट्रिगर करते है। जिससे छींकने, आंख में पानी आने, खुजली व त्वचा पर चकत्ते पड़ने की समस्या हो रही है। इससे क्षेत्र की सीएचसी-पीएचसी में इन बीमारियों से ग्रसित मरीज बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

### परेशान ग्रामीणों ने डंपरों को रोककर लगाया जाम

**उन्नाव।** सदर तहसील क्षेत्र के गांव खम्भार खेड़ा के मजरे ओरहर से 200 मीटर दूर गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण जोरों पर है। एक्सप्रेस-वे पर एक सैकड़ा से अधिक डंपरों से आसपास के गावों से मिट्टी खोदकर बिना पानी का छिड़काव किये ले जाया जा रहा है। गुरुवार रात खम्भार खेड़ा के ग्रामीण एकजुट होकर एक्सप्रेस-वे पर पहुंचे और वहां मिट्टी लदे डंपरों को रोककर जाम लगा दिया। ग्रामीणों में बच्चा सिंह, बाबू, श्याम यादव, रामचंद्र सिंह, राम औतार सहित आधा सैकड़ा लोग मौके पर जिम्मेदारों को बुलाने की मांग पर अड़ गये। उनका कहना था कि एक्सप्रेस-वे पर पानी का छिड़काव नहीं हो रहा है। जिससे उनके घरों में धूल भरी मिट्टी हवाओं के साथ पहुंच रही है जो उनके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डाल रही है। देररात तक कोई भी विभागीय अधिकारी वहां नहीं पहुंचा। बाद में एक डंपर चालक ने अपने सुपरवाइजर से बात कर एक टैंकर पानी मंगवाकर सड़क पर डलवाया। इस दौरान एक्सप्रेस-वे पर दो घंटे कार्य बाधित रहा।

# डीआरएम को अचानक सामने खड़े देख सकते में आया स्टाफ

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** डीआरएम लखनऊ मंडल एसएन शर्मा ने अजगैन रेलवे स्टेशन का रात्रिकालीन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संरक्षित व सुरक्षित रेल परिचालन का जायजा लेते हुए ऑन ड्यूटी स्टाफ से संवाद करते हुए आवश्यक चीजों को समझा।

गर्मी के प्रतिकूल मौसम में पटरियों सहित अन्य उपकरणों में आने वाली खराबियों के मद्देनजर मंडल रेल प्रबंधक ने मातहत अधिकारियों को स्टेशनों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश जारी कर रखे हैं। इसी क्रम में क्रास चेकिंग के लिए वे खुद भी रात्रि निरीक्षण पर निकल रहे हैं। इसके चलते बीती गुरुवार रात डीआरएम अजगैन रेलवे स्टेशन पहुंचे। डीआरएम को अचानक स्टेशन पर देख वहां ड्यूटी पर तैनात एसएम सहित अन्य स्टाफ सकते में आ गया। हालांकि, उच्चाधिकारी ने इसे रुटीन का हिस्सा बताते हुए कर्मियों से संरक्षा उपायों से संबंधित सवाल करने शुरू कर दिए। डीआरएम ने जहां विभिन्न संकेतकों से संबंधित सवाल किए वहीं रेल पटरियों व ओएचई लाइन के अनुरक्षण के संबंध में भी जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि रेल यात्रियों को सुरक्षित यात्रा सुविधा उपलब्ध कराना हर रेलकर्मी का दायित्व है। इसलिए सभी को अपने-अपने स्तर से सुरक्षित व संरक्षित यात्रा सुविधाओं पर तवज्जो देनी चाहिए।


सहायक स्टेशन मास्टर कक्ष का निरीक्षण करते डीआरएम एसएन शर्मा। अमृत विचार

● **रात्रिकालीन औचक निरीक्षण करने अजगैन रेलवे स्टेशन पर पहुंच गए डीआरएम**

## एक नजर

### माता सती देवी मंदिर में हुआ मेले का आयोजन

माधौगंज, हरदोई। विकास खण्ड के गांव अटवा अली मर्दानपुर स्थित माता सती देवी मन्दिर परिसर में भव्य मेले का आयोजन किया गया। हजारों की संख्या में लोग ने मन्दिर पहुंचकर अपनी आस्था जाहिर कर पूजन किया। मेले में सजे झूले, चाट पकौड़ी व मिष्ठान की दुकानें, कास्टमेटिक सहित जरूरत सामग्री की दुकानों पर खरीददारी हुई। लोगों में आस्था इतनी की भीषण गर्मी की तपिश होते हुए भी हजारों की संख्या में लोगों ने मेले में हिस्सा लिया। इस मौके पर सती परिवार के संतोष कुमार सिंह, अंकित सिंह, तैयटिल सिंह, शिवराज सिंह, रामबालक व ललित सिंह ने बताया कि 1931 से अब तक का इतिहास बताकर लोगों को जागरूक किया। परिवार के लोगों का कहना है कि कई बार गांव में प्राकृतिक आपदाओं से माता ने लोगों की रक्षा की है। उनकी कृपा से भीषण गर्मी में भी बड़ी संख्या में लोगों का मौजूद रहना किसी चमत्कार से कम नही है। मेले में महिलाओं ने कॉस्मैटिक सामग्री खरीदी तो बच्चों ने परिसर में लगे झूलों का आनन्द लिया।

### बाग बेचने को लेकर हुई मारपीट, दी गई तहरीर

संडीला, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बरौनी चुंगी निवासी मो. निशात ने पुलिस को दी तहरीर मे बताया है की बाग बेचने के लिये व्यापारी सव्वाद निवासी ग्राम रसूलपुर आंट से आम का बाग बेचने की बात चल रही थी। इसी दौरान अचानक से मो. इमतियाज निवासी बरौनी ने उससे लड़ाई झगड़ा करने लगेऔर मारने पीटने लगे ज़ब बचाने के लिये उसकी भाभी व भतीजा बचाने आये तो इमतियाज, आयशा, नुजहत ने ईट मार दिया और गाली गलौज करते धमकी देते हुए भाग गए मामले में कोतवाल बिजेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है जांच की जा रही है।

### ट्रेन की चपेट से वृद्ध की मौत

संडीला, हरदोई, अमृत विचार। सुबह की सैर करने गए बुजुर्ग की पटरी पार करते समय ट्रेन से कट कर मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार कस्बे के किसान टोला निवासी नियाज अहमद 75 वर्ष शुक्रवार की सुबह छह बजे घर से टहलने के लिए निकले थे। बरौनी रेलवे क्रासिंग के पास रेलवे लाइन पार कर रहे थे तभी डाउन लाइन पर अज्ञात ट्रेन की चपेट मे आने से मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक खेती किसानी करता था।

# पारा 45 पार, हीट वेव की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

## लखनऊ निवासी व्यक्ति सण्डीला में कर रहा था नौकरी, आज बारिश दिला सकती है गर्मी से कुछ राहत

संवाददाता, सण्डीला, हरदोई

अमृत विचार। जिले में तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार अब तक का सबसे गर्म दिन रहा। इस दिन अधिकतम तापमान 45.6 तथा न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्शियस दर्ज किया गया। चार किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली गर्म हवाओं ने लोगों को झुलसा कर रख दिया। वहीं भीषण गर्मी और हीट वेव से शुक्रवार को एक व्यक्ति की मौत हो गई। मौसम विभाग ने शुक्रवार से बादल आने और बारिश की उम्मीद जगी है।


धूप से बचने के लिए छाता लगाए जाती महिला।

शुक्रवार को सुबह से लेकर शाम तक लोग तीखी धूप और गर्मी से बेहाल रहे। भीषण गर्मी के चलते लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया। जिन लोगों को बाहर काम करना पड़ा, उनकी हालत खराब हो गई। चार किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली पछुआ हवाओं ने पारे को 45.5 पर लाकर छोड़ दिया। हीट वेब की चपेट में आकर ड्यूटी से घर आते समय व्यक्ति की मौत हो गई। जनपद लखनऊ के तिवारी गंज चिनहट निवासी विनय मिश्रा ने बताया कि उसके पिता राकेश कुमार मिश्रा (46) सण्डीला के फेस टू में श्रीराम कम्पनी में नौकरी करते थे। कस्बे उन्नाव रोड पर स्थित किराये के मकान में रहते थे। गुरुवार की शाम करीब 7 बजे मकान से ड्यूटी करने के लिए निकले थे। उन्नाव रोड तिराहे के पास बेहोश होकर गिर गए। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सीएचसी पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उसके बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। राकेश के तीन लड़के हैं।

गर्मी के चलते सबसे बुरी दशा ग्रामीण क्षेत्रों में हैं, जहां तालाब-पोखर सूखे हुए हैं। ऐसे में पशुपालकों को अपने जानवरों को रखना काफी दिक्कत भरा काम हो रहा है। गर्मी के चलते कई जगहों पर जलस्तर गिर रहा है। गर्मी में घुमंतू पशुओं के सामने भी पेयजल की काफी दिक्कत आ रही है। जहां कहीं भी पानी दिखता है जानवर पीने को दौड़ पड़ते हैं। नगर के राम जानकी मंदिर में लगे नलों के टूटे पाइप में अक्सर बंदर अपनी प्यास बुझाते देखे जा सकते हैं। अधिकांश मोहल्लों में सामान्य हैंडपंप पानी देना बंद कर चुके हैं। दोपहर में इन नलों में पानी नहीं आता है। गर्मी में विद्युत उपकरणों के सहारे लोगों के होने से बिजली की मांग काफी बढ़ गई है, वहीं बढ़े लोड की वजह से विद्युत उपकेंद्रों में लगे ट्रांसफार्मर ओवरलोड होकर गर्म हो रहे हैं।

### हीट वेब से रहे सतर्क : डीएम

हरदोई, अमृत विचार। भीषण गर्मी व लू से बचाव के टिप्स दिए गए। सुरक्षा उपायों को अपनाने एवं सतर्क रहने की अपील की गई। भीषण गर्मी एवं हीट वेव से बचाव को लेकर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने भी एडवाइजरी जारी की। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि मौमस विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार भीषण गर्मी का प्रकोप अभी जारी रहेगा। ऐसे में यह आवश्यक हो गया है कि जनसामान्य हीटवेव (लू) से बचाव को लेकर सतर्क रहें तथा बचाव के उपायों को जानें एवं अपना तथा समुदाय का बचाव कर सकें। जिलाधिकारी ने गर्म हवा/लू से बचाव के तरीके बताते हुए कहा कि गर्मी हवाओं से बचने के लिए खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एलुमिनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढककर रखें, ताकि बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके। उन खिड़कियों व दरवाजों पर, जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएं आतीं हैं, काले परदे लगाकर रखना चाहिए। स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सजग रहें। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें।

### बरतें सावधानियां

- बच्चों तथा पालतू जानवरों को कभी भी बन्द वाहन में अकेला न छोड़ें।
- जहां तक सम्भव हो घर में ही रहें तथा सूर्य के ताप से बचें।
- सूर्य के ताप से बचने के लिए जहां तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहें।
- संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें। मादक पेय पदार्थों का सेवन न करें।
- घर से बाहर अपने शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से ढककर रखें।
- खाना बनाते समय घर के खिड़की दरवाजे आदि खुले रखें।
- नशीले पदार्थों, शराब अथवा अल्कोहल से बचें।
- उच्च प्रोटीनयुक्त खाद्य पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करें तथा बासी भोजन कतई न इस्तेमाल करें इसके साथ ही संतुलित व हल्का आहार लें।
- दोपहर के समय यदि बहुत आवश्यक हो तभी घर से धूप में बाहर निकलें अन्यथा धूप में जाने से बचें और यदि जाना ही पड़े तो सिर को जरूर ढकें।
- घर में पेय पदार्थ जैसे लस्सी, छांछ, मट्ठा, बेल का शर्बत, नमक चीनी का घोल, नीबू पानी या आम का पना इत्यादि का प्रयोग करें।

### ट्रैक्टर से दबकर बुजुर्ग महिला की मौत

शाहाबाद्र, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली के फतेहपुर गयंद गांव में ट्रैक्टर से दबकर एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शाहाबाद कोतवाली के ग्राम फतेहपुर गयंद निवासी शिवरानी 80 वर्ष पत्नी जसवंत रात्रि तकरीबन 8:30 बजे घर के बाहर गली में बैठी थीं। अचानक चंदन पुत्र दिनेश सिंह ने अपना ट्रैक्टर स्टार्ट किया और पीछे बैक कर दिया जिससे वह दब गई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस में शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों का मौखिक आरोप है कि चंदन ने जान बूझकर शिवरानी पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। परिजनों की ओर से अभी तक कोतवाली में कोई तहरीर नहीं दी गई जबकि प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा का कहना है एक्सीडेंट का मामला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ठेकेदारों ने काट डाला नीम का हरा पेड़, लकड़ी छोड़कर भागे

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। शाहाबाद रेंज में हरी और प्रतिबंधित पेड़ों पर आरा चलने का सिलसिला कम नहीं हुआ है। वन विभाग, पुलिस और लकड़कटों की मिली भगत के चलते अवैध कटान तेजी के साथ किया जा रहा है। रात्रि तकरीबन 8:30 बजे अवैध रूप से नीम की एक ट्राली लकड़ी काट कर ला रहे लकड़कटों ने जब मीडियाकर्मियों द्वारा पकड़े जाने की खबर पाई तो उन्होंने एक घने बाग में लकड़ी उतार दी और फरार हो गए।

शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला दिलावरपुर के रहने वाले ठेकेदार पुत्तन और शब्बन ने बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के काजीबाड़ी में एक ट्रैक्टर ट्राली हरी प्रतिबंधित नीम की लकड़ी काटी और ट्रैक्टर ट्राली में लादकर चल दिए। रास्ते में बेड़ीलीक के पास ट्राली पंचर हो गई। इधर मीडिया के कुछ लोगों को खबर लग गई कि अवैध रूप से प्रतिबंधित नीम की लकड़ी काटकर ठेकेदारों द्वारा लाई जा रही है। जैसे ही यह भनक ठेकेदारों को लगी ठेकेदारों ने दूसरी ट्राली में लकड़ी को पलट लिया और रात्रि में नीरपुर के राशिद खान के बाग में लाकर गिरा दी। अमृत विचार को इस बात की भनक लगी अमृत विचार रिपोर्टर ने मौके पर जाकर बाग में पड़ी लकड़ी का वीडियो बनाया।

इस संबंध में वनरेंज अधिकारी आलोक शर्मा का कहना है कि उनकी जानकारी में ऐसा नहीं है। केवल परमिट की ही लकड़ी का कटान हो रहा है। अवैध रूप से पूरे क्षेत्र में कहीं भी लकड़ी का कटान नहीं हो रहा है। अगर ऐसा है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# कड़ी सुरक्षा में होगी मतगणना, निगरानी करेंगे 210 कैमरे

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। चुनाव को संपन्न कराने के बाद अब मतगणना का कार्य सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने रणनीति तैयार कर ली है। वोटों की गिनती शुरू होने से तीन घंटे पूर्व मतगणना स्थल को फोर्स को हवाले कर दिया जाएगा। चारों तरफ चप्पे-चप्पे पर फोर्स तैनात रहेगी। चुनाव जीतने वाले उम्मीदवार को विजय जुलूस निकालने पर रोक रहेगी। सुरक्षा के घेरे में पुलिसकर्मी विजयी प्रत्याशी को उसके घर तक पहुंचाएंगे।

लोकसभा के लिए मतदान होने के बाद अब सबकी निगाहें मतगणना पर है। प्रत्याशी से लेकर उनके समर्थक और आम जनता चार जून को होने वाली वोटों की गिनती का इंतजार कर रही है। मंडी में मतगणना होगी। एसपी केशवचन्द गोस्वामी ने मतगणना में 2 एडिशनल एसपी, 7 सीओ, 27 इस्पेक्टर, 122 सबइंस्पेक्टर, 198 हेडकांस्टेबल, 779 कांस्टेबल, अर्धसैनिक बल और पीएसी की ड्यूटी लगाई है। 200 पुलिसकर्मी रिजर्व रहेंगे मतगणना में 210 कैमरे लगेंगे।

मंडी के आसपास से मतगणना कक्ष तक जगह-जगह पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। जरूरत के अनुसार थाना प्रभारियों की भी ड्यूटी लगाई गयी है। मंडी के आसपास जवान भ्रमणशील रहेंगे, ताकि कोई भी अराजक तत्व व्यवधान उत्पन्न न कर सकें। मतगणना स्थल पर 2 एएसपी और 7 सीओ भी भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहेंगे। एडिशनल एसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने कहा कि चुनाव के मद्देनजर जिले में धारा 144 लागू है, इसलिए कही पर भीड़भाड़ नही इकट्ठा होने दी जाएगी। सोशल मीडिया पर पूरी तरह से नजर रखी जायेगी। बिना पास के कोई भी अंदर नही जाएगा। इसके अतिरिक्त मतगणना स्थल पर स्ट्रांग रूम व आसपास के क्षेत्र में ड्रोन कैमरे के माध्यम से निगरानी की जाएगी। किसी भी आकस्मिक घटना से निपटने के लिए क्यूआरटी और रिजर्व टीम का गठन किया गया है। सोशल मीडिया विभिन्न प्लेटफार्म पर गलत व भ्रामक सूचना प्रसारित करने वालों को चिह्नित कर कार्रवाई करेंगी। एसपी ने मोबाइल पार्टी, क्यूआरटी को भी भ्रमणशील रहने के निर्देश दिए।



### जिलाधिकारी ने लिया मतगणना तैयारियों का जायजा

हरदोई, अमृत विचार। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने आज मतगणना की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मंडी परिसर का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि परिसर की उचित साफ सफाई करायी जाये। बैरीकैटिंग की मजबूत व्यवस्था की जाये। गणना कक्ष में सुरक्षा के सभी मानकों का विशेष ध्यान रखा जाये। परिसर में पेयजल की उचित व्यवस्था की जाये। परिसर में निर्धारित स्थानों पर अच्छी गति वाले नेट की व्यवस्था की जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, जिला विकास अधिकारी अरविन्द कुमार, पीडी गजेन्द्र तिवारी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### आज खुलेगी नवीन गल्ला मंडी, तीन दिन रहेगी बंद

हरदोई। लोकसभा चुनाव की मतगणना को ले कर नवीन गल्ला मण्डी तीन दिनों के लिए बंद रहेगी। उन दिनों आढ़त बंद होगी और कोई खरीद नहीं होगी। जबकि शनिवार को मण्डी में खरीद होगी। व्यापार मण्डल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कौशिक गुप्ता ने बताया कि चार जून को नवीन गल्ला मण्डी में मतगणना होगी,इस लिए रविवार दो जून, सोमवार, तीन जून और मंगलवार चार जून को समूचा व्यापार बंद रहेगा। शनिवार को मण्डी में खरीद होगी। उन्होंने व्यापारियों से कहा है कि प्रशासनिक व्यवस्था में सहयोग करें।


33 केवीए विद्युत सब स्टेशन पर ट्रांसफार्मर में पानी की फुहार मारता कर्मचारी।

### ट्रांसफार्मरों को कूल रखने को किए जा रहे जतन

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। 44 डिग्री तापमान पार होने के बाद बिजली के ट्रांसफार्मरों ने काम करना बंद कर दिया है। बढ़ते हुए तापमान के कारण बिजली सप्लाई बाधित हो रही है, और लोगों को भीषण गर्मी में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली विभाग शहर वासियों निर्बाध बिजली आपूर्ति को मुस्तैद है। इसी कवायद में 33 केवीए विद्युत सब स्टेशन पर दिन में और रात में ट्रांसफार्मरों के बढ़ते हुए टेंपरेचर को कम करने के लिए उनको पानी से धोया जा रहा है। लेकिन इसके बाद भी पारा 44 डिग्री पार होने के बाद टेंपरेचर लगातार बढ़ता जा रहा है। ऊपर से उपभोक्ताओं द्वारा जरूरत न होते हुए भी अधिक लोड डालकर ट्रांसफार्मरों का टेंपरेचर बढ़ा दिया जाता है जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। लोकल फाल्ट मुसीबत बन जाते हैं। बिजली विभाग ने ट्रांसफार्मरों को पानी की फुहार से धोकर ठंडा रखने की कोशिश की जा रही है। जल्द ही इन सभी ट्रांसफार्मरों के सामने दो-दो बड़े कूलर लगाकर टेंपरेचर को थामने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

संतोष निषाद, अवर अभियंता, 33 केवीए विद्युत सब स्टेशन ने बताया कि ट्रांसफार्मर के बढ़ते हुए टेंपरेचर को कम करने के लिए ट्रांसफार्मरों को पानी की बौछारों से धोया जा रहा है। ताकि टेंपरेचर डाउन हो सके। इसके अतिरिक्त प्रत्येक ट्रांसफार्मर के समक्ष दो कूलरों की व्यवस्था की जा रही है जिससे टेंपरेचर कम करने का प्लान बनाया गया है। बढ़ते हुए टेंपरेचर के कारण ट्रांसफार्मर काम करना बंद कर देते हैं। अवर अभियंता ने शहर वासियों से लोड एक साथ न डालने की अपील की है।

# तंबाकू उत्पादों से दूरी बनाने की दिलाई शपथ

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। जिला जज राजकुमार सिंह व जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने शुक्रवार को राजकीय सम्प्रेक्षण गृह का संयुक्त निरीक्षण किया। उन्होंने बाल बंदियों से समस्याओं के बारे में जानकारी ली। जिला जज ने सम्प्रेक्षण गृह में 31 मई्इर को राष्ट्रीय तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर बाल सम्प्रेक्षण गृह मे निवासित किशोरों को तंबाकू गुटका का सेवन न करने की शपथ दिलायी व हस्ताक्षर अभियान भी चलाया। निर्देश दिये कि बाल बंदियों को गुणवत्ता परक मीनू के अनुसार नाश्ता एवं भोजन उपलब्ध करायें और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करायें। निरीक्षण के समय सचिव विधिक प्राधिकरण, जिला सूचना अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

उधर अपर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में शुक्रवार को जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के संयोजन से तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला महिला चिकित्सालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. शिवम गुप्ता ने तम्बाकू के सेवन व उसके दुष्प्रभाव के विषय मे जानकारी दी। अपर जिला जज भूपेंद्र प्रताप ने शिविर में तम्बाकू का सेवन न करने के लिए शपथ दिलाई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुबोध कुमार, डॉ. शिवम गुप्ता, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिपिक अभिषेक अवस्थी, पीएलवी शिवम कश्यप व चिकित्सालय स्टाफ आदि उपस्थित रहे।


तंबाकू का सेवन न करने की शपथ दिलाते जिला जज व जिलाधिकारी।



सीएचसी में हस्ताक्षर अभियान चलाते लोग। अमृत विचार

### सीएचसी पर चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

हरदोई, अमृत विचार। 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना में तंबाकू से होने वाली हानियों से जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को तंबाकू छोड़ने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर भागीदारी की। इस अवसर पर डॉक्टर सौरभ कुमार ने लोगों को बताया विश्व में लगभग सात लाख लोग हर वर्ष तंबाकू सेवन से जान गवाते हैं। गंभीर बीमारी कैंसर, हृदय रोग, अल्जाइमर रोग की चपेट में आ जाते हैं। तंबाकू सेवन से मानसिक, शारीरिक और आर्थिक क्षति होती है। इस अवसर पर डॉ. उस्मान, स्वास्थ्य कर्मी डॉ. मोनिका बिश्नोई, बीपीएम मनीष चौधरी, आशीष कुमार, अनिल कुमार, रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्य संजय कुमार आदि मौजूद रहें।

## सार-संक्षेप


नवीन गल्ला मंडी व्यापारी संघ के चुने गए पदाधिकारी। अमृत विचार

### नवीन गल्ला मंडी व्यापारी संघ का चुनाव संपन्न

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। नवीन गल्ला मंडी व्यापारी संघ के लिए महेंद्र सिंह राणा को सर्वसम्मत से अध्यक्ष चुना गया। संगठन की संरक्षक शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र की विधायक और प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी नियुक्त की गई। महामंत्री पद पर एडवोकेट वसंत गुप्ता का चुनाव किया गया। उपाध्यक्ष मोनू शुक्ला, राज किशोर गुप्ता एवं विमल गुप्ता, मंत्री अतुल गुप्ता, मोतीलाल राठौर, संदीप सिंह एवं नीरज शुक्ला, कोषाध्यक्ष- साजिद खान, संगठन मंत्री- मोहम्मद अजीम, रामप्रकाश, रामनिवास गुप्ता तथा मीडिया प्रभारी राजीव कश्यप नियुक्त किए गए। इसके अतिरिक्त आमंत्रित सदस्य में अनिल यादव, राकेश चौधरी, हरिओम रस्तोगी, मनदीप मिश्रा, अनुभव मिश्रा, आशीष बाजपेई, वीरेंद्र गुप्ता, सुरेश वर्मा एवं रमेश मिश्रा आदि बनाए गए। इस अवसर पर नवनियुक्त महामंत्री बसंत गुप्ता ने कहा व्यापारियों के हितों के लिए वह हमेशा संघर्ष करते आए हैं और संघर्ष करते रहेंगे। किसी भी अधिकारी द्वारा व्यापारी का उत्पीड़न नहीं किया जाएगा अगर किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न किया जाता है तो वह संगठन के समक्ष अपनी बात रखें। हर संभव उसकी मदद की जाएगी। व्यापारियों को अधिकारियों से डरने की जरूरत नहीं। सामंजस्य बनाकर अपना व्यापार करें।

### पैदल जा रहे अधेड़ की ट्रैक्टर से कुचल कर मौत

सवायजपुर, हरदोई। सड़क के किनारे पैदल जा रहे अधेड़ को तेज़ रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मारते हुए उसे कुचल दिया,जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई। हादसा होने की खबर से वहां हड़कंप मच गया। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। बताया गया है कि सवायजपुर कोतवाली के वृंदावन गांव निवासी 54 वर्षीय सौहान सिंह पुत्र नेकराम शुक्रवार की सुबह पैदल अपने खेत से घर की तरफ लौट रहा था,उसी बीच गांव के करीब पहुंचते ही उसे पीछे से आ रहे तेज़ रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मारते हुए उसे कुचल दिया,जिससे सौदान सिंह की वहीं पर मौत हो गई। हादसा होते देख वहां आस-पड़ोस मौजूद लोगों के शोर मचाने पर ड्राइवर ट्रैक्टर ले कर वहां से भाग निकला। उधर इसका पता होते ही अधेड़ के घर वाले रोते-बिलखते हुए दौड़ पड़े। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया। तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल जांच की जा रही है।

### दबंगों ने रास्ते में रोककर जान से मारने की दी धमकी

सवायजपुर, हरदोई, अमृत विचार। थाना हरपालपुर क्षेत्र में कुछ दबंगों ने एक संवाददाता को जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित ने हरपालपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाकर कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार अरवल थाना क्षेत्र के गांव निवासी अंकित त्रिवेदी सुबह 8 बजे अपने निजी काम से हरपालपुर में आए थे। काम होने के बाद हरपालपुर से अपने घर के लिए जा रहा था, तभी रास्ते में महादायन गांव के निवासी पेशकार यादव पुत्र भानुप्रताप यादव व शिव सिंह यादव पुत्र श्री कृष्ण यादव ने पत्रकार को रास्ते में रोककर गाली गलौज ओर जान से मारने की धमकी व दोनों टांगे चीर देंगे ओर कहा कि पत्रकारिता छोड़ दो नहीं तो गांव में नहीं रह पाओगे पत्रकार जैसे तैसे वहां से निकालकर अपने घर पहुंचा उसके बाद थाना हरपालपुर में पत्रकार ने शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

## श्रद्धांजलि

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने 300वीं जयंती पर आयोजित किया कार्यक्रम, मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर डॉ अंजू आनंद ने किया संबोधित

# कुशल प्रशासक व बेहद जीवट वाली महिला थीं रानी अहिल्याबाई

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर कार्यक्रम मनाया। शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नगर इकाई ने शहर के आवास विकास कॉलोनी स्थित जेके पब्लिक स्कूल में महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में आर्य कन्या डिग्री कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अंजू आनंद ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर के बारे में आज की पीढ़ी बहुत कम जानती है। वे रानी लक्ष्मीबाई, रानी चेनम्मा जैसी ही कुशल प्रशासक व बेहद जीवट वाली महिला थीं। उन्होंने अनेक दुःख देखे, पहले उनके पति फिर ससुर की मौत उनके सामने ही हो गयी, पर वह डिगी नहीं और संकट में घिरे मालवा राज्य की ज़िम्मेदारी अपने हाथो में ली। अहिल्याबाई का मानना था कि धन और राज्य ईश्वर की दी हुई धरोहर है, जिसकी वो मालिक नहीं बल्कि प्रजा के हित में उसकी संरक्षक थीं। प्रजा के सुख दुख की जानकारी वे स्वयं प्रत्यक्ष रूप प्रजा से मिलकर लेतीं तथा न्याय-पूर्वक निर्णय देती थीं। वह हमेशा से ही अपने साम्राज्य को मुस्लिम आक्रमणकारियो से बचाने की कोशिश करती रही। युद्ध के दौरान वह खुद सेना में शामिल हो युद्ध करती थी। अहिल्याबाई होल्कर ने कई महल, मंदिर, धर्मशालाएं, बावड़िया बनवायीं। मुगलों द्वारा ध्वस्त किए गए मंदिरों का जीर्णोद्धार भी करवाया। उन्हे शिव जी के प्रति विशेष भक्ति भाव था। यहां तक कि अपना राज्य भी भगवान् शिव को समर्पित कर रखा था। उन्होंने अन्य मंदिरों के अतिरिक्त सोमनाथ में शिवजी का मंदिर बनवाया। काशी विश्वनाथ मंदिर के पुनर्निमाण में सहयोग दिया। महारानी ने कलकत्ता से बनारस तक रोड का निर्माण करवाया। उस समय टैक्सटाइल इंडस्ट्री का निर्माण किया। मातृशक्ति के सशक्तिकरण हेतु नारीसेना का गठन किया। नगर कार्यवाह विनय पाण्डेय ने बताया कि इस वर्ष महारानी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती है इस उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पूरे देश में कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र संघचालक कृष्णमोहन, विभाग संघचालक शिवस्वरूप, नगर संघचालक मिथिलेश, सह नगर संघचालक देवेन्द्र, विभाग सम्पर्क प्रमुख राजेश, जिला कार्यवाह संजीव, जिला सम्पर्क प्रमुख कृष्ण कुमार, नगर प्रचारक विशाल, जिला अध्यक्ष सेवा भारती विजय बहादुर सिंह, श्रीकृष्ण शास्त्री, सुधीर सिंह, राजीव मोहन अवस्थी, दीपमाला, पूजा, रेखा, गायत्री देवी के अतिरिक्त भारी संख्या में सामान्य जन मौजूद रहे। उधर सपा व सुभासपा तथा लोक माता अल्हियाबाई होल्कर यूथ बिग्रेड के जिलाध्यक्ष अरुणेश पाल के नेतृत्व में भी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई गई।


अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते अतिथि। अमृत विचार

## एक नजर

### बहन ने भाई पर लगाया घर में घुसकर दुष्कर्म का आरोप

**हरदोई।** एक युवक ने अपनी सगी बहन को उसके घर में घुसकर बुरी नीयत से दबोच लिया और उसके कपड़े फाड़ दिए। आरोप है कि युवक ने जबरन बहन के साथ दुष्कर्म किया और जाते-जाते धमकी दी कि अगर इस बारे में किसी को बताया तो हत्या कर शव गायब कर देगा। महिला शुक्रवार को एसपी कार्यालय पहुंची और कार्रवाई की गुहार लगाई। जानकारी के अनुसार बेनीगंज कोतवाली के कल्याणमल निवासी मुस्लिम समुदाय की महिला ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि उसके सगे भाई ने उसके साथ जबरन दुराचार किया। बताया कि उसका भाई वहीं पास में रहता है। बुधवार को आरोपी भाई उसके घर में आया और बुरी नीयत से उसे दबोच लिया। पहले तो उसके कपड़े फाड़े और फिर ज़बरदस्ती दुष्कर्म किया। जाते समय धमकी दी कि किसी से बताने पर जान से मार देगा और शव गायब कर देगा। धमकी दिए जाने से महिला काफी सहमी हुई है। उसने बताया कि उसने कोतवाली में तहरीर दी। लेकिन कोई सुनवाई न होने पर एसपी से मिलकर प्रार्थना पत्र दिया है। इस संबंध में चौकी इंचार्ज कल्यानमल फूल सिंह ने बताया कि महिला के भाई की बेटी का विवाह उसके बेटे से हुआ है। सास-बहू के झगड़े में वह अपने सगे भाई पर दुष्कर्म का फर्जी आरोप लगा रही है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद पुलिस ने सुलह समझौता कराकर वापस कर दिया था, लेकिन महिला लगातार अपने भाई पर दबाव बनाने का प्रयास कर रही है।

### किशोरी ने ट्रेन के आगे लगाई छलांग, हालत गंभीर

**शाहाबाद, हरदोई।** शाहाबाद कोतवाली के आंझी रेलवे स्टेशन की रेलवे क्रॉसिंग के निकट एक 15 वर्षीय किशोरी ने ट्रेन के आगे छलांग लगाकर खुदकुशी का प्रयास किया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जख्मी हालत में उसे सीएचसी शाहबाद लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद किशोरी को मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर किया गया है। रात्रि तकरीबन 9:00 बजे पुलिस को सूचना मिली कि एक किशोरी ने आंझी रेलवे स्टेशन की मेन रेलवे क्रॉसिंग के निकट ट्रेन के आगे कूद कर खुदकुशी कर ली है। तत्काल कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। गंभीर रूप से जख्मी किशोरी को सीएचसी लाया गया। किशोरी को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर किया गया है। किशोरी की पहचान नहीं हो सकी।



छात्र की हत्या के बाद पाली कस्बे में बंद दुकानें। अमृत विचार



कस्बे में कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात किया गया भारी पुलिस सुरक्षा बल। अमृत विचार

# छात्र की हत्या के बाद कस्बे में तनाव, भारी पुलिस बल तैनात

## गुरुवार की देर शाम समुदाय विशेष के छात्र ने दूसरे छात्र को मारी थी गोली, अस्पताल में हो गई थी मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** 12वीं के छात्र की हत्या के बाद पाली कस्बे में तनाव फैल गया। जिसके चलते पुलिस एहतियात के तौर पर बाज़ार बंद करा दिया है। कानून व्यवस्था व शांति बनाए रखने के लिए कई थानों की पुलिस तैनात की गई है। मृतक छात्र के ताऊ ने तहरीर देकर तीन लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया है। एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी, एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह, सीओ शाहाबाद अनुज मिश्रा व हरपालपुर रविप्रकाश सिंह हालात पर नज़र बनाए हुए हैं।

बताते चलें कि गुरुवार की शाम को पाली थाने के इस्माइलपुर निवासी संजय सिंह के पुत्र युवराज सिंह को कस्बे के बिरहाना में वहीं के अदनान ने तमंचे से गोली मार दी थी। सरस्वती शिशु मंदिर इण्टर कालेज में 12वीं के छात्र युवराज को सीएचसी से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। छात्र की हत्या होने से पाली में तनाव फैल गया। जिसके चलते पाली के अलावा शाहाबाद और पचदेवरा थाने की पुलिस को तैनात किया गया। मामला बढ़ते देख भारी मात्रा में पीएसी भी बुला ली गई। एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह, सीओ शाहाबाद अनुज मिश्रा व सीओ हरपालपुर रविप्रकाश सिंह वहीं डटे हुए। छात्र युवराज उर्फ युवी के ताऊ महेंद्र सिंह भाजपा के पूर्व ज़िलाध्यक्ष सौरभ मिश्रा के साथ गुरुवार की देर थाने पहुंचे। उन्होनें पुलिस को जो तहरीर दी। उसमें कहा कि युवराज उर्फ युवी अपने साथी प्रांजल और ओमवीर के साथ पाली आया था, जहां बाज़ार निवासी ज़ुबैर ने उसके सीने पर तमंचा सटा कर गोली मार कर उसकी हत्या कर दी। तहरीर में ज़ुबैर के अलावा जुनैद और बाद में अदनान को आरोपी बनाया गया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज करते हुए हमलावरों की तलाश शुरु कर दी। इधर शुक्रवार को पुलिस ने पाली कस्बे की बाज़ार बंद करा दी है, ताकि लोगों को अफवाहों से बचाया जा सके।



घटनास्थल पर लोगों से जानकारी लेते एसपी केसी गोस्वामी।

### छह इंस्पेक्टर व 25 एसआई को सौंपी गई कमान

**हरदोई।** पाली में बढ़ते तनाव को देखते हुए एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह ने सीओ हरपालपुर रविप्रकाश सिंह के साथ एसएचओ शाहाबाद राजदेव मिश्रा, एसएचओ मझिला सुब्रत नारायण तिवारी, एसएचओ हरपालपुर आनंद नारायण त्रिपाठी, एसएचओ लोनार आलोक मणि त्रिपाठी, एसएचओ सवायजपुर शेषनाथ सिंह और एसएचओ हरियावां भावना भारद्वाज के साथ 25 एसआई (अंडर ट्रेनिंग) 38 हेड कांस्टेबिल व कांस्टेबिल और 13 महिला कांस्टेबिल को तैनात किया गया।

### पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया

पाली कस्बे में गोली लगने से ज़ख्मी हुए युवराज सिंह उर्फ युवी की देर शाम को मेडिकल कालेज में मौत होने के बाद शव को वहीं मर्चरी में रखवा दिया गया था। शुक्रवार को एसएचओ कोतवाली शहर संजय पाण्डेय ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए वहीं उसका एक्स-रे कराया। शव का एक्स-रे कराए जाने के दौरान वहां काफी चाक-चौबंद पुलिस व्यवस्था दिखाई दी।



शुक्रवार को मृतक छात्र के घर के बाहर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

### एसपी ने की शांति बनाए रखने की अपील

छात्र की हत्या के बाद उपजे विवाद और तनाव को लेकर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने सभी से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। कहा है कि आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। कोई भी व्यक्ति कानून को अपने हाथ में न लें।

### पांचाल घाट पर भारी सुरक्षा में हुआ अंतिम संस्कार

**भरखनी।** पूरे दिन हंगामे के बाद देर शाम अधिकारियों के समझाने पर परिजन व प्रदर्शनकारी अंतिम संस्कार को राजी हुए। मृतक का अंतिम संस्कार फर्रुखाबाद के पांचाल घाट पर भारी संख्या के बीच किया गया। घटनास्थल कस्बा पाली के अलावा मृतक के गांव पर भी भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात रहा।

### लड़की को लेकर मृतक व आरोपी में हुआ था विवाद

शुक्रवार दोपहर को पाली पहुंचे पुलिस अधीक्षक केशव चंद गोस्वामी ने बताया कि बीते कुछ दिन पूर्व एक लड़की से बात करने को लेकर आरोपी और मृतक के बीच विवाद हुआ था, जिसमें सुलह समझौता भी करा दिया गया था, लेकिन गुरुवार को एक बार पुनः दोनों में विवाद हो गया और आरोपी ने युवराज को गोली मार दी। जिसकी अस्पताल में मौत हो गई।

## सड़क पर उतरे लोग, आरोपियों का एनकाउंटर और घर पर बुलडोजर चलवाने की मांग

**पाली, हरदोई, अमृत विचार।** समुदाय विशेष के छात्र द्वारा इंटरमीडिएट के छात्र की गोली मारकर हत्या की जानकारी होते ही कस्बे में तनाव की स्थिति बन गई। शुक्रवार को पंथवारी देवी मंदिर पर मृतक छात्र के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें नगर व क्षेत्र से आए उत्तेजित लोग युवराज की तस्वीर और जस्टिस फॉर युवराज लिखी तख्ती लेकर सड़क पर निकल पड़े। उन्होंने आरोपी के एनकाउंटर और घर पर बुलडोजर चलाने की मांग करते हुए हंगामा काटा। इस दौरान प्रशासन के हाथ पैर फूल गए, मौके पर एसडीएम सवायजपुर और एसडीएम शाहाबाद के अलावा एएसपी और तीन सर्कल के सीओ सहित कई थानों का पुलिस फोर्स पहुंचा और स्थिति को संभाला। हालत बिगड़ते देख भारी मात्रा में पीएसी भी बुला ली गई। सड़कों पर उतरे लोगों ने इस दौरान जमकर बवाल भी काटा और कई गाड़ियों को निशाना बनाया, साथ ही फुटपाथ पर रखी गुमटियों आदि में भी तोड़फोड़ की। प्रशासन ने सुबह से ही पूरी मार्केट को बंद करा दिया था। गुरुवार देर रात को भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सौरभ मिश्रा नीरज के साथ पहुंचकर मृतक के ताऊ महेंद्र सिंह ने उपरोक्त तीनों आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। घटना को लेकर पाली कस्बे में रोष व्याप्त है। पुलिस ने शुक्रवार को एहतियातन बाजार को भी बंद करा दिया। इसके बाद सुबह 9 बजे कस्बा सहित क्षेत्र के लोग नगर के पंथवारी देवी मंदिर पर एकत्र होने लगे और यहां श्रद्धांजलि सभा करने के बाद युवराज सिंह यूवी ठाकुर की तस्वीर लेकर सड़क पर निकल पड़े। इस दौरान इनकी पुलिस एवं प्रशासन से झड़प भी हुई। उग्र भीड़ ने एक सुर में आरोपियों के एनकाउंटर और उनके घर पर बुलडोजर चलाने की मांग करते हुए जमकर बवाल किया। पंथवारी देवी मंदिर से निकलकर सभी लोग थाना होते हुए बाजार, डाकघर चौराहा होकर घटना स्थल पर पहुंचे जहां जमकर उपद्रव हुआ। पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी निरीह दिखाई दिए। भीड़ भूधर वाली मठिया, बाजार होकर पुनः पंथवारी देवी मंदिर पहुंची। जहां अधिकारियों ने उग्र भीड़ को काफी समझाने का प्रयास किया पर काफी देर तक बवाल होता रहा। कई क्षेत्रीय नेता भी मौके पर पहुंचे, लेकिन उग्र भीड़ ने उनकी एक न सुनी।

# चाइनीज मांझे से अधेड़ की गर्दन कटी, मौत

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**हादसा**

▸▸ बेटी को परीक्षा दिलाकर आ रहा था वापस

**अमृत विचार।** शुक्रवार की देर शाम अपनी बेटी को परीक्षा दिलवाकर बाइक से घर वापस जा रहे एक अधेड़ की गर्दन में हाईवे पर मांझा फंस गया, जिसके उसकी पूरी गर्दन कट गई और बाइक सहित गिर पड़ा। तत्काल आसपास के लोगों ने उसे ई-रिक्शा के माध्यम से सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की बेटी का रो-रो कर बुरा हाल है।

शाहजहांपुर जनपद के थाना सदर बाजार अंतर्गत मऊ वासत निवासी श्रवण कुमार 45 वर्ष पुत्र मदन लाल अपनी पुत्री को परीक्षा दिलाने के लिए बालामऊ गया था। बाइक से वापस आते समय हाईवे पर भारतीय जीवन बीमा निगम के कार्यालय के निकट उसकी गर्दन में चाइनीज मांझा फंस गया और पूरी गर्दन कट जाने की वजह से श्रवण कुमार मोटरसाइकिल से नीचे गिर गया। श्रवण कुमार पूरी तरीके से लहूलुहान हो गया। पिता की हालत देख उसकी बेटी रोने चीखने लगी, जिसको सुनकर मौके पर भारी भीड़ एकत्रित हो गई। तत्काल राहगीरों ने घायल श्रवण कुमार को ई-रिक्शा के माध्यम से सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की बेटी का रो-रो कर बुरा हाल है। बेटी ने परिजनों को सूचना दी है। सीएचसी से मेमो भेज कर पुलिस को सूचना दी गई है। मौके पर पहुंची पुलिस पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए तैयारी कर रही है।

### मांझे की चपेट में आ चुके हैं कई लोग

इससे पूर्व शाहाबाद कोतवाली में तैनात महिला सिपाही प्रियंका भी चाइनीज मांझे का शिकार हुई थी। प्रियंका की नाक और चेहरे पर काफी चोटें आई थीं। मोहल्ला दिलेर गंज निवासी एडवोकेट बसंत गुप्ता की दो उंगलियां कटकर जमीन पर गिर पड़ी थीं। मोहल्ला कटरा के सौरभ मिश्रा की भी चार उंगलियां इसी चाइनीज मांझा से कटी थी। परंतु पुलिस ने लाख शिकायतों के बाद भी चाइनीज मांझे को बंद नहीं कर पाया जिससे लोगों में भयंकर आक्रोश व्याप्त है।

### नहर में उतराते मिले युवक व महिला के शव

**हरदोई अमृत विचार।** पिहानी और टड़ियावां इलाके के युवक और दूसरे एक महिला का शव शारदा नहर में पानी की तेज़ धार के साथ आगे-पीछे बहते हुए देखा। इसका पता होते ही वहां सनसनी फैल गई। बताते हैं कि युवक का शव जला हुआ था, जबकि महिला का औंधे मुंहबह रहा था। बताया गया है कि शुक्रवार को शारदा नहर में पिहानी कोतवाली के हर्रइया और लेहना पुल पर दो शवों को बहते हुए देखा गया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई है।

### सड़क किनारे बेहोश पड़ा मिला शाहजहांपुर निवासी शिक्षक का लापता बेटा

**हरदोई, अमृत विचार।** शिक्षक का पुत्र 27 मई को फूफा के घर के लिए निकला और लापता हो गया। पिता की तहरीर पर शाहजहांपुर के सिधौंली थाने में केस दर्ज करने के बाद पुलिस उसे तलाश कर रही थी। शुक्रवार को युवक बेहोशी की हालत में बावन-जगदीशपुर के बीच सड़क के किनारे बंधा हुआ बेहोश पड़ा मिला। लोनार पुलिस ने उसे सीएचसी बावन में भर्ती कराया। उसके बाद उसे वहां पहुंची शाहजहांपुर पुलिस को सौंप दिया। शुक्रवार की सुबह कुछ राहगीरों ने बावन और जगदीशपुर के बीच रिज़वान धर्मकांटे के सामने सड़क के किनारे युवक को बेहोश पड़ा देखा। उसके हाथ-पैर प्लास्टिक की डोरी से बंधे हुए थे। इसका पता होते ही एसएचओ लोनार आलोक मणि त्रिपाठी व बावन चौकी इंचार्ज व्यास यादव वहां पहुंचे। उन्होनें उसे बावन सीएचसी में भर्ती कराया। होश में आने के बाद युवक ने अपना नाम हिमांशु गौतम पुत्र रविन्द्र कुमार निवासी तेरा थाना सिधौंली शाहजहांपुर बताया। पिता शिक्षक है। उसने बताया कि 27 मई को बाइक सवार तीन युवक उसे अपने साथ बैठा ले गए और कहीं कमरें में बंद कर दिया। सिघौंली थाने में दर्ज गुमशुदगी रिपोर्ट में पिता ने कहा था कि हिमांशु 27 मई को अपने फूफा अनिल कुमार निवासी आज़ाद नगर पिहानी चुंगी हरदोई जाने की बात कह कर निकला था। उसके बाद से ही लापता था।


# मुफ्त स्वास्थ्य मेला

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, जिला शाहजहाँपुर द्वारा

09 जून 2024, रविवार
समय : प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक

कैम्प स्थान
श्री हर्ष पाण्डेय आदर्श इण्टर कॉलेज
शाहबाद, हरदोई

में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निम्न रोगों का कैम्प में मुफ्त इलाज किया जायेगा।
सामान्य रोग, हृदय रोग, सर्जरी (शल्य) रोग, नेत्र रोग, दन्त रोग, हड्डी रोग, नाक, कान एवं गला रोग, छाती एवं श्वास रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, चर्म रोग तथा मानसिक रोग आदि।

**कैम्प में आये मरीजों के लिये उपलब्ध निःशुल्क सुविधायें**

- पंजीकरण मुफ्त • परामर्श मुफ्त • दिल की जाँच (ECG) मुफ्त • सामान्य दवायें मुफ्त
- हड्डी की जाँच (BMD) मुफ्त • ब्लड शुगर की जाँच मुफ्त • ब्लड प्रेशर की जाँच मुफ्त

**कैम्प के द्वारा अस्पताल आने पर मरीजों के लिए मुफ्त सुविधायें**

- खून की जाँच C.B.C. (T.L.C., D.L.C., E.S.R., Hemoglobin, Platelets)
- लीवर की जाँच L.F.T. (Serum Bilirubin, SGOT, SGPT, S.Alkaline Phosphatase)
- गुर्दे की जाँच K.F.T. (Serum Urea, Serum Creatinine)
- हृदय की जाँच E.C.G. द्वारा। • डायबिटीज की जाँच (Blood Sugar Random)
- भर्ती एवं पलंग मुफ्त। • ऑपरेशन मुफ्त। (ऑपरेशन थियेटर एवं दवाईयों का खर्च अतिरिक्त)
- मोतियाबिन्द के मरीजों की भर्ती, ऑपरेशन, लैन्स, सामान्य दवाईयाँ व खाना मुफ्त।
- बच्चों एवं माताओं के लिए मुफ्त टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध।

**दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।**

**परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में 1 वर्ष के लिये उपलब्ध है।**

अन्य सुविधायें:
1. रोहिलखण्ड क्षेत्र के वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. अर्जुन अग्रवाल द्वारा सभी प्रकार के कैंसर की जाँच, परामर्श एवं इलाज की सविधा उपलब्ध।
2. अस्पताल में प्रसव कराने पर जननी को 1000/- रुपये की सहायता राशि एवं प्रसव को लाने पर 700/- रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।
3. ब्लड बैंक, आई.सी.यू. व वेंटीलेटर की सुविधा 24 घंटे सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
4. मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मात्र 400 रुपये, एक्सरे मात्र 150 रुपये, ई.सी.जी. मात्र 50 रुपये।
5. सी.टी. स्कैन, एम.आर.आई, मैमोग्राफी व डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।



सिया मिश्रा पुत्री श्री अनुज मिश्रा के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में
सौजन्य से :
श्री हर्ष पाण्डेय जी, अनुज मिश्रा, राजकुमार यादव



अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें- Mob. 7521001988, 7521001989


### अधिक मतदान पर प्रीति को किया गया सम्मानित

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन के चतुर्थ चरण में मतदान अधिकारी बनाई गयी प्रीति मिश्रा को लगन उत्साह के साथ अन्य बूथों की तुलना में अधिक मतदान कराने पर मण्डल आयुक्त रोशन जैकब द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रशस्ति पत्र में दर्शाया गया है कि 13 मई को जनपद में मतदान केन्द्र इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय नाऊपुरवा द्वितीय मजरा पसनेर में निर्मित पोलिंग बूथ का भ्रमण किया गया। यह दिव्यांग कार्मिकों द्वारा संचालित बूथ था। उक्त बूथ पर अन्य बूथों की तुलना में अत्यधिक मतदान रहा।

# एक्स-रे यूनिट में फर्जी मेडिकोलीगल का खेल

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** मेडिकल कॉलेज के रेडियोलॉजी विभाग में फर्जी एक्स-रे रिपोर्ट का खेल पिछले कुछ महीनों से चल रहा है। फर्जी मेडिकोलीगल के खेल ने कई बेकसूरों को हवालात पहुंचा दिया तो कई अभी भी सलाखों के पीछे हैं। पिछले 20 दिनों में जिले में हुई दोचर्चित हत्याओं में मेडिकोलीगल में खूब खेल हुआ। फर्जी मेडिकल के आरोप भी लगे। शिकायते भी हुई लेकिन कार्रवाई कोई नहीं हुई।



एक्स-रे कक्ष के बाहर बैठे लोग। अमृत विचार

मेडिकल कॉलेज में मारपीट के मामले में फर्जी एक्स-रे रिपोर्ट तैयार करने की आये दिन शिकायते आती है। रेडियोलॉजिस्ट की भूमिका पर भी सवाल उठता है। चर्चा है कि अभी कुछ दिन पहले कोतवाली बिलग्राम और देहात कोतवाली इलाके में हुई हत्या में भी फर्जी मेडिकल का मामला सामने आया। जिसमे शिकायते भी हुई लेकिन कोई कार्यवाई नही हुई। बताया गया है कि एक्सरे में रेडियोलॉजिस्ट और कर्मचारी मिलकर खेल खेलते है। मारपीट की हल्की फुल्की घटनाओं में सिर में फैक्चर लिख दिया जाता है। किशोरियों की उम्र कम और ज्यादा करने के भी आये दिन मामले सामने आते है।

इस संबंध में जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. जेके वर्मा ने बताया कि जो भी शिकायतें आती हैं, गंभीरता से जांच करवाई जाती है। अभी तक जांच में फर्जी मेडिकल का कोई भी केस सामने नही आया है।

**नेक कार्य** — लीवर ट्रांसप्लाट में आने वाले खर्च को बांटने में मददगार बने जिले के लोग, इलाज के लिए 20 लाख की है जरूरत

# कशिश की जिंदगी बचाने के लिए आगे आए समाजसेवी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार :** मौत और जिंदगी ऊपर वाले के हाथ में है। लेकिन अगर सच्चे मन से प्रार्थना की जाए तो ऊपर वाला भी रहमत देता है।

दिल्ली के एम्स में मौत और जिंदगी से लड़ रही हरदोई की 22 वर्षीय बेटी कशिश के लिए सच्चे मन से की गई लोगों की एक कोशिश उसे दोबारा जिंदगी दे सकती है। इसी कड़ी में उसकी मदद के लिए जिले के समाजसेवी आगे आए हैं। तमाम स्वयंसेवी संगठन और समाजसेवियों की कोशिश है एक बेटी की जान बचाना। कोयल बाग कॉलोनी की कशिश शर्मा का लीवर ट्रांसप्लांट होना है और उसके लिए तकरीबन 20 लाख रुपये का खर्च बताया गया है। इतनी मोटी रकम का बंदोबस्त करना उसके पिता हरिओम के बस में नहीं था। ऐसे में कशिश को बचाने के लिए सोशल मीडिया पर शुरू की गई मुहिम ने तेजी पकड़ ली है। गुरुवार को व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्यामा कुमार गुप्ता उर्फ टीटू ने गल्ला मण्डी के व्यापारियों से इकट्ठा किए गए एक लाख 12 हज़ार 500 रुपये कशिश शर्मा के पिता के ऑनलाइन बैंक खाते में ट्रांसफर किए गए। यही नहीं, समाजसेवी और व्यापारी ट्वीट कर इस बेटी के इलाज में सहायता करने की लोगों से अपील कर रहे हैं।



अस्पताल में भर्ती कशिश।

कई समाजसेवियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि आपका डोनेशन एक बेटी का जीवन बचा सकता है। इस बेटी को इलाज की जरूरत है, ऐसे में ज्यादा से ज्यादा लोग इसका ट्वीट व व्हाट्सअप मैसेज लोगों में शेयर करें।

### व्यापारियों से इकट्ठा किए एक लाख 12 हजार

व्यापार मंडल के अध्यक्ष का कहना है कि कशिश मौत और जिंदगी से जूझ रही है। डाक्टरों के मुताबिक लीवर ट्रांसप्लांट कर उसे नई जिंदगी दी जा सकती है, लेकिन उसके लिए 20 लाख रुपये लगेंगे। ऐसे में व्यापार मण्डल के सहयोग से एक लाख 12 हजार से ज्यादा की राशि इकट्ठा की गई, आगे और भी मदद की जाएगी।

### पीलिया से शुरू हुई थी बीमारी

बताते है कि कशिश शर्मा को पीलिया हुआ था। उसके पिता हरिओम ने हरदोई के बाद उसे लखनऊ के डाक्टरों को दिखाया। उसके बाद उसे दिल्ली के एम्स में दिखाया तो वहां के डाक्टरों ने कशिश की ज़िंदगी बचाने के लिए लीवर ट्रांसप्लांट करने की बात कही और कहा कि अगले तीन दिनों के भीतर ऐसा नहीं होता है तो उसकी जिंदगी खतरे में पड़ सकती है। ऐसे में अब हरिओम बेटी के इलाज के लिए राशि इकट्ठा करने में जुटे हैं।

## एक नजर

### अतिरिक्त दहेज नहीं मिला तो बच्चे के साथ घर से निकाला

हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार। हरगांव थाना क्षेत्र मे एक विवाहिता को ससुरारीजनों ने अतिरिक्त दहेज न मिलने पर छः माह के मासूम बेटे के साथ घर से निकाल दिया। पीड़िता ने शुक्रवार को पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। हरगांव थाना क्षेत्र के लालपुर गांव निवासी लल्ली देवी ने बताया कि उसकी शादी दो वर्ष पूर्व हरगांव थाना क्षेत्र के नरायनपुर गांव निवासी बलराम के साथ हुई थी। ससुराल वाले शादी में मिले दहेज से खुश नहीं थे। जिससे सभी अतिरिक्त दहेज में पचास हजार रुपए रुपये तथा अपाचे मोटरसाइकिल की मांग करने लगे। दहेज न मिलने पर पति, सास, ससुर व ससुराल के सभी लोगों ने मानसिक तथा शारीरिक शोषण किया। थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया कि मामले की जांच करके कार्यवाई की जायेगी।

# मिश्रिख-सिधौली मार्ग पर शव रख कर किया प्रदर्शन

**आक्रोश**
- मारपीट के बाद इलाज के दौरान हुई थी युवक की मौत
- आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**सीतापुर, अमृत विचार।** मिश्रिख कोतवाली इलाके के रूपपुर निवासी युवक की मारपीट के बाद इलाज के दौरान हुई मौत मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर आक्रोशित परिजनों ने शुक्रवार को मिश्रिख-सिधौली मार्ग पर शव रखकर प्रदर्शन किया।

बताते चलें कि दो दिन पूर्व रूपपुर पुलिया के पास गांव निवासी महबूब अली की मारपीट के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। शुक्रवार को आक्रोशित परिजनों ने सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजनों ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग दी। मिश्रिख-सिधौली मार्ग पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों के द्वारा आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने के आश्वासन के बाद परिजन शांत हुए। उसके बाद पुलिस ने रास्ते से शव को हटवा कर जाम खुलवा दिया। मिश्रिख कोतवाल का कहना है कि आरोपियों के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# तेज धूप व गर्म हवाओं से सड़कों पर पसरा सन्नाटा


भीषण गर्मी के बीच लालबाग चैराहे पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार



**सीतापुर, अमृत विचार।** नौतपा के सातवें दिन जिले में भीषण गर्मी का प्रकोप देखने को मिला है। सड़कों पर पसरे सन्नाटे और वाहनों सहित पैदल गुजर रहे लोग दुप्पटे और अंगोछे से सिर और चेहरे को ढककर गुजरने को मजबूर है। आसमान से बरसती आग और लू के थपेड़ों ने गुरुवार की अपेक्षा शुक्रवार को तापमान में वृद्धि की है। दोपहर में 44 डिग्री सेल्सियस तापमान से लोगों का जीना मुहाल है। भीषण गर्मी के बीच विद्युत आपूर्ति को लेकर गांव से शहर तक हाहाकार मचा हुआ है। अधिक लोड के चलते लगातार जल रहे ट्रांसफॉर्मर से विधुत विभाग का वेयरहाउस फुल हो चुका है।

भीषण गर्मी के तल्ख तेवर और आग उगलते आसमान के बीच जहां आम जनजीवन तबाह हो गया है। वहीं वन्य प्राणियों की बेचैनी बढ़ गई हैं। भू-जलस्तर नीचे खिसकने से नहर, और तालाब सूख गए हैं। पानी के अभाव में पशु-पक्षियों को इधर-उधर भटकना लचारी बन गई है। सुनसान जगहों में रहने वाले जानवर पानी की तलाश में मैदानी इलाकों की तरफ पलायन शुरू कर दिए हैं। आसमानी आफत से सड़कों पर दोपहर के समय सन्नाटा पसरा रहता है। भीषण गर्मी के कारण नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति गर्मी के कारण फुंक रहे ट्रांसफार्मरों के कारण बार-बार बधित हो रही है। लोगों को सुचार रूप से विद्युत आपूर्ति करने के उद्देश्य से स्थानीय पावर हाउस में ट्रांसफार्मरों को ठंडा करने के लिए पंखों का प्रयोग किया जा रहा है।

### सूखे पड़े तालाब

**सकरन।** गर्मी में तालाबों को लबालब भरने के शासन के आदेश पर अधिकारियों की मनमानी से पानी फिर गया है। विकास खंड सकरन के अधिकांश तालाबों में पानी नहीं है और वहां धूल उड़ रही है। पशु-पक्षी पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। पशुपालक भी मवेशियों को लेकर भटकते हैं। हर वर्ष गर्मी से पहले तालाबों को भरवाया जाता था। इस बार प्रदेश में भाजपा की दोबारा सरकार बनते ही शासन की ओर से तालाबों को भरने के आदेश दिए गए थे। इन आदेशों पर प्रशासनिक अधिकारियों ने अमल नहीं किया। समाजसेवी हिमांशु वर्मा ने ग्राम पंचायतों में स्थित तालाबों में पानी भरवाए जाने की मांग की है।

# एसी ब्लास्ट से कपड़े के शोरूम में आग

## आउटडोर यूनिट में अचानक हुआ ब्लास्ट, शोरूम की दूसरी मंजिल बनी आग का गोला

**सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली नगर के मुख्य बाजार लालबाग में एसी के आउटडोर में अचानक ब्लास्ट होने से कपडे के शो-रूम में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने कपड़ा शोरूम के दूसरी मंजिल के स्टोर रूम सहित शोरूम में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। शोरूम से उठते धुएं के गुब्बार से स्थानीय दुकानदारों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे फायरकर्मियों ने शोरूम के शीशे को तोड़कर आग को बढ़ने से रोकने के साथ ही पानी की बौछार कर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। शोरूम में लगी आग से लाखों रुपयों की सामान जलकर बर्बाद होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

क्षेत्र के मुख्य बाजार लालबाग में विजयलक्ष्मी नगर निवासी व्यापारी मोनू सहगल का कपड़ों का तीन मंजिला भव्य शोरूम है। जिसकी देखरेख उनके सुपुत्र आयुष सहगल करते है। बताया जाता है कि शुक्रवार की दोपहर जब भीषण गर्मी का पारा 44 डिग्री के समीप था। इसी दौरान शोरूम के छत पर रखे स्प्लिट एसी के आउटडोर में तेज धमाके के साथ हुए शार्ट सर्किट से अचानक शोरूम में आग लग गई। शोरूम में मौजूद कर्मचारी जब तक कुछ समझ पाते तब तक आग ने शोरूम के दूसरी मंजिल पर पहुंची एसी की पाइप के जरिये आग ने विकराल रूप धारण कर वहां रखे कपड़ों में पहुंच गई। धुएं के उठते गुब्बार को देखकर स्थानीय दुकानदारों में सहम गये और मामले की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। इस भीषण आग से करीब 15 से 20 लाख रूपये का सामान जलकर खाक होने की सम्भावना जताई जा रही है।

**हादसा**
- फायरकर्मियों ने शीशे को तोड़कर आग पर पाया काबू, मुख्य बाजार में स्थित है शोरूम

> सहगल वस्त्र भंडार शोरूम में आग लगने की सूचना मिलते ही कई गाड़ियों को लेकर मौका पर पहुंचा गया। शीशे को तोड़कर वेंटिलेशन के बाद काम पर काबू पाया गया है। आग लगने की वजह शार्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। आग से लाखों रुपयों के नुकसान आंकलन है सही स्थिति तो शोरूम में फैली उमस के बाद ही साफ हो सकेगी।
> -सुभाष सिंह, चीफ फायर ऑफिसर


शोरूम में लगी आग को देखने के लिए लोगों की लगी भीड़। अमृत विचार


जले हुये कपड़े व अन्य सामान ले जाता कर्मचारी।


कर्मचारियों को निर्देश देते सड़क पर नीचे खड़े पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

### शीशा तोड़कर दाखिल हुए अंदर

आग बुझाने के लिए फायर कर्मियों को दूसरी मंजिल पर पहुंचने के लिए महज सीढ़ियों के लिए आलावा को रास्ता नहीं था। कपड़ों की वजह से धधक रही आग और उसमे धुएं के भरने से फायर कर्मियों को ऊपर पहुंचने में काफी जद्दोजहद करनी पड़ी। कड़ी मशकक्त के बाद ऊपर पहुंचे फायरकर्मी ने शोरूम के शीशे को तोड़कर नीचे गिराया। धुएं के बाहर निकलते ही फायर कर्मियों ने तीनों गाड़ियों के पानी की मदद से करीब 1 घंटे बाद आग पर काबू पाया।

### टला बड़ा हादसा

बताया जाता है कि कपडे के शोरूम में लगी आग को समय रहते अगर फायरकर्मियों ने काबू न पाया होता, तो आस-पास के दुकानों में भी आग का तांडव देखने को मिल सकता था। समय रहते मौके पर पहुंचने और शीशे को तोड़कर धुएं को बाहर निकालने के बाद फायरकर्मियों ने तपती गर्मी के बीच आग पर काबू पाया। शोरूम में आग बुझने के बाद स्थानीय अन्य दुकानदारों ने राहत की सांस ली।

### आउटडोर में ब्लास्ट से हादसा

दूकान में कार्यरत एक कर्मचारी ने बताया कि दुकान की छत पर एसी का आउटडोर यूनिट रखा हुआ था। लगातार पढ़ रही गर्मी के बीच एसी सुबह से चल रही थी। दोपहर करीब डेढ़ से दो बजे के बीच अचानक धमाका हुआ और देखते ही देखते आग लग गई। आग से दुकान में रखे दूल्हे-दुल्हन के सेट सहित साड़ियों सहित अन्य कपडे जलकर बर्बाद हो गए है। इसके साथ ही कुछ कपडे धुएं की वजह से खराब हुए है। आग की उमस कम होने के बाद ही नुकसान का आंकलन हो सकता है।

# हमें अपने बच्चों को दिलानी चाहिए उच्च शिक्षाः फहीम

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** दरगाह हाफिजिया अस्लमियाँ में चल रहे पांच दिवसीय उर्स के चैथे दिन बाद नमाज इशा छोटे मखदूम साहब की दरगाह से हाफिज असलम शाह अलैहिर्रहमा के 125 वें उर्स का जुलूस सन्दल उठाया गया, जो विभिन्न रास्तों से होता हुआ दरगाह पहुंचा जबकि रास्ते में विभिन्न स्थानों पर जुलूस का स्वागत किया गया।

इसके बाद दरगाह में देर रात तक कव्वाली हुईं, उसके बाद संदल चढ़ाया गया। इस अवसर पर बड़े मखदूम साहब के सज्जादानशीन शोएब मियां, दरगाह समदिया फफूँद शरीफ के सज्जादानशीन मौलाना हाजी सैय्यद अजहर मियां चिश्ती, चिश्तिया सूफी दर के कारी इस्लाम अहमद आरफी, सय्यद फरजान मियां, मतवल्ली दरगाह सैय्यद नवेद असलम सलमी मियां, सैय्यद फरहान मियां, सैय्यद फरमान मियां, गाजीपुर से वकार मियां, कारी फैय्याज, इमरान किरमानी, इमरान सिद्दीकी, हैदराबाद के खुर्शीद अहमद आदि मौजूद रहे।

पांचवें दिन प्रातः मीलाद की सभा को सम्बोधित करते हुए मौलाना फहीम मिस्बाही ने कहा कि हमें अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाना चाहिए। साथ ही अपने मुल्क व अपने पड़ोसियों से मोहब्बत हमदर्दी रखना चाहिए। नमाज की पाबन्दी करना फर्ज है। तत्पश्चात सज्जादानशीन सैय्यद फुरकान मियां, सैय्यद फरजान मियां ने मूवे मुबारक शरीफ और हजरत ख्वाजा सुलेमान तौंसवी के प्राचीन वस्त्रों के दर्शन श्रद्धालुओं को करवाया। मतवल्ली सैय्यद नवेद असलम हाशमी सलमी मियां ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## सार-संक्षेप

### ट्रांसफार्मर खराब होने से 250 घरों की बिजली गुल


खराब पड़ा ट्रांसफार्मर। अमृत विचार

**सदरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** दो दिनों से खराब पड़ा ट्रांसफार्मर न बदले जाने से करीब 250 घरों की बिजली गुल होने से और भीषण गर्मी से हजारों लोग बेहाल हैं।

विद्युत उपकखंड देवरिया के अंतर्गत सदरपुर कस्बे के अजमेरी पीर शाह मेला ग्राउंड में रखा 100 केवीए का ट्रांसफार्मर दो दिवस से खराब पड़ा है। जिस से करीब 250 विद्युत उपभोक्ताओं सहित हजारों लोगों को सम्मास्याओं का सामना करना पड़ रहा। ट्रांसफार्मर पर क्षमता से अधिक कनेक्शन होने से आए दिन लोगों को बिजली कटौती की मार झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित अधिकारियों से और 1912 पोर्टल पर उक्त समस्याओं के विषय में कई बार अवगत कराया गया, लेकिन होने वाली समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। उपखंड देवरिया जेई वीरेंद्र कुमार ने बताया है कि ट्रांसफार्मर जलने की जानकारी मिली है, कोशिश है कि शनिवार तक ट्रांसफार्मर बदलवा दिया जाएगा।

### ब्लॉक परिसर में लगा वाटर कूलर खराब, फरियादी परेशान


खराब पड़ा वाटर कूलर। अमृत विचार

**पिसावां, सीतापुर, अमृत विचार।** फरियादियों व कर्मचारियों की प्यास बुझाने के लिए ब्लाक परिसर में लगा वाटर कूलर प्रशासन की उपेक्षा का शिकार हो गया है। इससे ब्लाक में आने वाले फरियादी व कर्मचारी पानी की तलाश में दर-दर भटकने पर मजबूर हैं। क्षेत्र पंचायत द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए गत वर्ष फरियादियों व कर्मचारियों की प्यास बुझाने हेतु आरओ प्यूरिफायर एवं वाटर कूलर लगवाया गया था। कुछ महीने बाद ही यह खराब हो गया। इसको संचालित करने हेतु लगाया गया विद्युत स्टेपलाइजर, पानी टंकी व अन्य उपरण उदासीनता के चलते खराब हो रहे हैं। यहां पर आने वाले फरियादियों व कर्मचारियों को काफी परेशानी हो रही है। फरियादी व कर्मचारी अपनी प्यास बुझाने हेतु इधर-उधर भटकने पर मजबूर हैं। फरियादी किशोरी लाल पिपरी, शिवशंकर सेरवाडीह, हरिपाल अकोहरा नंदराम बहुबनी, अनिल सहियापुर ने जिला प्रशासन व प्रदेश शासन का ध्यान इस ओर आकर्षित कराते हुए वाटर कूलर को शीघ्र दुरुस्त कराए जाने की मांग की है। ऐडिओ पचायत इकरार अली से बात करने की कोशिश की गई तो उनका फोन नहीं उठा।

### अहिल्याबाई होलकर की मनाई 299वीं जयंती


जयंती कार्यक्रम के दौरान मौजूद धनगर समाज के लोग। अमृत विचार

**कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार।** विकासखण्ड कसमण्डा की ग्रामपंचायत पताराकलां मजरा रुप्पापुरवा मे शुक्रवार को ज्ञानेंद्र पाल धनगर ने समाज के लोगों के साथ मिलकर भारत की महान वीरांगना व सनातन धर्म की रक्षा करने वाली भगवान शिव की अनन्य भक्त महारानी इंदौर लोक माता अहिल्याबाई होलकर की 299वी जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम मे मौजूद कृपा शंकर पाल, रामू पाल, संतोष पाल, सचिन पाल, अनिल पाल, रोहित पाल, संजय पाल, आशा पाल, महेन्द्र पाल, अंकित पाल, उत्तम पाल, आदित्य पाल, गंगाराम, कपिल पाल आदि लोगो ने महारानी अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए सभी ने महारानी अहिल्याबाई होल्कर अमर रहे भारत माता की जय के जोरदार नारे लगाए

### पालिकाध्यक्ष ने सार्वजनिक स्थानों पर लगवाये प्याऊ



प्याऊ से ठंडा पानी पानी पीते लोग। अमृत विचार

**लहरपुर।** क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी के चलते पालिका परिषद ने जहां लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराया। वहीं पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद ने शुक्रवार को पालिका कार्यालय के समक्ष स्टाल लगाकर लोगों को शीतल शरबत उपलब्ध कराया। क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी के चलते आमजन को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पालिका परिषद ने विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर शीतल पेयजल (प्याऊ) लगाकर लोगों को इस चिलचिलाती गर्मी में शीतल पेयजल उपलब्ध कराया। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका अनिरुद्ध पटेल ने बताया कि, इस भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत देने के लिए एक दर्जन विभिन्न सर्वजनिक स्थानों पर शीतल पेयजल प्याऊ की व्यवस्था की गई है एवं पशु पक्षियों को भी शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नगर क्षेत्र के विभिन्न चौराहों पर नांद रखकर पेयजल उपलब्ध कराया गया है जिससे इस भीषण गर्मी में पशु पक्षियों को भी पेयजल प्राप्त हो सके।

# मतगणना की तैयारियों को दिया जा रहा अंतिम रूप, मोबाइल पर रहेगी पाबंदी

- 4 जून को मतगणना सुबह 7 बजे कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू होगी

**सीतापुर, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के मतदान के बाद 4 जून को होने वाली मतगणना को लेकर प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षण के बाद प्रशासन व प्रत्याशी मतगणना की तैयारी में जुट गए हैं। चुनावी मैदान में किस्मत आजमा रहे सत्ताधारी प्रत्याशी सहित विपक्ष के प्रत्याशियों ने मतगणना अभिकर्ता बनाने की प्रक्रिया की कार्रवाई शुरू कर दी है। शहर के पीएसी ग्राउंड परिसर में होने वाली मतगणना में अभिकर्ता और मतगणना कार्मिकों को मोबाइल ले जाने पर पाबन्दी लगाई गई है। 4 जून को जिले की 9 विधानसभाओं की राउंड वार मतगणना सुबह 7 बजे कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू होगी।

चार लोकसभा क्षेत्रों का प्रतिनिधिधित्व करने वाले जिले में नौ विधानसभाएं आती है। सीतापुर लोक सभा में सदर, बिसवां, महमूदाबाद, सेवता, लहरपुर विधानसभा आती है। जबकि धौरहरा लोकसभा सीट में जिले की महज दो हरगांव व महोली विधानसभा आती है। इसके साथ ही मिश्रिख लोकसभा सीट में जिले की महज एक मिश्रिख विधानसभा आती है। इसी प्रकार मोहनलालगंज लोकसभा सीट में भी जिले की एकमात्र विधानसभा सिधौली आती है। लोकसभा सीतापुर, धौरहरा व मिश्रिख में चैथे चरण में 13 मई को मतदान हुआ था। जबकि मोहनलालगंज लोकसभा सीट पर पांचवे चरण में मतदान हुआ था।

### 14 टेबल पर होगी गिनती, पांच घंटों में होगी पूरी

**सीतापुर, अमृत विचार।** सभी विधानसभाओं की मतगणना चार जून को पीटीसी में की जाएगी। सभी विधानसभाओं में ईवीएम मशीनों की गिनती के लिए 14 टेबल लगाई गई है। बताया जाता है कि एक राउंड में एक साथ में 14 ईवीएम मशीनों की गिनती होगी। सभी मतगणना एजेंट सुबह सात बजे तक मतगणना टेबल पर पहुंचेगें। स्ट्रांग रुम से साढ़े छह बजे से मशीनें निकाली जाएगी। बताया जाता है कि करीब पांच घंटे में मतगणना पूरी हो जाएगी। जिसमें सीतापुर लोकसभा का परिणाम ही घोषित होगा। लोकसभा धौरहरा को लखीमपुर खीरी, मिश्रिख का हरदोई तथा मोहनलालगंज का चुनाव परिणाम लखनऊ जनपद से घोषित होगा।

### तीन चरणों में होगी अभिकर्ताओं की तलाशी

ड्यूटी पर जाने वाले एजेटों की तीन बार चेकिंग की जाएगी। जिसमें मेन गेट, दूसरा मतगणना परिसर तथा तीसरा विधानसभा परिसर के पहले मतगड़ना एजेंटों और कार्मिकों की सघन तलाशी की जाएगी। मतगणना एजेट कोई भी इलेक्ट्रानिक उपकरण साथ नहीं ले जा सकेगा। सिर्फ मतगणना के लिए कागज व डॉट पेन ही ले जा सकता है। मतगणना परिसर में कोई भी अभिकर्ता पान पुड़िया मसाला सहित अन्य खाद्य सामग्री ले जाने पर पाबन्दी रहेगी।

### इन बैरकों में होगी मतगणना

सदर विधानसभा की 11 वीं वाहिनी मतगणना पीएसी की बैरक नंबर 5, लहरपुर की बैरक नंबर 4, बिसवां की बैरक नंबर 7 प्रथम व सेउता की बैरक नंबर 7 भूतल तथा महमूदाबाद की एपीटीसी की बैरक नम्बर 3 में होगी। धौरहरा लोकसभा की विधानसभा महोली की मतगणना 11 वीं वाहिनी पीएसी के बैरक नम्बर 12 में होगी। इसके साथ ही हरगांव विधानसभा की मतगणना बैरक 11 में होगी। मिश्रिख विधान सभा की एपीटीसी बैरक नम्बर 1 व मोहनलालगंज की 11 वींवाहिनी बैरक नम्बर दस में होगी।

**विश्व तम्बाकू निषेध दिवस** | अमन नशा मुक्ति केन्द्र ने लगाया कैंप, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, तम्बाकू छोड़ने के लिए नि :शुल्क दवा का वितरण

# मुंह व गले के कैंसर होने का कारण बनती है तंबाकू

**सीतापुर, अमृत विचार।** 31 मई विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर अमन नशा मुक्ति केन्द्र सीतापुर के तत्वाधान में शहर के नैपालापुर चैराहे पर स्थित मनु क्लीनिक में तम्बाकू, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा आदि के सेवन को छोड़ने के लिए एक कैम्प का आयोजन किया गया।

कैम्प में उपस्थिति लोगों से डाक्टर महेश कुमार सिंह ने कहा गुटके, पुड़िया के लगातार सेवन से उक्त रक्तचाप, लीवर की गड़बड़ी, लकवा कब्ज मानसिक कमजोरी, दिल का दौरा, नपुंसकता, मुँह के भीतर झिल्लियों मे अकड़न मुँह का खुलना कम होना आदि बीमारियाँ हो जाती है। उन्होंने कहा कि दस सिगरेट एक दिन में पीने से व्यक्ति की अनुमानतः दो से तीन वर्ष तक आयु कम हो जाती हैं तथा बीस सिगरेट पीने से पांच से सात वर्ष और चालीस सिगरेट पीने से आठ से दस वर्ष तक आयु कम हो जाती है। सिगरेट के धुंए में कार्बन मोनो आक्साइड, हाइड्रोजन, सायनाइड अमोनिया, हाइड्रोजन आक्साइड, नाइट्रोजन आक्साइड ये गैसें खाँसी उत्पन्न करती है साथ ही श्वास नलियों को संकुचित करके उसमें विभिन्न रोगों को जन्म देती है।

उन्होंने कहा कि तम्बाकू के सेवन से उत्पन्न होने वाले रोगो जैसे, मुख, गले, साउण्ड बाक्स, फूड पाइप, पैन्क्रियाज आदि मे कैन्सर का खतरा एवं सुबह आंख खुलने के समय खांसी आना, बलगम, सांस फूलना, आवाज भारी होना व त्वचा और दातों पर धब्बे अक्सर रहने वाला तेज जुकाम जख्मों का देरी से भरना नपुंसकता बुढ़ापा, जल्द आना मोतिया बिन्द व पेट मे अल्सर हो जाता है। इसी के साथ बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, तम्बाकू छोड़ने के लिए निशुल्क दवा वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रबन्धक अवनेन्द्र विक्रम सिंह, हरिकेश वर्मा किसलय, चॉद मोहम्मद, शेखर चन्द्र कुमार, कामेश्वर दयाल, संदीप कुमार सिंह, हरद्वारी लाल आदि उपस्थित रहे।



कैंप में लोगों को तंबाकू से होने वाले नुकसान बताते चिकित्सक। अमृत विचार

# दो दिन बाधित रहेगा डीएल बनाने का कार्य

**सीतापुर, अमृत विचार।** परिवहन विभाग में ड्राइविंग लाइसेंस का कार्य दो दिनों तक बन्द रहेगा। यह बन्दी एनआईसी द्वारा साफ्टवेयर को अपडेट करने के लिये की गई है। एआरटीओ प्रशासन माला बाजपेयी ने बताया कि सिस्टम अपडेट न होने के कारण सारथी साफ्टवेयर पर डीएल मैनेजमेंट सिस्टम से मिलान न हो पाने के कारण डीएल बनने के बाद आवेदक के पते पर पहुँचने में असुविधा हो रही है, जिसके सुधार के लिये 2 व 3 जून को लाइसेंस का सारथी पोर्टल पूर्ण रूप से बन्द रहेगा। 3 जून को पूर्व में बुक किये गये स्लॉट को 5 जून को ट्रांसफर कर दिया जायेगा। उन्होने बताया कि वर्जन 2 में केएमएस चेन्ज होने के बाद लाइसेंस जारी किये जा सकेगें। उन्होने बताया कि इस दौरान लाइसेंस आवेदन बायोमैट्री आदि सभी कार्य बाधित रहेंगे। 4 जून से पोर्टल की सभी सेवाएं पुन : बहाल हो जायेगी।

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्याऽभ्यासेन रक्ष्यते ।
मृज्यया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते ॥

धर्म का रक्षण सत्य से, विद्या का अभ्यास से, रुप का सफाई से, और कुल का रक्षण आचरण करने से होता है ।

## संपादकीय

# शहरी विकास की चुनौतियां

शहरीकरण वैश्विक विकास की सबसे बड़ी प्रेरक शक्ति बनकर पूरी दुनिया में उभरा है। वैश्वीकरण के उपरांत शहरी विकास की अवधारणा समावेशी विकास की एक अनिवार्य शर्त बन गई है। शहरों के विकास को ही भारत के विकास की धुरी माना जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की एक नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में विश्व की आधी आबादी शहरों में रहने लगी है और 2050 तक भारत की आधी आबादी महानगरों और शहरों में रहने लगेगी। भारत में शहरी क्षेत्रों में रहने वाली आबादी में तेजी से वृद्धि, अवसर और चुनौतियां दोनों है। शहरीकरण के कुछ सकारात्मक प्रभावों में आर्थिक विकास को बढ़ावा देना, रोजगार के अवसर पैदा करना और आय के स्तर में वृद्धि शामिल है। शहरी जीवन में साक्षरता और शिक्षा का उच्च स्तर, बेहतर स्वास्थ्य, लंबी जीवन प्रत्याशा, सामाजिक सेवाओं तक अधिक पहुंच एवं सांस्कृतिक एवं राजनीतिक भागीदारी के अधिक अवसर प्राप्त होते हैं। भारत में शहरीकरण के नकारात्मक प्रभाव, मनोसामाजिक स्वास्थ्य समस्याएं, कचरा संग्रहण और निपटान, ध्वनि प्रदूषण और सड़क दुर्घटनाएं जैसी कई समस्याएं पैदा हुई हैं। साथ ही भारत के शहरी क्षेत्र गंभीर वायु प्रदूषण स्तर से जूझ रहे हैं, जिसका मुख्य कारण वाहनों से निकलने वाला उत्सर्जन, औद्योगिक गतिविधियां और निर्माण परियोजनाएं हैं।

विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट के अनुसार विश्व के शीर्ष 10 प्रदूषित शहरों में से नौ भारत में हैं। तीव्र शहरीकरण और निजी वाहनों के बढ़ते चलन के कारण यातायात भीड़ बढ़ गई है, यात्रा समय की वृद्धि हुई है और उत्पादकता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। तीव्र शहरीकरण और हरित स्थानों की कमी के कारण 'अर्बन हीट आइलैंड इफेक्ट' उत्पन्न हुआ है, जिससे तापमान और ऊर्जा की मांग में वृद्धि हुई है। शहरी विकास के साथ होने वाला एक बड़ा बदलाव ऊर्जा और पानी की बढ़ती मांग है। पानी और बिजली की खपत में यह अनुमानित वृद्धि सीधे भविष्य की शहरी आबादी की वृद्धि से संबंधित है - शहरी लोग काफी अधिक पानी और ऊर्जा का उपयोग करते हैं। कहा जा सकता है कि शहरी विकास के कारण होने वाले तीव्र परिवर्तन भी अस्थिर करने वाले हो सकते हैं, यदि उनका प्रबंधन ठीक से न किया जाए। ऐसे में भारत के शहरी परिदृश्य से संबंद्ध चुनौतियों की बात की जाए तो भारत में शहरी नियोजन के लिए एक ऐसे सूक्ष्म दृष्टिकोण को अपनाना समय की मांग है, जो आर्थिक विकास, सुरक्षा और नागरिकों के हित के बीच संतुलन स्थापित करता हो। यानि भारत में शहरी विकास की चुनौतियों से निपटने के लिए व्यापक रणनीतियों की आवश्यकता है।

# जैविक खेती की बढ़ती स्वीकार्यता



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वस्तुत: जैविक या आर्गेनिक खेती के लिए पहला वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्तर वैदिक काल 1000 ईसा पूर्व से 600 ईसा पूर्व के वेदों में देखा जा सकता है। वास्तव में यह पारंपरिक भारतीय खेती ही है, जो सदियों से हम अपनाते आ रहे थे। वैश्विक स्तर पर इसका प्रारंभ 20 वीं सदी की शुरुआत में तेजी से बदलती कृषि पद्धतियों की प्रतिक्रिया स्वरूप हुई। आज जैविक कृषि लगभग 70 मिलियन हेक्टेयर में की जाती है।

खेती के आधुनिकीकरण, मशीनीकरण और अधिक उत्पादन के लिए अपनाए जाने वाले रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से एक ओर खाद्यान्न उत्पादन में तेजी से वृद्धि हुई है, जो बढ़ती जनसंख्या को खिलाने के लिए आवश्यक भी था, परंतु दूसरी ओर इसने पर्यावरण, भूमि प्रदूषण, जल प्रदूषण और खाद्य स्वास्थ्य को क्षति पहुंचाकर मनुष्य के स्वास्थ्य पर खतरनाक असर भी डाला है।

कीटनाशकों का व्यापक स्तर पर प्रयोग, मिट्टी का कटाव और अन्य समस्याएं जलवायु परिवर्तन में विनाशकारी भूमिका निभा रहा है। मिट्टी भी रासायनिक पदार्थों के अत्यधिक उपयोग के चलते काफी अम्लीय हो गई है। इसने मनुष्य जाति को बाध्य किया है कि वो फिर से प्राकृतिक खेती या जैविक खेती या आर्गेनिक खेती की ओर अपना रुख करे। जैविक कृषि अर्थात् कृषि की ऐसी प्रणाली जिसमें रासायनिक खादों एवं कीटनाशक दवाओं का प्रयोग न हो, बल्कि उसके स्थान पर जैविक खाद या प्राकृतिक खादों का प्रयोग किया जाए। यह कृषि की एक ऐसी पारंपरिक विधि है जिसमें भूमि की उर्वरता में सुधार होने के साथ ही पर्यावरण प्रदूषण भी कम होता है। जैविक खेती से जैव विविधता के संरक्षण में सहायता मिलती है।

जैविक खेती के तीन मूलाधार हैं। पहला है परस्पर निर्भरता। जैविक खेती में एक खेत को पारिस्थिकी तंत्र के रूप में देखा जाता है और यह माना जाता है कि एक खेत पर किया गया परिवर्तन दूसरे खेत में प्रभाव अवश्य डालेगा। जैविक खेती का दूसरा सिद्धांत है विविधता। यह जैविक खेती मृदा में पोषक तत्वों में संतुलन बनाए रखने के लिए किया जाता है। जैविक खेती का तीसरा सिद्धांत है पुनः चक्रण है अर्थात् दुबारा से प्रयोग करना। इसमें पौधों व पशुओं के अवशेष पुनः प्रयोग में आ जाने के कारण खेतों के पोषक तत्वों को बनाए रखने में सहायक होते हैं। जैविक खेती में पानी का उपयोग कम होता है, जो जल संरक्षण को बढ़ावा देता है। रासायनिक खाद पर निर्भरता कम होने से लागत में कमी आती है और सरकार पर सब्सिडी का बोझ कम होता है। बढ़ती स्वास्थ्य चिंता के दृष्टिगत बाजार में जैविक उत्पादों की मांग निरंतर बढ़ने से किसानों की आय में भी निरंतर वृद्धि हो रही है।



जैविक खाद के उपयोग करने से भूमि की गुणवत्ता में सुधार आता है। भूमि की जल धारण क्षमता एवं भू जल स्तर में वृद्धि होती है। मिट्टी, खाद्य पदार्थ और जमीन में पानी के माध्यम से होने वाले प्रदूषण में कमी आती है। कचरे से खाद बनाने के चलते उससे होने वाली बीमारियों में कमी आती है।

वस्तुतः जैविक या आर्गेनिक खेती के लिए पहला वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्तर वैदिक काल 1000 ईसा पूर्व से 600 ईसा पूर्व के वेदों में देखा जा सकता है। वास्तव में यह पारंपरिक भारतीय खेती ही है, जो सदियों से हम अपनाते आ रहे थे। वैश्विक स्तर पर इसका प्रारंभ 20 वीं सदी के शुरुआत में तेजी से बदलती कृषि पद्धतियों की प्रतिक्रिया स्वरूप हुई। आज जैविक कृषि लगभग 70 मिलियन हेक्टेयर में की जाती है जिसमें से आधे से अधिक ऑस्ट्रेलिया में ही हैं। पिछले 10 वर्षों के दौरान जैविक खेती के अंतर्गत क्षेत्र, शोध तथा प्रकृति में उल्लेखनीय परिवर्तन दर्ज किया गया है।

2003-04 के दौरान प्रामाणिक जैविक खेती के अंतर्गत भारत में 42 हजार हेक्टेयर खेत आता था, जो 2008-09 में लगभग 25 गुना बढ़कर 1.2 मिलियन हेक्टेयर हो गया। मार्च 2022 तक लगभग 4.7 मिलियन हेक्टेयर तक पहुंच गया है, जो दुनिया में पांचवां सबसे बड़ा है। कुल कृषि भूमि में जैविक खेती के लिए उपयोग की जाने वाली भूमि का हिस्सा 1.5 प्रतिशत है और पिछले दस वर्षों में भारत ने खेती के अंतर्गत अपनी जैविक कृषि भूमि में 145.1 प्रतिशत की वृद्धि की है। आर्थिक सर्वेक्षण 2022-2023 के अनुसार भारत में 4.43 मिलियन जैविक किसान हैं, जो दुनिया में सबसे अधिक हैं। भारत में मध्य प्रदेश जैविक खेती के क्षेत्रफल में सबसे आगे है। उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में भी पिछले एक दशक में किसानों का जैविक खेती के प्रति आकर्षण बढ़ा है और सरकारी व गैर सरकारी प्रयासों के परिणामस्वरूप जैविक खेती का क्षेत्रफल 13 गुना से ज्यादा बढ़ गया है। बीते छह सालों में जैविक खेती करने वाले किसानों की संख्या में भी 10 गुना से ज्यादा की वृद्धि हुई है। जनवरी 1994 की सेवाग्राम घोषणा के बाद से भारत में जैविक खेती का तेजी से विस्तार हुआ है। राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत मानक और प्रमाणीकरण कार्यक्रम स्थापित किया गया है।

राष्ट्रीय जैविक खेती परियोजना के अंतर्गत जैविक प्रबंधन के प्रचार-प्रसार तथा जैविक खेती क्षेत्र के विस्तार हेतु अनेक योजनाएं शुरू की गई हैं। नौ से अधिक राज्यों ने जैविक खेती संबंधित कार्यक्रम को अपनाया। उत्तराखंड, नागालैंड, मिजोरम, सिक्किम आदि राज्यों में इसका तेजी से विस्तार हुआ है। किसानों को अपनी जैविक उत्पादों की जानकारी, विक्रय और विपणन के लिए जैविक खेती पोर्टल बनाया गया है, जहां लगभग 6.23 लाख किसानों ने पंजीयन किया है। पूंजी निवेश सब्सिडी योजना जिसके तहत आर्थिक सहायता देने के साथ-साथ कचरा प्रबंधन, जैविक अवशेषों को उर्वरक व खाद में परिवर्तन की विधि का ज्ञान दिया जाता हैं। जैविक उत्पादों की पहचान हेतु सरकार द्वारा जैविक उत्पादों के प्रमाणीकरण के उपरांत 'इंडिया ऑर्गेनिक' मार्क लगाया जाता है, जो उत्पादों के जैविक मानकों पर खरा होने की गारंटी है। जैविक खेती के विस्तार और विकास में एफपीओ और एफपीसी सदृश कृषि उत्पाद संगठनों का महत्वपूर्ण योगदान है।

प्रोत्साहन के बावजूद जैविक खेती किसानों में लोकप्रिय नहीं हो पा रही है, क्योंकि ऐसी अवधारणा है कि रासायनिक खेती छोड़कर आर्गेनिक खेती करने पर शुरुआती सालों में फसल की उत्पादकता कम हो जाती है। हालांकि भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने 'जैविक खेती से उत्पादन की कमी' की बात तो सिरे से नकार दिया है। वस्तुतः केमिकल फार्मिंग के मुकाबले जैविक खेती की उत्पादकता 20 से 25 प्रतिशत तक ज्यादा है। जैविक विधि से चावल की 12.82 प्रतिशत, गेहूं की 28.57 प्रतिशत, मूंगफली की 28.57 प्रतिशत, सोयाबीन की 45.09 प्रतिशत और फल-सब्जियों की उत्पादकता में 7.14 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है।

शोधों के अनुसार रसायनों के बढ़ते प्रयोग से ऑर्गेनिक कार्बन की मात्रा कम होती जा रही है। हरित क्रांति से पहले गंगा के मैदानी इलाकों में 0.5 प्रतिशत ऑर्गेनिक कार्बन उपलब्ध था, जो आज घटकर 0.2 प्रतिशत ही रह गया है। ये बंजर होती जा रही भूमि का सूचक है, जिसे जैविक खेती करके ही ठीक किया जा सकता है। जैविक खेती का सबसे बड़ा लाभ है कि रासायनिक उर्वरकों, पेस्टीसाइड्स के उपयोग न होने से खेती की लागत कम हो जाती है और दूसरी ओर बाजार में ऑर्गेनिक उत्पाद ज्यादा दाम पर बिकते हैं। जैविक खेती करने से ऑर्गेनिक कार्बन की मात्रा बढ़ती है, मिट्टी में जीवांशों की संख्या बढ़ने के साथ-साथ उर्वरता भी बढ़ जाती है। जैविक खेती से जमीन में भूजल स्तर बेहतर बनता है और मिट्टी में नमी कायम रहती है। मिट्टी से पानी का वाष्पीकरण भी नहीं होता और सिंचाई की कम ही आवश्यकता होती है।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2014-2020 अर्थात् 6 वर्ष की अवधि में जैविक उत्पादों की मांग 8.7 प्रतिशत तक बढ़ गई है जिसमें हर साल वृद्धि दर्ज हो रही है। यह किसानों के लिए अच्छा संकेत है, क्योंकि उनके खेत से निकले जैविक कृषि उत्पादों को सिर्फ भारत में ही नहीं, विदेशों में भी पसंद किया जा रहा है। भारत में जैविक खेती का उत्पादन पूर्व वर्षों की तुलना में वर्ष 2022-23 में बढ़कर 2.90 मिलियन मीट्रिक टन हो गया है।

जैविक उत्पादों की मांग में इसी प्रकार वृद्धि होती रही तो अमेरिकी कृषि विभाग के अनुसार भारत का जैविक उत्पाद बाजार-खाद्य और पेय पदार्थ, स्वास्थ्य और कल्याण, सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल, तथा वस्त्र सहित, वर्ष 2026 तक बढ़कर 10.1 बिलियन डॉलर का हो जाएगा। जैविक खाद्य पदार्थों का वैश्विक बाजार लगभग 135 बिलियन डालर का जिसमें भारत का योगदान अभी सिर्फ 700 मिलियन डॉलर का है। स्वाभाविक रूप से इसमें विस्तार और वृद्धि की अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

## प्रसंगवश

# ध्यान:शास्त्रीय और राजनीतिक



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अष्टांग योग मार्ग में 'ध्यान' सप्तम सोपान है। महर्षि पतंजलि के अनुसार इसके पहले के सोपान यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार और धारणा हैं। ध्यान के बाद अंतिम सीढ़ी है 'समाधि', जहां आत्मा का परमात्मा से तादात्म्य हो जाता है, संसार छूट जाता है और जीव अखंड आनंद की स्थिति में हो जाता है।

भगवान कृष्ण से बड़ा कोई योगविद नहीं हुआ। वे योगेश्वर हैं। गीता में उन्होंने ध्यान के लिए व्यवस्था दी है कि एकांत और शुचि स्थान में वस्त्र नीचे, फिर मृगचर्म और ऊपर कुश रखकर आसन लगाएं। शास्त्रीय व्यवस्था तो यही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव प्रचार समाप्त करके कन्याकुमारी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल पर 30 मई की शाम से 45 घंटे के लिए ध्यानावस्थित होने चले गए। यह विश्व भर में प्रचारित हुआ और कैमरों ने पल-पल के फोटो कैद किए। सर्वविदित है कि यदि देश का सबसे बड़ा शासक न चाहे तो यह कैमरेबाजी नहीं हो सकती, लेकिन ऐसा हुआ और पिछले लोकसभा चुनाव के बाद का केदारनाथ गुफा का उनका ध्यान भी कैमरे की नजर से नहीं बचा था। ऐसे में ध्यान की अनिवार्य शर्त एकांत और शुचिता तो भंग हो ही गई। साथ ही पहले के छह सोपानो यम, नियम आदि का तो कहीं जिक्र आया नहीं। वे तो चुनाव प्रचार में लगे रहे। वे इन सोपानों का पालन कर ही नहीं सकते थे। यौगिक क्रियाओं, मंत्र और बीच में होने वाली अनुभूतियों को बहुत गोपनीय रखने के लिए आचार्यों और मनीषियों ने कहा है। "गोपनीयं गोपनीयं यथा हाटक पेटकम्"।

वन मार्ग में जाते हुए जैसे पथिक स्वर्ण पेटिका को गुप्त रखता है, वैसे ही यह क्रियाएं गुप्त रखी जाती हैं। अन्यत्र कहा गया है कि स्त्री अपनी योनि को जितना प्रच्छन्न रखती है, उतना ही उक्त क्रियाओं, अंतर्वर्ती अनुभवों को प्रच्छन्न रखा जाता है। यह प्रचार और फोटो वायरल कराने के विषय नहीं हैं। एक बात और, ध्यान के बाद वैसे अंतिम सीढ़ी समाधि होती है, किंतु इस केस में ऐसा नहीं होगा। वे फिर से सांसारिकता और राजकाज में लग जाएंगे। ऐसे में हमें शास्त्रीय और राजनीतिक ध्यान पद्धति को अलग-अलग करके देखना होगा।

# कौन बनेगा प्रधानमंत्री, किसकी बनेगी सरकार



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

योगेंद्र यादव के मुताबिक इन चुनावों में भाजपा को 240-260 और एनडीए के साथी दलों को 35-45 सीटें मिल सकती हैं।

अब कयास लगेंगे कि देश में आने वाले समय में कौन सी पार्टी या गठबंधन की सरकार बनेगी? देश का अगला प्रधानमंत्री कौन होगा? पहले की तरह से लोकसभा चुनावों की घोषणा के समय से ही राजनीतिक विश्लेषकों से लेकर ज्योतिषियों ने बताना शुरू कर दिया था कि देश को किस तरह के नतीजे मिलेंगे। सभी दलों के अपने-अपने दावे हैं।

पहले बात करते हैं चोटी के राजनीतिक चिंतक बताने वाले योगेंद्र यादव की। वे राहुल गांधी की एक पदयात्रा में भी शामिल हुए थे। योगेंद्र यादव के मुताबिक इन चुनावों में भाजपा को 240-260 और एनडीए के साथी दलों को 35-45 सीटें मिल सकती हैं। देश में सरकार बनाने के लिए 272 सीटें चाहिए। इस बीच मुंबई के जाने-माने लेखक और ज्योतिषी और स्तंभकार पंडित जेपी त्रिखा पिछले कम से कम दो लोकसभा चुनावों की सटीक भविष्यवाणी कर चुके हैं। उन्होंने 2014 और 2019 में एनडीए की सफलता की भविष्यवाणी कर दी थी। उन्होंने ज्योतिष विद्या के आधार पर 2024 के लोकसभा चुनावों के परिणामों पर भी गहन शोध के बाद अपनी भविष्यवाणी कर दी है।

पंडित त्रिखा कहते हैं, "मेरा ज्योतिष अध्ययन स्पष्ट रूप से कहता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में सबसे अधिक सीटें जीतने वाली पार्टी बनने जा रही जा रही है। हां, नई सरकार के सामने लगातार चुनौतियां आती रहेंगी। नई सरकार को चुनौतियां का संभलकर सामना करना होगा।" इस बीच लोकनीति के संदीप शास्त्री ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर तो इस बार देश में 'मोदी लहर' देखने को नहीं मिली, लेकिन राज्यों में छोटी-छोटी लहरें जरूर हैं। राज्यों में 'मोदी हवा के झोंके', जरूर चल रहे हैं। 2004 का चुनाव परिणाम सामने आने के बारे में अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था- "कौन क्यों जीता पता नहीं और कौन क्यों हारा वो भी पता नहीं"। इस बार भी कुछ ऐसी ही स्थिति देखने को मिल रही है। वहीं, भाजपा का आंकड़ा 304 से ऊपर रहता है या नीचे जाता है, यह दो राज्य तय करेंगे। ये राज्य महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल हैं। संदीप शास्त्री ने इशारों ही इशारों में बता दिया कि देश में फिर एक बार मोदी सरकार आ सकती है।

हालांकि ये भी सच है कि इंडिया गठबंधन के नेता जैसे राहुल गांधी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद, समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव वगैरह सब दावा कर रहे हैं कि देश में इस बार मोदी सरकार नहीं बनने जा रही है। इनका कहना है कि गठबंधन को 300 सीटें मिलने जा रही हैं। ये कह रहे हैं कि भाजपा को सिर्फ 220 सीटें मिल सकती हैं। प्रख्यात पॉलिटिकल कमेंटेटर और डेटा साइंटिस्ट सुरजीत भल्ला कह रहे हैं कि भाजपा को इस चुनाव में 350 तक सीटें मिल सकती हैं।

पंडित त्रिखा के अनुसार, " नरेंद्र मोदी की चंद्र राशि वृश्चिक है। उनका जन्म 17 सितंबर, 1950 को हुआ था। वे मंगल ग्रह से शासित हैं। वृश्चिक राशि वाले बहुत बुद्धिमान और चतुर होते हैं और उनमें नेतृत्व करने के गुण होते हैं। वे जन्मजात नेता होते हैं। मोदी जी ने इसे बार-बार साबित किया है।" बता दें कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन भी वृश्चिक राशि के हैं। वृश्चिक राशि के नेताओं को अक्सर उनके दृढ़ संकल्प के लिए जाना जाता है।

इस बीच चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर कांग्रेस को लेकर दावा कर रहे हैं कि 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी तीन अंकों के आंकड़े तक नहीं पहुंचेगी। इसके साथ ही वे इस बात पर भी जोर दे रहे हैं कि भाजपा इस बार 2019 के आम चुनावों में प्राप्त अपनी सीटें दोहराने जा रही है या उससे भी आगे निकल सकती है। जब उनसे पूछा गया कि उन्हें भाजपा की तरफ से कितनी सीटें जीतने की उम्मीद है तो प्रशांत किशोर ने कहा कि मेरे पास जो भी अवलोकन और अनुभव है, उसके आधार मुझे नहीं लगता कि भाजपा की संख्या 2019 में जहां थी, वहां से कम हो जाएगी। वे दावा कर रहे हैं कि 2019 में भाजपा के पास जो संख्या थी, कमोबेश वही संख्या मुझे दोहराती हुई दिख रही है या शायद यह और भी बेहतर हो जाएगी।

यद्यपि उनके दावों पर बहुत बवाल भी मचा हुआ है। उनकी राय से इत्तेफाक न रखने वाले उन पर तमाम तरह के आरोप भी लगा रहे हैं। वैसे लोकसभा चुनाव के नतीजों की आधिकारिक घोषणा से पहले तो सिर्फ अनुमान ही लगाए जा सकते हैं। ये सब लोकतंत्र का हिस्सा हैं।

## सोशल फोरम

# एक स्वस्थ्य समाज के लिए



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

मेरा स्पष्ट मानना है कि बच्चों की सारी पढ़ाई कोएड में ही होनी चाहिए। लड़के-लड़कियों के अलग स्कूल खत्म हो जाने चाहिए। सातवीं क्लास तक मैंने भी कोएड में ही शिक्षा ग्रहण की। जब विपरीत लिंग को सही में समझने की जरूरत थी। तब मुझे केवल लड़कों के स्कूल में भर्ती होना पड़ा। वहां जिस बात से सबसे पहले वास्ता पड़ा वो थी गालियां, लेकिन इतने विशाल ज्ञान भंडार के होते हुए भी आज तक कभी गाली निकालने का साहस नहीं कर पाया। ये सारा ज्ञान और समृद्ध शब्दकोश बेकार ही जा रहा है। खैर तो मैं बात कर रहा था कोएड की शिक्षा की। आप एक बात नोट कीजिए कि पुरुषों के समूह में एक स्त्री या स्त्रियों के समूह में एक पुरुष को रख दीजिए। तो पूरे समूह के व्यवहार में अभूतपूर्व परिवर्तन आ जाता है। लोग थोड़ा ज्यादा सलीकेदार, सभ्य और शरीफ दिखने की कोशिश करने लगते हैं और दोनों लिंगों को एक दूसरे को समझने बुझने के बेहतर मौके मिलते हैं। एक झिझक, एक संकोच सा जो दोनों के मन मे एक दूसरे के लिए होता है, वो दूर हो जाता है। लोग प्रेमी प्रेयसी के अतिरिक्त मित्रता के धरातल पर भी संबंध बनाने की सोचते हैं।

दोनों को अलग-अलग बाड़ों में रख पढ़ाने-लिखाने से बेहतर इन्हें एक ही बाड़े में रख एक दूसरे के लिए बेहतर समझ विकसित करने के मौके दिए जाएं, ताकि मानसिक रूप से एक परिपक्व समाज का निर्माण हो सके। मेरी पीढ़ी के बहुत लोग इस आपसी समझ को विकसित करने से वंचित रह गए। हमारे साथ के मित्रों को तो लड़की किसी एलियन के समान लगती थी। क्या बात करूं, कैसे करूं, कहां से शुरू करूं... तब तक लड़की ये जा और वो जा। ऐसा ही हाल कुछ उधर भी रहता था। आज के बच्चों में ये झिझक देखने को नहीं मिलती। उस वक्त कुछ एक्स्ट्रा स्मार्ट लड़के लड़की ही इससे बरी थे। वरना बाकी सब तो विपरीत लिंगी को देख मिमियाने लगते थे।

आज दोनों के बीच का भेद जब मिट रहा हो तो कोएड को शुरुआत से ही बाध्यकारी कर दोनों को एक दूसरे के प्रति एक बेहतर नजरिया विकसित करने के अवसर दिए जाने चाहिए। एक स्वस्थ्य समाज के लिए ये आज की जरूरत है। **-फेसबुक वॉल से**

# ईमानदार आदमी बेवकूफ होता है



अनूप शुक्ल
कानपुर

एक बच्ची के हाथ में एक छोटा पक्षी दुबका सा बैठा था। बच्चों ने उसे रास्ते से उठाया था। पक्षी की पीठ में हल्का सा घाव था। उसकी हड्डियां दिख रहीं थीं। शायद किसी बड़े पक्षी ने उस पर हमला किया होगा।

सुबह नींद खुली साढ़े तीन बजे। मतलब तब जब ब्रह्ममुहूर्त भी ड्यूटी पर हाजिर नहीं हुआ था। कई लिखाई-पढ़ाई के काम याद आए। उनको याद करके फिर पलट के सो गए। सोचा थोड़ा और सो लिया जाए फिर उठा जाएगा। मतलब नींद की 'एक बाइट' और ले ली जाए। थोड़ा सोने के बाद नींद खुली तो पांच बज गए थे। मतलब नींद की 'एक बाइट डेढ़' घंटे की हुई।

'नींद की बाइट' भी हर एक के लिए अलग-अलग होती है। किसी की घंटे भर की, किसी की पांच मिनट की। यह तो बात हुई नींद की। उनके क्या हाल होते होंगे जिनको नींद नहीं आती या कम आती है। उनकी भी क्या 'उनींदे' की 'अनींद' की बाइट होती होगी? जगने के बाद टहलने निकले। सड़क पर इक्का-दुक्का लोग टहल रहे थे। पंछी हल्ला मचा रहे थे। क्या पता कह रहे हों हमारा नाम लेते हुए -'निकल लिया, निकल लिया आज भी टहलने निकल लिया।' सामने से एक महिला बीच सड़क पर टहलती आ रही थी। हाथ में छुटका तौलिया लिए थी। शायद पसीना पोंछने के लिए। पसीना अभी आया नहीं था, लेकिन महिला तौलिया चेहरे पर घुमाती जा रही थी। शायद पसीना सुखाने की नेट प्रैक्टिस कर रही हो। यह भी हो सकता है संभावित पसीने को धमका रही हो-'खबरदार, जैसे ही निकले, सुखा दिए जाओगे।'

एक दूसरी महिला टहलते हुए बगल से गुजरी तो दिखा की उसके कान में ईयरप्लग ठुंसा था और वह कोई प्रवचन टाइप सुन रही थी। बगल से गुजरते हुए प्रवचन के बोल मेरे भी कानों में जबरियन धंस गए। प्रवचनिया कह रहा था-'काम, क्रोध, मद, लोभ से बचकर रहना चाहिए।' महिला जब यह सुन रही थी तब वह इन सभी तथाकथित विकारों से एकदम मुक्त थी। कोई इंसान जब काम, क्रोध, मद, लोभ आदि विकारों से मुक्त हो तब उसको उनसे बचने के लिए कहा जाए तो सहज रूप से इनके बारे में सोचेगा। आगे के पार्क के बाहर पुलिया पर बैठे कुछ लोग अपने शरीर को टेढ़ा-मेढ़ा करते हुए बतिया भी रहे थे। एक की आवाज सुनाई पड़ी -'ईमानदार आदमी को कमजोर समझते हैं। सब समझते हैं कि ईमानदार आदमी बेवकूफ होता है। पहले ऐसा नहीं होता था।' 'ईमानदार' को 'ईमानदार' कहते हुए पूरे आत्मविश्वास से ईमानदारी को बेवकूफी का सीधा कनेक्शन करवा रहे थे। अगले ने भी कुछ कहा होगा। हम सुन नहीं पाए। हमको बस यही दिखा कि वह अपने पेट को कपड़े की तरह निचोड़ते हुए कसरतिया रहा था। वहीं सामने के पार्क में कुछ महिलाएं भी बच्चों के साथ हाथ और पेट घुमाते हुए कसरत कर रहीं थीं। चौराहे पर एक 'स्लिमिंग सेंटर' वाले अपना होर्डिंग लगाए खड़े थे। पतला होने की तरकीब बताने के लिए। कोर्स करवाने के लिए। एक आदमी ने अपना पुराना फोटो दिखाया जिसमें वह काफी स्वस्थ दिख रहा था। अभी वह 'स्लिम-ट्रिम' टाइप दिख रहा था। बताया कि ये थे ये हो गए हैं। हमको बोला -'खाली टहलने से नहीं होगा। खानपान ठीक करना होगा।' अपन आगे बढ़ गए। हड़बड़ी में वजन नहीं कम करना। फैट बुरा मान जाएगा। आहिस्ते से कम करेंगे। फुसलाते हुए। इतने दिन साथ दिया उसने मेरा। अब हम उसको झटके से दफा कर दें। ऐसे बेवफा हम हरगिज नहीं। लौटते हुए एक रेलिंग पर कुछ बच्चे बैठे दिखे। कल भी दिखे थे, लेकिन कल बात नहीं हुई थी। आज पास खड़े होकर बात की। पता चला कि स्कूल के घरों में रहते हैं। टहलने आए हैं तो आराम करने के लिए बैठ गए रेलिंग पर। रेलिंग पर बैठना बच्चों के थकने से ज्यादा बतियाने की मंशा से रहा होगा। तसल्ली से बतिया रहे थे वे। एक बच्चा अपना मोबाइल में कोई वाल पेपर छांट रहा था। हमने सबको रेलिंग पर बिठाकर फोटो खींचा। दिखाकर कहा -'इसे बना लो वाल पेपर। बच्चे मेरी बात पर हंसने लगे। हमको लगा कि देश में हमारा जिक्र करते हुए इस बात पर बहस न छिड़ जाए कि एक और भी नमूना है देश में जिस पर लोग हंसते हैं। एक बच्ची के हाथ में एक छोटा पक्षी दुबका सा बैठा था। बच्चों ने उसे रास्ते से उठाया था। पक्षी की पीठ में हल्का सा घाव था। उसकी हड्डियां दिख रहीं थीं। शायद किसी बड़े पक्षी ने उस पर हमला किया होगा। बच्ची कह रही थी-'इसे घर ले जाएंगे। इलाज करेंगे।' बच्चों से बात करने के बाद घर लौट आए। हमको पुलिया पर बैठे आदमी की बात याद आ रही है-'ईमानदार आदमी बेवकूफ होता है।' क्या सच में ऐसा होता है?

# गांधीजी ने ग्यारह बार देखी काशी



प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी का वाराणसी से आत्मीय लगाव था। 1902 से 1942 तक चार दशक के कालखंड में राष्ट्रपिता ने वाराणसी का 11 बार दौरे किए थे। इस दौरान उन्होंने करीब सवा महीने तक काशी की पवित्र धरा पर विश्राम किया था। गांधी जी का काशी, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रेणता महामना मदनमोहन मालवीय जी एवं बीएचयू के साथ विशेष लगाव था। आत्मीयता थी। गांधी जी 22-23 फरवरी, 1902 में पहली बार काशी पधारे। तब वे काशी के एक पंडे के निवास स्थान में रुके। गांधीजी ने गंगा स्नान किया। भगवान श्रीविश्वनाथ जी के दर्शन किए और एनी बेसेंट से भेंट की।

गांधीजी ने काशी का दूसरा दौरा 1916 में किया। तब वे बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना समारोह में भाग लेने के लिए 3 फरवरी, 1916 को वाराणसी गए। गांधीजी ने 3 फरवरी को भगवान श्री विश्वनाथ जी के दर्शन किए। 4 फरवरी, 1916 को उन्होंने हिन्दू विश्वविद्यालय स्थापना समारोह में प्रतिभाग किया। वहां भाषण दिया। 5 फरवरी को काशी में नागरी-प्रचारिणी सभा में भाषण दिया। 8 फरवरी, 1916 तक गांधीजी काशी में ही रहे। चार साल बाद 21 फरवरी, 1920 को गांधीजी ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के छात्रों की सभा में भाग लिया और विश्वविद्यालय के छात्रों को संबोधित किया। इसी साल 30 मई, 1920 को गांधीजी वाराणसी गए। उन्होंने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की बैठक में भाग लिया। दो दिन तक वाराणसी में रहे। इसी वर्ष नवंबर के महीने में गांधीजी पुनः वाराणसी गए। 25 से 27 नवंबर, 1920 तक यहीं रहे। इस दौरान उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के छात्रों की सभा में भाग लिया। 9 फरवरी, 1921 को गांधीजी ने वाराणसी के टाउन हॉल के मैदान में आयोजित सार्वजनिक सभा में भाषण दिया और अगले दिन 10 फरवरी, 1921 को काशी विद्यापीठ के शिलान्यास कार्यक्रम में शिरकत की। गांधीजी 17 अक्टूबर, 1925 को वाराणसी के दौरे पर गए। यह उनका सातवां काशी दौरा था। उन्होंने काशी विद्यापीठ की सभा में भाषण दिया। करीब डेढ़ साल बाद फरवरी, 1927 को गांधीजी काशी गए। 7 एवं 8 फरवरी, 1927 को वहीं रहे। इस दौरान उन्होंने गांधी आश्रम के वार्षिक समारोह में भाग लिया। गांधीजी का 1934 का वाराणसी दौरा सबसे अधिक दिनों का था। इस वर्ष वे 27 जुलाई से 2 अगस्त, 1934 तक वाराणसी में रहे। 28 फरवरी को गांधीजी काशी विद्यापीठ गए। 29 फरवरी को उन्होंने जिलों के प्रतिनिधि मंडलों से भेंट की। गांधीजी ने 30 जुलाई, 1934 को काशी में 'मौन दिवस' मनाया। अगले रोज सार्वजनिक सभा को संबोधित किया। 1 अगस्त, 1934 को हिंदू विश्वविद्यालय के छात्रों ने गांधीजी को मानपत्र भेंट किया। इसी दिन गांधीजी ने कांग्रेस पार्टी की बैठक में भाग लिया। महिलाओं की सभा की। 2 अगस्त को गांधी जी ने कबीर मठ का निरीक्षण किया। इसी दिन काशी की पंडित मंडली ने गांधीजी को मानपत्र भेंट किया। अक्टूबर, 1936 में गांधी जी ने वाराणसी में भारत माता मंदिर का उदघाटन किया। कला भवन का निरीक्षण भी किया। जनवरी, 1942 में गांधी जी पुनः वाराणसी दौरे पर गए। यह गांधी जी की ग्यारहवीं काशी यात्रा थी। 21 जनवरी, 1942 को उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की जयंती समारोह में प्रतिभाग किया। 22 जनवरी, 1942 को कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

# खराब पड़े सरकारी हैंडपंप, गर्मी में प्यास से बिलबिला रहे लोग

## ग्रामीण बोले, कहीं पर ब्लीचिंग व दवा का छिड़काव नहीं किया गया

रामपुर मथुरा, सीतापुर

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में ग्रामीण एक-एक बूंद पानी को तरस रहे हैं। ग्राम पंचायत में सरैया मसूदपुर में इंडिया मार्का हैंडपंप की संख्या नौ है। जिसमें से एक पंचायत भवन एक कंपोजिट विद्यालय में लगा हुआ है। सात हैंडपंप सरैया गांव में लगे हुए हैं। राम सहारे के घर के पास लगा हैंडपंप लगभग 4 वर्ष से खराब पड़ा है।

सरोज ने बताया कि मेरे दरवाजे पर भी लगभग 5 वर्ष से हैंडपंप खराब है। जिससे शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। वही रामचंद्र के दरवाजे पर भी हैंडपंप 6 माह से खराब पड़ा हुआ है। सबसे बड़ी बात यह है कि ग्राम पंचायत सरैया मसूदपुर के मजरा सेथरामन 500 आबादी वाला मजरा है जहां पर एक भी हैंडपंप नहीं लगा हुआ है। सेथरामन में शंकर जी का बहुत पुराना पौराणिक मंदिर भी है। जहां पर साल में 1 दिन का बहुत बड़ा मेला लगता है। जिसमें बहुत दूर-दूर के लोग दर्शन करने के लिए आते हैं और मनोकामना पूर्ण होती है। संजय गिरी, संतोष गिरी, विनोद, रामकुमार भार्गव आदि ने बताया कि हैंडपंप न होने के कारण पेजल की बहुत बड़ी समस्या है। ग्रामवासी पानी के लिए घरों में नल लगाए हुए हैं। जिससे शुद्ध पानी नहीं मिल पा रहा है। वहीं रिबोर व मरम्मत पर भारी भरकम पैसा निकाला जा रहा है। ग्राम पंचायत में रिबोर के नाम पर 47,700 रूपये निकाले गए।

ब्लीचिंग व दवा छिड़काव पर 15,400 रूपये प्रशासनिक व्यय पर 19,920 रुपए तथा साफ सफाई पर 15000 रूपये निकाले गये। ग्रामीण संतोष विनोद, विजय सिंह, सरोज ,राम सहारे आदि ने बताया ग्राम पंचायत में कहीं पर कोई ब्लीचिंग व दवा का छिड़काव नहीं किया गया है न तो साफ सफाई हुई। वही ग्रामीणों ने दबी जुबान से बताया कि पंचायत भवन में मिट्टी पटाई के नाम पर काफी घोटाला किया गया है। सरकारी अभिलेखों के अनुसार 34,328 रूपये की मिट्टी डलाई गई है। जिसमें मजदूरी के नाम पर 42,174 रूपये खर्च किए गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार ट्रैक्टर डालों से मिट्टी डाली गई। ठेकेदार संजय गिरी ने बताया कि मेरे द्वारा मिट्टी ट्रैक्टर डालों से डाली गई है। सूत्रों ने बताया है कि 22000 के ठेके पर मिट्टी पटाई कराई गई है। वहीं जब इस संबंध में प्रधान राधेलाल से बात की गई तो बताया कि 150 ट्राली मिट्टी डलवाई गई है।


मेन रोड पर खराब पड़ा नल।


पंचायत भवन में नाम मात्र को डाली गई मिट्टी।


पंचायत भवन के बगल से गड्ढे से ट्रैक्टर डालों द्वारा निकाली गई मिट्टी।


पौराणिक सेथरामन शिव मंदिर। अमृत विचार

### जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी: बीडीओ

खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार ने बताया जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

> हमें जुबानी कोई जानकारी नहीं है। कागज देख करके ही बता पाएंगे और जो हैंडपंप खराब है उनकी मुझे जानकारी नहीं है। तीन दिन में सही करवा देंगे। एक हैंडपंप कंपोजिट विद्यालय में रिबोर कराया गया था जिसमें समरसेबल आदि पर खर्च हुए।
>
> –भानु प्रताप, सेक्रेटरी

## एक नजर

### बीडीओ ने पशुओं को गर्मी से बचाने के दिए टिप्स

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव ने पशु चिकित्साधिकारी डॉ निशांत यादव के साथ गो आश्रय केंद्र हरचंदपुर व पचरन का स्थलीय भ्रमण किया। यहां पर उन्होंने गो आश्रय केंद्र में संरक्षित जानवरों को भीषण गर्मी व लू से बचाव किए जाने के लिए नियमित रूप से परिसर में पानी का छिड़काव कराये जाने व उससे बचाव किए जाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। कहा पशुओं की सुरक्षा बेहद जरूरी है। इस अवसर पर पंचायत सचिव अमरजीत और प्रसून राज श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

### शिक्षक की वयोवृद्ध मां का निधन, शोक की लहर

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय अनंतपुर के प्रधानाध्यापक बाबूराम चौहान की मां संवारा देवी 89 की मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु पर ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री अजीत तिवारी व ब्लॉक अध्यक्ष देव प्रकाश पांडेय, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष पवन कुमार शुक्ल तथा आदर्श शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अंकित तिवारी ने दुख व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना जाहिर की है।

### मारपीट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रुपईडीह, अमृत विचार :** मारपीट की घटना में न्यायालय से वांछित चल रहे कौड़िया के बसभरिया गांव निवासी बच्चा लाल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपित को पुलिस द्वारा न्यायालय रवाना कर दिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी दरोगा श्री कृष्ण की अगुवाई में गठित पुलिसकर्मियों की टीम द्वारा की गई है।

# जिलाध्यक्ष ने की मतगणना तैयारियों की समीक्षा

**सीतापुर, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारियों के साथ एक बैठक आहूत की गई।

बैठक में जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने जिला पदाधिकारियों से मुख्य रूप से 4 जून को होने वाली मतगणना के संबंध में तैयारियों की समीक्षा की और पार्टी द्वारा जारी दिशा निर्देशों से सभी को अवगत कराया। साथ ही आगामी कार्यक्रमों पर भी विस्तार से चर्चा की गई एवं उनके संचालन पर पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए गए। जिले के समस्त पदाधिकारी एवं मोर्चो के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



मतगणना को लेकर पदाधिकारियों को निर्देश देते भाजपा जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

# तालाब में कूदी नीलगाय की इलाज के दौरान मौत

**सीतापुर, अमृत विचार।** जहांगीराबाद निवासी हाफिज मोहम्मद अपने साथियों के साथ शुक्रवार सुबह लगभग सात बजे खेतों की ओर से घर आ रहे थे, तो देखा कि कुत्ते एक नीलगाय को दौड़ा रहे थे। जब तक वह लोग कुत्तों को खदेड़ते तब तक नीलगाय तालाब में कूद गयी और कीचड़ में फंस गयी। उपरोक्त लोगों ने तत्परता दिखाते हुए तुरन्त गांव से रस्सा मंगवाया तथा भारी मशक्कत के बाद घायल नीलगाय को तालाब से बाहर निकाला। समाचार पाकर बजरंग दल के जिला सुरक्षा प्रमुख नरेन्द्र कुमार सहित अन्य ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गये। इसी बीच पशु चिकित्सक डॉ. आशाराम वर्मा को सूचना दी गई। बिसवां वन विभाग के रेंजर अहमद कमाल सिद्दीकी ने वन कर्मी राम नरेश सिंह चौहान को मौके पर भेजा। एनीमल वेलफेयर सोसायटी जहांगीराबाद के मेम्बर शिवा रस्तोगी व विशाल नंद और वनकर्मी श्री सिंह घायल नीलगाय को चैपहिया वाहन पर लादकर बिसवां ले जा रहे थे कि इसी बीच जहांगीराबाद कस्बे में ही उसकी मौत हो गई। वनकर्मी ने बताया कि मृत नीलगाय का पशु चिकित्साधिकारी से पीएम कराकर इसे जमीन में बंद करा दिया जायेगा।


घायल नीलगाय को तालाब से बाहर निकालते ग्रामीण। अमृत विचार

# पालिथीन का प्रयोग न करने की दिलाई शपथ



पॉलीथीन का प्रयोग न करने की शपथ दिलाते अधिकारी। अमृत विचार

**हरगांव, अमृत विचार।** पर्यावरण संरक्षण को लेकर वन विभाग के अधिकारियों ने हरगांव तीर्थ पर आम जनता को पॉलीथीन के बारे सजग करते हुए कपड़े के झोलों का वितरण किया।

वन विभाग हरगांव रेंज की क्षेत्राधिकारी बीनू पाल ने नगर पंचायत हरगांव के हरगांव कस्बे के सूर्य कुंड तीर्थ पर आम जनता के बीच जाकर पर्यावरण संरक्षण व प्रदूषण से होने वाले हानि लाभ को समझाते हुए पॉलीथीन का प्रयोग न करने की शपथ दिलायी।

# शारदा सहायक नहर में गिरी कार, बाल-बाल बचे सवार

**लहरपुर।** मोहल्ला बदायूं टोला निवासी इरफान पुत्र शब्बीर 27 वर्ष अपनी पत्नी व साली के साथ शारदा नहर कामन पटरी पर लहरपुर की तरफ से टहलने जा रहे थे, तभी ग्राम न्यामूपुर शारदा नहर पुल के निकट वीडियो रील बनाते समय कार अनियंत्रित होकर नहर के अंदर गिर गई, नहर में पानी न होने से एक बड़ा हादसा टल गया। कार के नहर में गिरने की सूचना पर भारी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जमा हो गए और दुर्घटना की सूचना तालगांव पुलिस को दी गई। उपनिरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि कार में सवार किसी को भी कोई चोट नहीं आई है और सभी लोग मौके से लहरपुर के लिए रवाना हो गए हैं।

# निजी अस्पतालों में रेफर की जा रहीं गर्भवती महिलाएं

**सिधौली, अमृत विचार।** सिधौली कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नगर और आसपास के क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को नगर के निजी अस्पतालों को रेफर करने का केन्द्र बन गया है।

गौरतलब है कि गर्भवती महिलाओं के असुरक्षित प्रसव के दौरान और उसके बाद विभिन्न बीमारियों से होने वाली मौतों की बढ़ती घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए सरकार ने आशा बहुओं की नियुक्ति की थी। इन आशा बहुओं की जिम्मेदारी है कि वे अपने कार्यक्षेत्र में गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनके टीकाकरण और नवजात शिशु के टीकाकरण की व्यवस्था देखेंगी तथा प्रसव भी घरों के बजाय अस्पताल में करवाने के लिए लोगों को प्रेरित करेंगी। सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र, सिधौली से जुड़ी आशा बहुएं इस योजना के उद्देश्यों को ठेंगा दिखाते हुए मोटी रकम कमा रही हैं। प्रसव अस्पतालों में तो होते हैं, परन्तु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के बजाय प्राइवेट नर्सिंग होम और अस्पतालों में। आशा बहुएं गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिधौली में व्याप्त असुविधाओं के बारे में बताकर उन्हें उन अस्पतालों में जाने के लिए प्रेरित करती हैं जहाँ से उनका कमीशन बंधा होता है। पर्याप्त चिकित्सा सुविधाओं की कमी के बावजूद प्राइवेट अस्पताल मरीज भर्ती कर लेते हैं और बाद में मरीज की स्थिति गंभीर हो जाने पर उसे लखनऊ रेफर कर देते हैं। इसके पहले मरीज के परिजनों से मोटी रकम वसूल ली जाती है, जिसका बड़ा हिस्सा केस लाने वाली आशा बहू को मिलता है। कई बार इतने से भी आशा बहू को संतोष नहीं होता है और वह लखनऊ में भी मरीज को उसी अस्पताल में ले जाने के लिए प्रेरित करती है, जहां से उसे कमीशन के तौर पर मोटी रकम मिलती है। इस पूरी कवायद में कई बार गर्भवती महिला की जान चली जाती है। प्रसव कराने वाले ऐसे अस्पताल नगर की प्रत्येक गली और कूचे में मौजूद हैं। इन अस्पतालों के पास न तो प्रशिक्षित कर्मचारी हैं और न ही डाक्टर ही मौजूद रहते हैं।

### अनदेखी

- सामुदायिक केंद्र में व्याप्त असुविधाओं का फायदा उठा रही आशा बहुएं



### मामला सामने आएगा तो कार्यवाही होगी: अधीक्षक

सीएचसी, सिधौली के अधीक्षक डा. आर .के . वर्मा ने इस सन्दर्भ में पूछे जाने पर बताया कि उनके संज्ञान में ऐसा कुछ नहीं है। अगर कोई मामला सामने आयेगा तो कार्रवाई होगी।

### नगर के हर गली-कूचे में खुले दर्जनों अस्पताल

आशा बहुएं और प्राइवेट अस्पतालों के सिंडीकेट के चलते नगर में बुनियादी सुविधाओं के बिना चल रहे अस्पतालों का उद्योग स्थापित हो चुका है। नगर के हर गली-कूचे में दर्जनों अस्पताल चल रहे हैं, जिनमें बोर्ड पर दर्जनों चिकित्सकों के नाम लिखे रहते हैं परन्तु वास्तव में वहाँ कोई नहीं बैठता। लोगों ने अब यह कहना शुरू कर दिया है कि नगर में पान की गुमटियों से ज्यादा अस्पताल खुल चुके हैं।

# सुर्जनपुर को आदर्श ग्राम पंचायत के रूप में स्थापित करने का प्रयास

- तालाबों में भरा पानी, पेयजल व्यवस्था दुरूस्त और रंग रोगन किये गये

रामपुर मथुरा, सीतापुर

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत सुर्जनपुर पेयजल समस्या को लेकर ग्राम पंचायत का हाल-चाल जाना। ग्राम पंचायत सुर्जनपुर में लगभग 28 नल लगे हुए हैं जो कि चालू हालत में है सुर्जनपुर ग्राम पंचायत में सुर्जनपुर, दैमलपुर ,कुर्मिन पुर्वा, देवी पूर्वा, अलीजानपुर्वा, परागी पूर्वा ,तिवारी पुर्वा आदि मजरे सम्मिलित हैं। दैमलपुर प्राथमिक विद्यालय के सामने तालाब में पानी भरा हुआ था। जिसमें जानवर व पक्षियों को पानी भरा होने से काफी राहत महसूस हो रही थी। वहीं ग्राम पंचायत के मजरे अली जान पूर्वा में तालाब में पानी मौजूद था। जिससे गांव वासी जानवरों के प्यास बुझाने के लिए व गर्मी से पशुओं को काफी राहत मिल रही है। ग्राम सभा के तीन विद्यालय सुर्जनपुर, दैमलपुर, अलीजान पूर्वा, गांव के विद्यालयों बाउंड्रीवॉल सहित रंगरोगन का काम स्वच्छता, शौचालय व नल चालू हालत में पाए गए।

ग्राम प्रधान अमित कुमार का कहना है कि पैसों की कमी की वजह से कुछ काम ग्राम सभा के और करना चाहता हूं जिससे यह ग्राम पंचायत ब्लॉक में एक आदर्श ग्राम पंचायत के रूप में स्थापित हो सके, ग्राम पंचायत में कूड़ा घर का निर्माण हो चुका है, ई-रिक्शा प्राप्त हो चुके हैं कुछ ही दिन में कूड़ा उठान का काम चालू हो जाएगा। ग्राम पंचायत में एक खेल का मैदान भी बना हुआ है जिसमें बच्चे सुबह-शाम खेलने के लिए जाया करते हैं।



रंग रोगन किया गया विद्यालय।


तालाब में भरा पानी। अमृत विचार

# मेहनौन उपकेंद्र की बिजली गुल अंधेरे में 50 हजार की आबादी

## एक सप्ताह में दूसरी बार फुंकी अंडरग्राउंड केबिल, ग्रामीणों में रोष

संवाददाता, धानेपुर

**अमृत विचार:** धानेपुर बिजली सब स्टेशन से मेहनौन उपकेंद्र को जाने वाली बिजली लाइन की अंडरग्राउंड केबिल बृहस्पतिवार की रात एक बार फिर से दग गयी। केबिल दगने से सैकड़ों गांवों में अंधेरा छा गया। एक सप्ताह के भीतर दूसरी बार केबिल ब्लास्ट हुआ है। बिजली कटने से करीब 50 हजार की आबादी प्रभावित हुई है। लगातार हो रही बिजली कटौती के बीच होने वाले इस केबिल ब्लास्ट से उपभोक्ताओं में आक्रोश है। वहीं बिजली कर्मी केबिल दुरुस्त करने में जुटे हैं।

एसडीओ का कहना है कि अंडरग्राउंड केबिल के फाल्ट का पता लगाने के लिए बाहर से मशीन मंगाई गई है। शनिवार सुबह तक लाइन ठीक होने की उम्मीद है। धानेपुर से मेहनौन बिजली उपकेंद्र को जाने वाली 33 हजार केवीए अंडरग्राउंड केबिल गुरुवार को पूर्वाह्न में एक बार फिर से दग जाने से मेहनौन इलाके के लोग अंधेरे में है।

एक सप्ताह में दूसरी बार अंडर ग्राउंड केबल ब्लास्ट होने से भीषण गर्मी के बीच उपभोक्ता परेशान हैं। विद्युत उपकेंद्र धानेपुर से होकर कस्बा धानेपुर में होते हुए 33 हजार केवीए की लाइन मेहनौन उपकेंद्र को जाती है। अनहोनी से बचने के लिए धानेपुर बाजार में अंडरग्राउंड केबिल डाली गई थी लेकिन यही केबिल अब उपभोक्ताओं की परेशानी का सबब बन गई है। भीषण गर्मी के चलते केबिल में लगातार ब्लास्ट हो रहा है। एक सप्ताह के भीतर दूसरी बार केबल दग जाने से यहां के उपभोक्ता परेशान हैं। उपभोक्ता अमित तिवारी, सुशील मिश्र, नरसिंह चौहान व सुशील सिंह ने कहा कि 48 घंटे बीत चुके हैं लेकिन बिजली नही मिली ।भीषण गर्मी में बच्चों से लेकर सभी लोग परेशान है। बिजली न मिलने से मोबाइल, इन्वर्टर डिस्चार्ज हो गया हैं। पानी का भी संकट है। हालांकि बिजली कर्मचारी केबिल के फॉल्ट को तलाशने में जुटे हैं।

इस बाबत उपखंड अधिकारी पीयूष सिंह ने बताया कि लखनऊ से मशीन मंगाई गई है। देर रात तक बिजली आपूर्ति बहाल कराई जाएगी।


सतनामीपुरवा में खराब पड़ा ट्रांसफॉर्मर।

### ट्रांसफॉर्मर फुंकने से सतनामीपुरवा में अंधेरा

धानेपुर पावर हाउस के क्षेत्र ग्राम पंचायत पूरे हाड़ा के मजरा सतनामी पुरवा में रखे दो ट्रांसफॉर्मर गत 27 मई को जल जाने से गांव के 700 की आबादी पिछले चार दिनों से अंधेरे में है। उपभोक्ताओ ने बिजली विभाग के अधिकारी को शिकायत करने के बावजूद भी इस भीषण गर्मी में ट्रांसफॉर्मर न बदले जाने से गर्मी में ग्रामीण परेशान है। उपखंड अधिकारी पीयूष सिंह ने कहा कि सतनामी पुरवा के ट्रांसफॉर्मर को बदलने के लिए जेई को कहा गया है। शाम तक ट्रांसफॉर्मर बदल दिया जायेगा।

### अवैध तरीके से विद्युत लाइन हटाने का आरोप

**करनैलगंज, अमृत विचार :** बिजली विभाग कटरा बाजार के जेई ने स्थानीय पुलिस को पत्र देकर आरोप लगाया है कि दो लोगों द्वारा 11 केवी की बिजली लाइन को अवैध तरीके से हटा दिया गया है। जो कि नियम के खिलाफ है। कटरा बाजार के अवर अभियन्ता आशीष कुमार ने थानाध्यक्ष कटरा बाजार को पत्र देकर कहा है कि 11 केवी रंजीत पुर फीडर पर राजेन्द्र पुत्र छोटेलाल निवासी पूरे बहोरी व दयाराम पुत्र जग्गू निवासी श्रीजोत के द्वारा पूरे बहोरी के पास 11 केवी की लाइन को अवैध तरीके हटा दिया है। जो कि नियम के विरुद्ध है। आरोप लगाया कि इन लोगों द्वारा अवैध वसूली के लिए लाइन को ब्रेक डाउन कर दिया जाता है। जिससे विभाग की छवि धूमिल हो रही है।

### गर्मी का सितम

## शरीर पर दाने, चकत्ते और दाद के सबसे अधिक आ रहे मरीज, एलर्जी से हो रही परेशानी

# धूप झुलसा रही त्वचा, बढ़े चर्म रोग के मरीज

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** गर्मी से हर कोई हलकान है भारी गर्मी से लोगों में त्वचा का रोग हो रहा है। गर्मी और सूरज की तपिश से चर्म रोग के मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध मेडिकल कालेज में हर दिन 150 से अधिक चर्म रोगी पहुंच रहे हैं। सूरज की तेज तपिश बदन पर पड़ते ही त्वचा चिलचिलाने लगती है। शरीर पर दाने, चकत्ते, दाद के सबसे अधिक मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। चर्म रोगियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए चर्म रोग की दो ओपीडी शुरू की गई है, जिससे रोगियों को परेशानी का सामना न करना पड़े । मेडिकल कालेज के चर्म रोग की ओपीडी में एलर्जी, घमौरी, रेड रैशेज, लाल रंग के छोटे दाने, त्वचा में खुजली होना, पिगमेंटेशन व सनबर्न की समस्या वाले रोगी आ रहे हैं। चिकित्सक इन्हें दवा देने के साथ जागरूक करते हैं, जिससे गर्मी के कारण उन्हें मुश्किल न हो।


मेडिकल कॉलेज में लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

### एलर्जी होने पर ये करें

धूप में कम से कम बाहर निकलें, . जरूरी होने पर शरीर ढंक कर बाहर निकलें, दाने व चकत्ते से खून रिसने पर चिकित्सक की सलाह पर रक्त की जांच कराएं, दानों में पस पड़ने पर इंफेक्शन की जांच कराएं, गर्मी में दिन में दो बार स्नान करें, शरीर से गंदगी, पसीना साफ कर बैक्टीरिया को हटाएं। लाल दाने होने पर तत्काल कराएं उपचार। मेडिकल कालेज के चर्म रोग विभाग की सीनियर रेजीडेंट डा. श्रुति गुप्ता कहती हैं कि शरीर में जिस स्थान पर पसीना अधिक निकलता है, वहां छोटे-छोटे दाने निकल आते हैं। इनमें खुजली होने लगती है। यह पसीने की ग्रंथियों के बंद हो जाने से होता है।

# जर्जर विद्युत तार बदलने की मांग

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** चौक बाजार के विभिन्न मोहल्ले में बिजली आपूर्ति का तार घरों को छू रहा है। मोहल्ले वासियों ने कई बार इसकी शिकायत बिजली विभाग के अधिकारियों से की। लेकिन कोई इसको सही करने नहीं आया । लोगो कहना है कि कभी भी बिजली के तार से कोई बड़ी घटना घट सकती है । आशीष ,राजेश ,महेश, विष्णु ,प्रदीप ,आदि लोगों ने बताया कि कई तार घरों को छूकर निकल रहे हैं कभी भी अनहोनी हो सकती है। अक्सर जब हवा चलती है तो इन तारों में चिनगारी निकलती है।आग भी लगने का खतरा रहता है।मोहल्ले वासियों ने प्रशासन से तार को सही करने की मांग की है।

अमृत विचार www.amritvichar.com

## एक नजर

### राजकपूर बने कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के अध्यक्ष

**अयोध्या, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश मिनिस्टीरियल संघ कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ की बैठक में न्याय सहायक राज कपूर को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संगठन की शुक्रवार को हुई आम सभा की बैठक में कई बिंदुओ पर मंथन किया गया। संगठन के जिलाध्यक्ष अरुण मोहन वर्तमान में तहसील मिल्कीपुरमें प्रशासिनक अधिकारी के पद पर तैनात हैं। वह संघ की गतिविधियों में पयार्प्त रुचि नहीं ले रहे हैं। ऐसे में उनके स्थान पर सर्व सम्मति से अध्यक्ष के पद पर राजकपूर श्रीवास्तव को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में संघ से जुडे पदाधकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# अस्सी के दशक में शोध के क्षेत्र में इतिहास बनाया

**10 अक्टूबर 1975 में हुई थी नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय की स्थापना**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** धान, गेंहू, फल और सब्जियों की नई प्रजाति देने वाले नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय ने एक बार फिर अपनी उतकृष्टता साबित कर दी। उसे नैक मूल्यांकन में ए प्लस प्लस ग्रेड मिली। यह ग्रेड पाने वाला वह देश का पहला विश्वविद्यालय बन गया।

कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना 10 अक्टूबर 1975 में हुई थी। अस्सी के दशक में विवि ने शोध के क्षेत्र में इतिहास बनाया। जानकार बताते हैं कि इस दौरान धान, गेंहू, बेल, आंवला, आम के साथ ही सब्जियों के क्षेत्र में कई नई प्रजातियों को जन्म दिया। जो किसानों को ज्यादा उपज देती हैं। आज भी यह चर्चित है। लेकिन नैक की यह उपलब्धि विश्वविद्यालय को नहीं मिली थी। विश्वविद्यालय ने शिक्षा, शोध, प्रसार, संसाधन एवं समन्वय के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है।



नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह, नैक टीम और मौजूद स्टाफ। अमृत विचार




### क्या है ग्रेडिंग प्रक्रिया

नैक विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) का हिस्सा है। इसका काम देशभर के विश्वविद्यालयों, उच्च शिक्षण संस्थानों, निजी संस्थानों में गुणवत्ता को परखना और उनको रेटिंग देना है।

### कुलाधिपति ने आठ और वीसी ने 120 बार की बैठक

आईक्यूएसी के निदेशक डॉ. डीके दिवेदी कहते हैं कि नैक की तैयारी को लेकर कुलाधिपति ने आठ बार और कुलपति ने 120 बार बैठकें की। तैयारी की समीक्षा की। इसके बाद यह बड़ी सफलता मिली। विवि के को-आर्डिनेटर डॉ. सुशांत श्रीवास्तव ने कुलपति के कुशल मार्गदर्शन और सभी सातों क्राइटेरिया के चेयरमैन और सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### विवि के खाते में दर्ज है कई उपलब्धियां

विश्वविद्यालय के खाते में कई उपलब्धियां दर्ज है। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने साल 2020 में पदभार ग्रहण किया। तब से राष्ट्रीय कृषि शिक्षा बोर्ड से मूल्यांकन, आईसीएआर एवं एनआईआरएफ रैंकिग में सफलता, आईक्यूएसी, शैक्षणिक प्रबंधन प्रणाली एवं ई-गवर्नेंस प्रणाली की स्थापना की गई। विवि में नए पाठ्यक्रमों और गोंडा में कृषि महाविद्यालय की शुरुआत, 579 नए विषयों का संचालन और 52 फीसदी पाठ्यक्रमों में स्थानीय एवं वैश्विक जरूरत के अनुसार संशोधन, नई शिक्षा नीति 51 मूल्य-वर्धित पाठ्यक्रम की शुरुआत हुई। 52 आईसीटी आधारित कक्षाओं की स्थापना की गई। 19.84 फीसदी ज्यादा छात्रों का प्रवेश, विदेशी छात्रों की संख्या बढ़ने के साथ कई काम हुए। इसके अलावा 50 करोड़ रुपये से ज्यादा धनराशि से कृषि विज्ञान केंद्रों का सुदृणीकरण, हजार किलोवाट सोलर पैनल की स्थापना, श्रीअन्न जैसी उपलब्धियां हैं।

# दो बुजुर्ग जायरीनों व सुरक्षा कर्मी की मौत

## गर्मी और लू से जान जाने की जताई जा रही आशंका

रुदौली (अयोध्या) कार्यालय

**अमृत विचार :** नौतपा के कहर के बीच अयोध्या में भी दो बुजुर्ग जायरीनों व सुरक्षा सुरक्षाकर्मी की मौत हो गई। तीनों की मौत अत्यधिक गर्मी और लू की चपेट में आने से होने की आशंका जताई जा रही है। प्रतापगढ़ व कानपुर से आए दोनों जायरीन बहराइच में चल रहे सैयद सालार गाजी के उर्स में शामिल होने के लिए जाते समय रुदौली की प्रख्यात दरगाह जोहरा बीबी की मजार पर जियारत के लिए आए थे। स्थानीय प्रशासन ने दोनों जायरीनों की गर्मी से मौत की अधिकारिक पुष्टि नहीं की है लेकिन दरगाह के मुतवल्ली ने दोनों की मौत भीषण गर्मी से होना बताया है। परिवार के लोगों ने भी अन्य किसी बीमारी से मौत होने की बात से इंकार किया है।

बहराइच में उर्स में जाने के लिए यहां जोहरा बीबी की मजार पर आने की मान्यता है। जिसके कारण गुरुवार देर शाम पैदल लग्गी लिए हुए जायरीनों के जत्था के साथ यहां प्रतापगढ़ के तहसील कुंडा, थाना नबाब गंज अधाई हुसैनपुर निवासी बंसीलाल सोनी बसंत लाल (60) यहां पैदल अपनी टोली के साथ पहुंचे। यहां पहुंचते ही उनकी तबियत बिगड़ गई और कुछ देर में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। वहीं कानपुर निवासी बाबा साबिर अली (70) निवासी बेगमपुरवा कानपुर एक बस से रात आठ बजे यहां पहुंचे। कुछ समय में उनकी तबीयत भी बिगड़ गई। जब तक अस्पताल ले जाया जाता उनकी मौत हो गई।

मेला के मुतवल्ली मो. राशिद ने बताया कि दोनों के परिवार वालों को सूचित किया गया है। उन्होंने बताया कि अत्यधिक गर्मी के कारण दोनों की मौत हुई है। मीराबाई वार्ड के सभासद प्रतिनिधि मीरापुर निवासी प्रदीप यादव ने भी मौत का कारण अत्यधिक गर्मी से होने की संभवाना जताई। उन्होंने बताया कि परिवार वालों के मुताबिक दोनों अन्य किसी बीमारी से ग्रसित नहीं थे। कोतवाल देवेंद्र सिंह ने बताया कि मजार के जिम्मेदार से जानकारी की जा रही है। यदि गर्मी से मौत हुई है तो गंभीर बात है।






भीषण गर्मी में चेहरे को ढककर जातीं युवतियां। अमृत विचार

- रुदौली के जोहरा बीबी दरगाह प्रतापगढ़ व कानपुर से आए थे जायरीन, बहराइच मेले में जा रहे थे
- मेला के मुतवल्ली मो. राशिद ने दोनों के परिवार वालों को किया सूचित

> जायरीनों के मौत की जानकारी गुरुवार को नहीं मिली थी। उर्स की भी अनुमति का कोई पत्र अभी तक नहीं मिला है। सूचना मिलने पर शुक्रवार को लेखपाल को मौके पर भेजा गया, तो दो लोगों के मौत की जानकारी मिली है। मृत्यु का कोई कारण स्पष्ट नहीं है। मृतकों के परिवारीजन शव रात में ही लेकर चले गए। **-अंशिका दीक्षित, एसडीएम, रुदौली**

> अधिक उम्र में यात्रा के दौरान हीट स्ट्रोक से मौत हो सकती है। संभव है दोनों पहले से बीमार भी रहे हो और यात्रा के दौरान दिक्कत आने से मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कारण स्पष्ट किया जा सकता है। **– डॉ. मदन बरनवाल, अधीक्षक, सीएचसी रुदौली**

### लू का शिकार हुए सुरक्षा सुरक्षाकर्मी ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

**मिल्कीपुर, (अयोध्या)। अमृत विचार :** अयोध्या रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग 330-ए बना रही पीएनसी कंपनी की एटीपीएल शाखा हलियापुर में सिक्योरिटी गार्ड पद पर तैनात संदीप कुमार पाल की गर्मी व लू की चपेट में आने से शुक्रवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई। साथी सुरक्षा गार्डों ने उसे कुमारगंज के सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया। जहां इमरजेंसी में तैनात डॉ. दुर्ग विजय ने हीट स्ट्रोक का लक्षण बताते हुए उसे गंभीरावस्था में जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। संदीप की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पीएनसी कंपनी के कर्मचारी अंकित सिंह का आरोप है कि तबीयत बिगड़ने पर संदीप को जब सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया गया तो डॉक्टरों ने उपचार नहीं किया। सीधे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज शुरू होते ही कर्मी की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ स्पष्ट कहा जा सकेगा। पीएनसी कंपनी में सुरक्षा गार्ड के रूप में तैनात ग्राम आंजनपारा, परूइया, मालीपुर जिला अम्बेडकर नगर निवासी संदीप कुमार पाल इससे पहले बक्सर बिहार में तैनात थे। एक वर्ष पहले स्थानांतरित होकर एटीपीएल हलियापुर आए थे। मृतक के भाई हौंसला पाल ने बताया कि संदीप उनके चार भाइयों में सबसे छोटा था। अभी चार साल पहले उसकी शादी हुई थी।



संदीप (फाइल फोटो)

> जिले में गर्मी से तीन मौतों की अधिकृत जानकारी अभी जिला प्रशासन को नहीं मिली है। मिल्कीपुर और रूदौली एसडीएम से पूछा जा रहा है। यदि गर्मी से मौत है तो आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी। **– महेंद्र कुमार सिंह, अपर जिला अधिकारी, वित्त एवं राजस्व**

> जिले में हीट स्ट्रोक से किसी के मरने की सूचना नहीं है। मैंने रुदौली और मिल्कीपुर दोनों जगह जानकारी की। यदि किसी बाहर के व्यक्ति के साथ घटना हुई है तो जानकारी नहीं है। **– डॉ. संजय जैन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी**

### पांच साल का टूटा रिकॉर्ड, पारा 45 डिग्री के पार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अयोध्या में भी गर्मी ने शुक्रवार को पांच साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। आग बरसाती धूप और भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं। सड़कों पर अधिकतर सन्नाटा पसरा दिख रहा है। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मौसम विभाग की ओर से जारी सूचना के अनुसार 2018 में 26 मई को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। जबकि 2019 में 10 मई को 44 डिग्री सेल्सियस था। वहीं 25 मई 2020 को 43.5, 2 मई 2021 को 39.0, 17 मई 2022 को 42.0 और 31 मई 2023 को 41.0 तापमान दर्ज किया गया था। वहीं शुक्रवार को अधिकतम तापमान 45.0 डिग्री सेल्सियस के साथ उच्चतम रहा। न्यूनतम तापमान 30.5 रहा। सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम 72 और न्यूनतम, 36 प्रतिशत रिकॉर्ड की गई है। हवा की गति 2.7 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से दक्षिणी पश्चिमी चली। आगामी 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क बने रहने एवं हवा सामान्य गति से पूर्वी/ पश्चिमी चलने व औसत तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है, जिससे अभी भी तेज गर्मी (लू) से राहत के आसार नहीं हैं।

### प्रशासनिक अधिकारी समेत छह लोग हत्या में दोषी करार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** शहर के बहुचर्चित विजय कुमार गुप्ता हत्याकांड में कलक्ट्रेट के प्रशासनिक अधिकारी रामकृष्ण तिवारी समेत छह लोगों को कोर्ट ने गैंगस्टर और हत्या समेत अन्य धाराओं में दोषी पाते हुए न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया। सजा के प्रश्न पर सुनवाई तीन जून को होगी। फैसला विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर कोर्ट के जज मोहिंदर कुमार की अदालत से शुक्रवार को हुआ। गिरोह बंद अधिनियम के विशेष लोक अभियोजक विकास शुक्ला और जितेंद्र तिवारी ने बताया कि घटना 25 अप्रैल 2000 की है। कोतवाली नगर के साहबगंज मोहल्ला निवासी श्यामसुंदर गुप्ता के भतीजे विश्वनाथ और गगन उर्फ गोगा श्रीवास्तव के बीच पान खाकर थूकने के मामले को लेकर विवाद हो गया था। गोगा ने यह बात अपने घर बताई। इसके बाद श्रीकृष्ण तिवारी(भाजपा नेता), रामकृष्ण तिवारी (वर्तमान में कलेक्ट्रेट में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी), राजन उर्फ़ हरि कृष्ण तिवारी, गगन उर्फ गोगा श्रीवास्तव, साजिद व अजय कुमार द्विवेदी असलहा व तलवार से लैस होकर घटनास्थल पर पहुंचे। लाइसेंसी बंदूक व तमंचे से फायरिंग कर दी। गोली लगने से विजय कुमार गुप्ता और उनके पिता श्याम सुंदर गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गये। परिवारीजनों ने दोनों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने विजय कुमार को मृत घोषित कर दिया, पिता का कई दिन तक इलाज चला। इसकी रिपोर्ट घायल श्याम सुंदर के पिता अयोध्या कुमार गुप्ता ने सभी के खिलाफ जानलेवा हमला, हत्या, जान से मारने की धमकी देने समेत अन्य धाराओं में लिखाई थी। प्रशासन ने भी सभी आरोपियों पर गिरोह बंद अधिनियम के तहत कार्रवाई की थी। विवेचना के बाद पुलिस ने सभी धाराओं में आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने सभी छह अभियुक्तों को जानलेवा हमला, हत्या व गैंगस्टर अधिनियम के तहत दोषी पाते हुए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

- सजा के प्रश्न पर सुनवाई तीन जून को

# रामलला का दर्शन कर धन्य हो गया



रामलला का दर्शन करने के बाद चिराग पासवान व उनका परिवार। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** लोकजन शक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान शुक्रवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने हनुमानगढ़ी और राम जन्मभूमि का दर्शन-पूजन किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम भव्य मंदिर में विराजमान हो चुके हैं। उनकी प्राण प्रतिष्ठा के दिन मैं यहां मौजूद था। मैं भाग्यशाली हूं। उसी दिन से थी मन में पूरे परिवार के साथ प्रभु राम का दर्शन करने की जो इच्छा थी वह आज पूरी हो गई। दर्शन कर मैं धन्य हो गया।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से देश की आबादी प्रधानमंत्री पर भरोसा रखती है। गरीब कल्याण की योजनाओं से पीएम मोदी ने हर घर को प्रभावित किया है। कहा कि 400 पार का लक्ष्य बहुत सरलता से हम लोग प्राप्त करेंगे। बिहार की सभी 40 सीटें हमें मिल रहीं हैं। प्रधानमंत्री के कन्या कुमारी में ध्यान साधना पर बोले कि जिस तरह से प्रधानमंत्री आध्यात्मिक सनातन को विश्वास दिला रहे हैं। जो लोग सनातन के विनाश के बारे में सोचते हैं उनको वह ऊर्जा प्राप्त नहीं होगी।

### हादसे में झारखंड के श्रद्धालु की मौत

**अयोध्या।** लखनऊ-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार को अयोध्या कोतवाली के बूथ नंबर चार निकट एक सड़क हादसे में झारखंड निवासी एक श्रद्धालु की मौत हो गई। झारखंड के रांची जिले के थाना सुखदेव नगर के देवी मंडप निवासी एक परिवार गुरुवार को दर्श-पूजन के लिए अयोध्या आया था। सभी श्रद्धालु हाइवे बाईपास पर बूथ नंबर चार के निकट एक आश्रम में रुके थे। सभी शुक्रवार को हाईवे पर सड़क पार कर रहे थे कि इसी दौरान एक बाइक ने डिवाइडर पार कर रहे वीरेंद्र शर्मा (48) पुत्र सूर्यनाथ शर्मा को टक्कर मार दी। पत्नी सीमा शर्मा ने उनको गंभीर घायल हालत में श्रीराम अस्पताल पहुँचाया। जहां इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने वीरेंद्र शर्मा को मृत घोषित कर दिया। चौकी प्रभारी रायगंज वीरेंद्र कुमार पाल ने बताया कि दुर्घटना में गोंडा निवासी बाइक सवार युवक को मामूली चोट आई थी। श्रद्धालु के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया है। मामले की तहकीकात कराई जा रही है।

# साधुवेशधारी समेत छह लोगों के मिले शव

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में 24 घंटे के दौरान अलग-अलग जगहों से एक साधुवेशधारी समेत छह को लाया गया है। परीक्षण के बाद डॉक्टर ने सभी को मृत घोषित किया है।

रेलवे पुलिस को अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर पांच पर पैदल पुल के नीचे शुक्रवार सुबह एक 60 वर्षीय साधुवेशधारी पड़ा मिला। जिसको आरपीएफ ने प्रयागराज पैसेंजर से बेहोशी की हालत में उतारा था। रेलवे के डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। उसके शरीर पर पीले रंग की कमीज (कुर्ता) व सफेद रंग की धोती तथा गले में कंठी मिली है। वहीं कार्यालय कोचिंग डिपो अधिकारी के पश्चिम रेल पटरी के किनारे एक 55 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला है। जिसके शरीर पर नीली बनियान, मटमैले रंग की पैंट है, लेकिन पहचान नहीं हो पाई। आरपीएफ के सिपाही ज्ञान प्रकाश ने एक 48 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति को जिला अस्पताल पहुंचाया। जिसे मृत घोषित किया गया है। जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार का कहना है मृतकों की पहचान संबंधी सूचना थाना पुलिस को दी जा सकती है।

जिला अस्पताल प्रशासन के मुताबिक इसके अतिरिक्त एंबुलेंस के ईएमटी अवधेश ने कैंट थाना क्षेत्र के पूरे काशीनाथ से एक 30 वर्षीय अज्ञात महिला, ईएमटी कृष्णचन्द्र ने अज्ञात 50 वर्षीय पुरुष और ईएमटी आशीष ने एक 48 वर्षीय अज्ञात पुरुष को मृत हाल में जिला अस्पताल पहुंचाया है। मृतकों की शिनाख्त और पोस्टमार्टम आदि विधिक कार्रवाई के लिए मेमो नगर कोतवाली को भेजा गया है।

## सार-संक्षेप

### शक्ति विहार कॉलोनी में बिजली संकट जारी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** शक्ति विहार कॉलोनी नियावां में शुक्रवार को तीसरे दिन भी विभागीय लापरवाही के चलते विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं हो पाई है। 29 मई को रात 10 बजे के आसपास एक ट्रांसफार्मर फुंक गया था। जिसके चलते रात से ही आधी कॉलोनी में लाइट गुल गई। पूरी रात पूरा दिन लाइट नहीं आई। 30 मई की शाम ट्रांसफार्मर ठीक होने के बाद लाइट आई। 31 मई की सुबह फिर ट्रांसफार्मर खराब हो गया और सुबह से रात करीब आठ बजे तक आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई थी। कॉलोनीवासी भयंकर गर्मी में परेशानियों का सामना कर रहे हैं। विभाग का दावा है कि ट्रांसफार्मर बन रहा है, जल्द आपूर्ति सुचारू हो जाएगी।

### अधेड़ की हुई मौत

**अयोध्या, अमृत विचार।** नगर कोतवाली के फतेहगंज चौकी क्षेत्र स्थित गुरुदेव मेडिकल दुकान के पास मिले अधेड़ की शुक्रवार को जिला अस्पताल में मौत हो गई। अंबेडकरनगर के थाना जैतपुर स्थित दामोदर पट्टी निवासी उदयनरायण उपाध्याय (40) यहां नगर कोतवाली के नाका क्षेत्र स्थित एक ढाबे पर काम करता था। वह फतेहगंज चौकी पुलिस को गुरुदेव मेडिकल दुकान के पास बेहोशी की हालत में मिला था। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भेजवाया था। जहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। चौकी प्रभारी अक्षय पटेल ने बताया कि मृतक नशे का आदी बताया गया है। पीएम करवा शव को परिवार के हवाले किया गया है।

### सरयू की रेत पर बेहोश मिली युवती, अस्पताल में भर्ती

**अयोध्या, अमृत विचार।** अयोध्या कोतवाली क्षेत्र में सरयू की रेत पर शुक्रवार सुबह एक 26 वर्षीय युवती बेहोशी की हालत में मिली है। पुलिस ने उसे श्रीराम अस्पताल पहुँचाया। वहां से डॉक्टर ने गंभीर हालत में जिला महिला अस्पताल रेफर कर दिया। क्षेत्रीय लोग दुष्कर्म की आशंका जता रहे हैं, हालांकि अभी मेडिकल रिपोर्ट की जानकारी नहीं मिल पाई है। वहीं पुलिस मामले में अभी कुछ भी बोलने से कतरा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उसके शरीर के निचले हिस्से से रक्तस्राव हो रहा था। वह केसरिया रंग का टी शर्ट पहने हुई थी। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई तो पुलिस ने उसको श्रीराम अस्पताल पहुँचाया।

### अपर आयुक्त को दी गई भावभीनी विदाई




सेवानिवृत्ति पर अपर आयुक्त को स्मृति चंह्न देकर सम्मानित करते कमिश्नर।

**अयोध्या, अमृत विचार :** मंडल के अपर आयुक्त जितेंद्र कुशवाहा शुक्रवार को सेवा निवृत्त हो गये। इस मौके पर भावभीनी विदाई दी गई। उन्हें स्मृति चिंह्न और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। समारोह में मंडलायुक्त गौरव दयाल ने उनके कार्य व्यवहार की प्रशंसा की। कुशवाहा यहां अपर जिलाधिकारी कानून व्यवस्था के पद पर रहे। बाद में यहीं पर उन्होंने अपर आयुक्त के पद की जिम्मेदारी निभाई। विदाई समारोह में अपर आयुक्त अजय कांत सैनी, अविनाश पांडेय, सच्चिदानंद, पवन कुमार सहित आयुक्त कार्यालय परिवार के लोग मौजूद थे।

### गंदा पानी गिराने वालों पर दर्ज हो केस

**रुदौली अयोध्या। अमृत विचार :** रुदौली जागृति मोर्चा के अध्यक्ष विनोद कुमार मिश्रा ने रुदौली भेलसर मार्ग के शेख शफी कब्रिस्तान के पास व्यावसायिक और आवासीय भवन का गंदा पानी सड़क पर गिरने वाले लोगों पर मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग उप जिलाधिकारी से की है। उप जिलाधिकारी अंशिका दीक्षित ने बताया की सार्वजनिक मार्ग पर गंदा पानी गिरने की शिकायत मिली है।धारा 133 सीआरपीसी के तहत कोतवाल प्रभारी रुदौली और नायब तहसीलदार रुदौली से आख्या मांगी गई है।

**हालात** — बिजली की आवाजाही जारी, पांच उपकेंद्रों पर ट्रांसफार्मरों पर लगे कूलर

# नहीं थमा बिजली संकट, कटौती-ट्रिपिंग जारी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले में बिजली संकट बरकरार है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को भी बिजली कटौती और ट्रिपिंग का सिलसिला जारी रहा। वहीं ट्रांसफार्मरों की क्षमता बरकरार लगने के लिए पांच उपकेंद्रों पर ट्रांसफार्मरों को कूलर लगा कर ठंडा किया जा रहा है। इतना ही नहीं गुरुवार शाम पॉवर कॉर्पोरेशन ने खुद सूचना जारी कर लोगों से सहयोग की अपील की है।

भीषण गर्मी के चलते जिले में बिजली कटौती और ट्रिपिंग का सिलसिला जारी है। नियावां और चौक उपकेन्द्र के अधीन मोहल्लों में गुरुवार रात जहां तीन घंटे से अधिक कटौती रही। वहीं लालबाग क्षेत्र में आधी रात तक ट्रिपिंग से लोग परेशान रहे। हालांकि पॉवर कॉर्पोरेशन का दावा है स्टाफ लगातार युद्धस्तर पर आपूर्ति सामान्य करने पर जुटा है लेकिन मांग और आपूर्ति में अंतर के कारण दुर्गति झेल रहा है। वर्तमान में 350 के स्थान पर मात्र 270 मेगावाट बिजली मिल रही है। इसलिए ट्रिपिंग और कटौती कर करके आपूर्ति की जा रही है।



साकेत प्रिंटिंग प्रेस के निकट ट्रांसफार्मर खराब होने पर ट्रॉली ट्रांसफार्मर से की जा रही आपूर्ति।

- पॉवर कॉर्पोरेशन ने की लोगों से सहयोग की अपील



सिविल लाइन उपकेंद्र पर ट्रांसफार्मरों को ठंडा रखने के लिए लगाए गए कूलर।

### पांच उपकेंद्रों पर लगाए गए कूलर

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** भीषण गर्मी में ट्रांसफार्मर को बचाने के लिए नगर के 34 उपकेन्द्रों में से देवकाली, फतेहगंज, नाका, सिविल लाइंस व अमानीगंज फीडर के ट्रांसफार्मर के सामने कूलर लगाए गए हैं। अधिशासी अभियंता प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया कि इस समय गर्मी बहुत ज्यादा पड़ रही है। सामान्य तापमान इस समय 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास है। ट्रांसफार्मर के 75 डिग्री सेल्सियस तापमान को मेनटेन रखने के लिए ट्रांसफार्मर के सामने दो-दो कूलर लगाए गए हैं। 75 डिग्री के ऊपर तापमान जाने पर ट्रांसफार्मर की क्षमता घट जाती है।

# गर्मी के साथ बढ़ी बिजली की खपत

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** बढ़ती गर्मी के साथ बिजली की खपत बढ़ने के साथ ट्रांसफार्मर ओवर लोड हो गए है। अधिशासी अभियंता आरएस मौर्य के निर्देश पर अवर अभियंता विद्युत वितरण रुदौली के सभी छह 33/11 विद्युत केंद्रों के ट्रांसफार्मर पास कूलर लगावा रहे हैं। विद्युत उपकेंद्र रुदौली शहर के अवर अभियंता विकास पाल ने बताया की विद्युत केंद्र उपकेंद्र के सभी फीडर ओवरलोड हो गए हैं। जिससे उपकेंद्र के 10 एमबी ट्रांसफार्मर ओवरहीट हो रहे हैं। इस वजह से बीच-बीच में आपात कटौती करनी पड़ रही है। रुदौली ग्रामीण के अवर अभियंता श्रवण कुमार ने बताया कि चार फीडर के अधिकांश ट्रांसफार्मर ओवर हिटिंग में है। ट्रांसफार्मर को ठंडा रखने के लिए कूलर लगवाए गए हैं। रुदौली ग्रामीण फीडर के मुजफ्फरपुर अंजनी पांडे व विजय शुक्ला ने बताया कि यहां पर 10 केवीए के ट्रांसफार्मर से 40 कनेक्शन हैं। तार भी जर्जर हैं। जिससे लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। विद्युत वितरण खंड रुदौली के अधिशासी अभियंता आर एस मौर्य ने बताया कि रुदौली टाउन व ग्रामीण क्षेत्र में निर्बाध विद्युत सप्लाई के लिए अवर अभियंता व फीडर इंचार्ज को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

- ओवरलोड हो रहे ट्रांसफार्मर, लगाए जा रहे कूलर

# किसको मिलेंगी कितनी सीटें और किसकी बनेगी सरकार

## भाजपा ने दिया है चार सौ पार का नारा, इंडिया गठबंधन ने प्रधानमंत्री का चेहरा तय करने को बुलाई बैठक

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार:** आज आखिरी चरण के मतदान के साथ देश चार जून का इंतजार शुरू कर देगा, जब 18 वीं लोकसभा के लिए वोटों की गिनती शुरू होगी और चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। हालांकि इससे पहले मतदान खत्म होने के बाद शाम साढ़े छह बजे से विभिन्न मीडिया चैनल और सर्वे एजेंसियां एग्जिट पोल के माध्यम से अपने अनुमानों का आंकड़ा जारी करेंगी। लेकिन कौन सरकार बनाएगा और किस दल को कितनी सीटें मिलेंगी, इसके लिए सबकी नजरें चुनाव आयोग पर ही रहेंगी, जो मंगलवार को 543 सदस्यीय लोकसभा में 542 सीटों के परिणाम जारी करने के लिए सुबह आठ बजे से मतगणना का काम शुरू कराएगा। गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से भाजपा के मुकेश दलाल को पहले ही निर्विरोध निर्वाचित किया जा चुका है। इस बार भाजपा ने जहां अपनी जीत की हैट्रिक के साथ पार्टी के लिए 370 सीटें जीतने और एनडीए गठबंधन के लिए 400 पार का नारा दे रखा है, वहीं तीसरे चरण के मतदान के बाद से उत्साहित इंडिया गठबंधन भी अब सरकार बनाने की बात कर रहा है। अब इसे जीत के लिए इंडिया गठबंधन का आश्वस्त होना कहा जाए या उतावलापन कि उसने अंतिम चरण के मतदान के दौरान ही प्रधानमंत्री के चेहरे का चुनाव करने के लिए बैठक बुला ली है। इंडिया गठबंधन के सबसे बड़े घटक दल कांग्रेस को 2019 के चुनाव में 52 और भाजपा को 303 सीटें मिली थीं।

### यूपी में सातवें चरण का गणित

- 13 में 11 सीटें एनडीए ने जीती थीं 2019 में
- 2 सीटों पर बसपा को मिली थी जीत
- 2 सीटें 15 हजार के अंतर से ही जीती थी भाजपा
- 6 सीटों पर 2 से 4.79 लाख तक था भाजपा की जीत का अंतर



- 2019 में कांग्रेस को मिलीं थीं 52 लोकसभा सीटें
- भाजपा ने 2019 में 303 सीटों पर जीत दर्ज की थी, इस बार पार्टी का लक्ष्य 370 सीटों पर जीत दर्ज करने का है

### 75 दिन प्रचार के – किसने कितना लगाया जोर

- 206 – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी रैलियों को संबोधित किया। इसमें रोड शो और प्रचार अभियान से जुड़े कार्यक्रम भी शामिल रहे।
- 188 – गृह मंत्री अमित शाह ने चुनावी रैलियां और रोड शो किए।
- 101 – रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रोड शो और चुनावी रैलियां कीं
- 160 – मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रैलियां, सभाएं, रोड शो किए।
- 87 – भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने चुनावी रैलियां कीं
- 107 – राहुल गांधी ने चुनावी रैलियां, सभाएं और रोड शो किए
- 108 – प्रियंका गांधी ने रैलियां और रोड शो किए
- 102 – मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस अध्यक्ष ने की सभाएं और रैलियां
- 251 – तेजस्वी यादव ने जनसभाओं को संबोधित किया
- 73 – सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रैलियां और रोड शो किए।
- 75 – मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रैलियां, रोड शो और पद यात्राएं कीं

### 11 सौ का एक वोट, सवा लाख करोड़ चुनाव खर्च

- देश में इस समय 96.8 करोड़ मतदाता हैं और इस बार चुनाव का खर्च सवा लाख करोड़ के आसपास रहने वाला है। इस लिहाज से एक वोट पर करीब 1100 रुपये खर्च बैठता है। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के मुताबिक हर लोकसभा चुनाव अपना पिछला रिकार्ड तोड़कर दोगुने खर्च तक पहुंच जाता है। साल 2014 में जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री चुने गए थे, लोकसभा चुनाव कराने में 3870 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। सेंटर आफ मीडिया स्टडीज (सीएमएस) की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले आम चुनाव साल 2019 में लागत बढ़कर 50 हजार करोड़ से ऊपर चली गई थी। इस बार अब तक हुए चुनावी खर्च के आधार पर ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि पिछले चुनाव के दोगुना से भी ज्यादा खर्च होगा। अंतिम आकलन अभी नहीं आया है, लेकिन माना जा रहा है कि साल 2024 के चुनाव में एक लाख 20 हजार करोड़ रुपये से कम नहीं खर्च होने वाले हैं।

### डिजिटल प्रचार में इस बार कांग्रेस ने किया भाजपा का मुकाबला

- देश में लोकसभा चुनाव भले ही हर दल ने अपनी सियासी जमीन पर झंडे, बैनर और डोर टू डोर जनसंपर्क के जरिए लड़ा हो, लेकिन इस बार चुनाव डिजिटल मोड में इंटरनेट पर भी जमकर लड़ा गया है। 2014 और 2019 के चुनाव में डिजिटल प्रचार में भाजपा सब पर भारी पड़ी थी, लेकिन इस बार कांग्रेस भी मुकाबले में नजर आई। प्रचंड गर्मी के कारण इस बार के लोकसभा चुनाव में सड़क पर राजनीतिक दलों के बीच छिड़ा घमासान थोड़ा कम दिखाई दिया हो, लेकिन ऑनलाइन और सोशल मीडिया पर डिजिटल चुनाव प्रचार चरम पर रहा है।

**39** करोड़ रुपये खर्च करने के साथ कांग्रेस डिजिटल विज्ञापन देने के मामले में दूसरे नंबर पर है

**100** करोड़ रुपये भाजपा ने जनवरी से मई के अंतिम सप्ताह तक गूगल को डिजिटल विज्ञापन के लिए दिए

### ऑन लाइन प्रचार में दो तिहाई से ज्यादा हिस्सा वीडियो विज्ञापन का

- लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए मीडिया स्रोत के मुताबिक गूगल ने इस साल पहली जनवरी से मई के अंतिम सप्ताह तक केवल राजनीतिक विज्ञापनों से करीब 265 करोड़ रुपये की कमाई की है। अप्रैल और मई में ही 160 करोड़ रुपये से अधिक के राजनीतिक विज्ञापन अकेले गूगल को दिए गए। इनमें दो-तिहाई से अधिक वीडियो विज्ञापन हैं। गूगल के एड ट्रांसपेरेंसी डेटा के अनुसार भाजपा ने जनवरी से मई के अंतिम सप्ताह तक गूगल विज्ञापनों पर 100 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इसमें 40 करोड़ रुपये से अधिक केवल मई माह में ही खर्च किए गए। कांग्रेस डिजिटल विज्ञापन देने के मामले में 39 करोड़ रुपये खर्च करने के साथ दूसरे नंबर पर है। मई माह में कांग्रेस ने करीब 12 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

### दुद्धी में भाजपा पर जीत दोहराने का दबाव

**अमृत विचार** । उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित दो विधानसभा सीटों में से एक दुद्धी पर उपचुनाव के लिए भी पहली जून को मतदान होना है। यहां 2022 के चुनाव में पहली बार रामदुलार गोंड ने भाजपा को जीत दिलाई थी। लेकिन वह कार्यकाल पूरा नहीं कर सके और किशोरी से दुष्कर्म के मामले में जेल चले गए। उपचुनाव में भाजपा ने युवा चेहरे श्रवण सिंह गोंड को मैदान में उतारा है। उनके सामने सपा से विजय सिंह गोंड की चुनौती है। विजय सिंह गोंड इस सीट से लगातार सात बार विधायक रह चुके हैं। दुद्धी में आदिवासी मतदाताओं की सबसे ज्यादा आबादी है। उप चुनाव जीतकर सपा खोया जनाधार वापस पाना चाहती है तो भाजपा पर विश्वास जीतने की चुनौती है।

## बिहार की आठ सीटों पर किसके पक्ष में झुकेगा पलड़ा

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** सातवें और अंतिम चरण में बिहार की आठ सीटों पर भी वोट पड़ेंगे, जिनमें इस बार मुकाबला कठिन नजर आ रहा है। बिहार में मतदान वाली सभी आठ सीटों पर भाजपा व जदयू काबिज है। भाजपा को उम्मीद है कि वह जदयू के साथ मिलकर सभी सीटों पर फिर से जीत दर्ज कर लेगी। जबकि महागठबंधन के दलों को उम्मीद है कि वे सभी सीटें जीतकर भाजपा को एक बार फिर से केंद्र की सत्ता में आने से रोक लेंगे। इस चरण में सासाराम, बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र और पटना साहिब सीट पर भाजपा के उम्मीदवार लड़ रहे हैं तो नालंदा और जहानाबाद पर जदयू और काराकाट सीट राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा मैदान में हैं। इंडिया महागठबंधन की सहयोगी भाकपा माले ने काराकाट, आरा और नालंदा सीट तो राजद ने जहानाबाद, पाटलिपुत्र और बक्सर से उम्मीदवार उतारे हैं। यहां मतदाता मौन दिख रहे हैं।

### मीसा भारती को हार का सिलसिला टूटने की आस



- पाटलिपुत्र सीट से मैदान में उतरीं मीसा भारती को उम्मीद है कि वह इस बार हार का सिलसिला खत्म करने में कामयाब होंगी। उनके सामने भाजपा से रामकृपाल यादव मैदान में हैं जो लगातार दो बार से जीत रहे हैं और इस बार हैट्रिक लगाने के लिए मैदान में हैं। मीसा भारती इस सीट पर रामकृपाल से 2014 और 2019 में हारीं। 2009 में लालू प्रसाद यादव को हार का सामना करना पड़ा था। तब जदयू के रंजन प्रसाद यादव ने उनहें हराया था। लालू को लगता है कि बेटी मीसा भारती इस बार जरूर जीतेंगी। इसीलिए लालू प्रसाद यादव ने यहां प्रचार में कुछ ज्यादा ही फोकस किया है। यहां के मतदाताओं से उन्होंने संविधान बचाने के नाम पर वोट मांगा है।

### काराकाट में कुशवाहा की राह में पवन सिंह का कांटा



- काराकाट लोकसभा सीट इस बार कुछ ज्यादा ही चर्चा में है। यहां से भाजपा के बागी एवं फिल्म अभिनेता पवन सिंह निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मैदान में हैं। पवन सिंह यहां साथी फिल्म अभिनेताओं और अभिनेत्रियों से प्रचार कराते रहे। सभाओं और रोड शो में जुटी भीड़ से विरोधी परेशान हैं। यहां से पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा मैदान में हैं। राजग से उम्मीदवार होने के नाते उनकी जीत के लिए मुख्यमंत्री नितीश कुमार हों या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां सभाएं कीं। लेकिन कहा जा रहा है कि उनकी जीत की राह में सबसे बड़ा कांटा पवन सिंह हैं। यहां से महागठबंधन की सहयोगी भाकपा माले के राजाराम सिंह उन्हें कड़ी टक्कर दे रहे हैं।

### सासाराम में भाजपा को हैट्रिक की उम्मीद



- भाजपा ने सासाराम लोकसभा सीट से शिवेश राम के मैदान में उतारा है। शिवेश राम को यहां मोदी के नाम का सहारा है। पार्टी के उम्मीदवार छेदी पासवान यहां से लगातार दो बार सांसद बने पर उनके स्थान पर इस बार शिवेश उतरे हैं। कांग्रेस ने मनोज भारती को टिकट दिया है। हालांकि कांग्रेस उम्मीदवार को यहां भितरघात का सामना करना पड़ रहा है। मनोज भारती बसपा से आए हैं। ऐसे में कार्यकर्ता उन्हें पचा नहीं पा रहे हैं। यहां भाजपा जीत की हैट्रिक न लगा पाए इसके लिए महागठबंधन ने पूरी ताकत झोंक दी है।

### अश्विनी चौबे की नाराजगी न पड़ जाए मिथिलेश पर भारी



- भाजपा ने बक्सर लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे का टिकट काट काटकर मिथिलेश तिवारी को मैदान में उतारा है। टिकट कटने पर अश्विनी चौबे भी सार्वजनिक रूप से नाराजगी जता चुके हैं। पार्टी के कार्यक्रमों में वे मंचों पर दिखते हैं पर उनकी नाराजगी किसी से छिपी नहीं है। उनके समर्थक भी नाराज बताए जाते हैं। ऐसे में भाजपा के रणनीतिकार भी इस बात से डरे हुए हैं कि कहीं यहां भितरघात न हो जाए। हालांकि मिथिलेश तिवारी को उम्मीद है कि मोदी के नाम और विकास कार्यों के दम पर वे इस सीट को जीत लेंगे।

## पिछली बार आधा दर्जन सीटों पर हुआ था कड़ा मुकाबला

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** साल 2019 के पिछले चुनाव में सातवें चरण की जिन छह लोकसभा सीटों पर काफी कड़ा मुकाबला हुआ था, उनमें पंजाब में जालंधर, बठिंडा, उत्तर प्रदेश की बलिया और चंदौली तो ओडिशा की बालासोर और बिहार की जहानाबाद सीट शामिल है। इन सीटों पर जीत-हार का अंतर दो प्रतिशत से भी कम रहा था। बिहार के जहानाबाद में जनता दल (यू) के चंद्रशेखर ने सिर्फ 1,751 वोटों से जीत दर्ज की थी।

उत्तर प्रदेश की चंदौली लोकसभा सीट पर भाजपा के महेंद्रनाथ पांडेय ने 13,959 वोटों से जीत हासिल की थी। ओडिशा की बालासोर सीट पर भाजपा के प्रताप चंद्र 12,956 वोटों से जीते थे। उत्तर पर्देश की बलिया सीट पर भाजपा के वीरेंद्र सिंह मस्त को 15,519 वोटों से जीत मिली थी। पंजाब की बठिंडा सीट पर अकाली दल की हरसिमरत कौर ने 21,772 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की थी, जबकि जालंधर लोकसभा सीट पर कांग्रेस के संतोख सिंह 19,491 वोटों से चुनाव जीते थे।

### 11 सीटों पर होता रहा है जीत-हार का उलटफेर

- सातवें चरण के मतदान वाली लोकसभा सीटों में 11 सीटें ऐसी रही थीं, जहां पिछले तीन चुनाव में कोई दल अपनी सीट नहीं बचा पाया था। इसमें उत्तर प्रदेश की गाजीपुर, घोसी, रॉबर्ट्सगंज और मिर्जापुर सीट हैं। पंजाब में आनंदपुर साहिब, फरीदकोट, फतेहगढ़ साहिब और पटियाला सीट हैं। इसके अलावा ओडिशा में बालासोर और बिहार की जहानाबाद और काराकाट सीट है। 2019 में इनमें दो सीटें भाजपा, 2 सीटें अपना दल (एस), दो सीटें बसपा जबकि 4 सीटें कांग्रेस ने जीती थीं। एक सीट जेडीयू को मिली थी।

## पोस्टर-पंपलेट, बिल्ला-बिंदी गायब, इस बार छाया रहा डिजिटल प्रचार

**अमृत विचार।** साल 2024 के लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दलों ने अपने स्टार प्रचारकों की रैलियों और सभाओं के बाद चुनावी अभियान में सबसे ज्यादा डिजिटल प्रचार पर भरोसा जताया। इसके चलते परंपरागत प्रचार माध्यमों में सिर्फ झंडों और फ्लेक्स होर्डिंग का बाजार तो ऊंचा रहा, लेकिन पोस्टर, पंपलेट, हैंड बिल, बिल्ला, बैनर और स्टीकर आदि गायब जैसे नजर आए। पिछले दो दशक से प्रचार का बड़ा हिस्सा बनी टोपी और टी-शर्ट की मांग भी बीते दो चुनावों के मुकाबले इस बार कमजोर दिखी। साफ नजर आया कि पिछले दस साल में तेजी से बढ़े डिजिटल माध्यम ने चुनाव प्रचार के परंपरागत बाजार को कोने में समेट दिया है।



- डिजिटल कैंपेनिंग के लिए बड़ी कंपनियों के साथ युवाओं के नयी सोच वाले स्टार्ट अप भी आगे आए
- प्रत्याशियों की ओर से रील्स की सबसे ज्यादा मांग रही, सभाओं और रैलियों की रील्स में हुए नए प्रयोग
- इस बार के चुनाव में यूनीपोल पर फ्लैक्स की मांग साल 2019 के मुकाबले 30 से 35 फीसदी तक घटी
- झंडों का बाजार रहा बेअसर पर टीशर्ट व टोपी पहले से हुई कम, आयोग की सख्ती से शोर पर लगी लगाम

चुनाव को कारोबार के लिहाज से सहालग जैसा मानने वाले प्रिंटिंग कारोबार को सियासी प्रचार के बदले चलन से सबसे बड़ी चोट पहुंची है। इस बार के चुनाव में डिजिटल कैंपेनिंग के लिए कई बड़ी कंपनियों के साथ युवाओं के नयी सोच वाले स्टार्ट अप भी उपलब्ध थे। पहले चुनाव के दौरान दीवारों पोस्टर चस्पा किए जाते थे। लेकिन अब इनकी जगह मीम्स और डिजिटल पोस्टर ने ले ली है। प्रत्याशियों की ओर से रील्स की सबसे ज्यादा डिमांड है। चुनावी सभाओं और रैलियों की रील्स में नए प्रयोग कर तैयार हो रहे हैं।

इसी तरह पिछले चुनाव तक यूनीपोल से प्रचार की भारी मांग रहती थी। पहले से इसके लिए प्रमुख स्थानों की बुकिंग हो जाती थी। लेकिन विज्ञापन एजेंसियों की माने तो इस बार के चुनाव में यूनीपोल पर फ्लैक्स की मांग साल 2019 के चुनाव के मुकाबले करीब 30 से 35 फीसदी तक घट गई। सबसे बड़ा झटका प्रिंटिंग प्रेस को लगा, प्रचार सामग्री छपवाने के आर्डर पिछले चुनाव की अपेक्षा आधे से भी कम रह गए। डिजिटल प्रचार के दौर में इंटरनेट मीडिया से कैंपेनिंग का प्रभाव बढ़ने से ऐसा देखने को मिला। कानपुर, आगरा और मेरठ के कई प्रिंटिंग प्रेस संचालकों के मुताबिक मतदाताओं को जागरूक करने के लिए इस बार डिजिटल प्लेटफार्म का दायरा काफी बढ़ गया। इस बदलते ट्रेंड का प्रभाव परंपरागत तरीकों से प्रचार में प्रयुक्त होने वाले प्रिंटिंग कारोबार पर सबसे ज्यादा पड़ा है। चुनाव प्रचार के बाजार में झंडा, बैनर, बिल्ला और स्टीकर जैसी प्रचार सामग्री की मांग तेजी से घट गई है। चुनाव प्रचार सामग्री के थोक कारोबारियों का कहना है कि पहले राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों की तरफ से झंडे, बिल्ले, टोपी, टी शर्ट और महिलाओं के लिए पार्टी के चुनाव चिह्न वाली बिंदी जैसी सामग्री के ऑर्डर खूब मिलते थे। प्रत्याशी अपनी और पार्टी के बड़े नेता की फोटो के साथ पोस्टर या कपड़े के छोटे बैनर छपवाने के लिए परेशान रहते थे। लेकिन इस बार ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिला। पहले चुनाव के दौरान पोस्टरों को दीवारों पर चस्पा किया जाता था। लेकिन अब इसे लेकर चुनाव आयोग ने कई नियम लागू कर दिए हैं, जिसके चलते प्रत्याशी इससे किनारा करने लगे हैं। वैसे भी अब मीम्स और डिजिटल पोस्टर का जमाना है। इसी की मांग बाजार में ज्यादा दिखाई देती रही। प्रत्याशियों की ओर से भी रील्स बनाने की मांग खूब आती रही है। ऐसे में चुनावी सभाओं और रैलियों की रील्स तैयार करने में नए प्रयोग किए गए। कहीं भीड़ को इस अंदाज में दिखाया गया कि मानो जन सैलाब उमड़ आया हो, तो कहीं उन्हें पार्टी के गीतों से जोड़ दिया गया। कुल मिलाकर डिजिटल कैंपेनिंग ने प्रचार का तरीका पूरी तरह बदल दिया, जिसके कारण बाजार में परंपरागत नहीं नवाचर की मांग ज्यादा रही।

## सातवें चरण की 57 में 30 सीटें एनडीए ने जीती थीं

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** सातवें और आखिरी चरण में शनिवार को 57 सीटों पर मतदान होने जा रहा है। साल 2019 में इन 57 सीटों में भाजपा ने 25 सीटें जीती थीं और एनडीए ने 30 सीटों पर अपना परचम फहराया था। इस चरण में सबसे बड़ा चुनाव वाराणसी में हो रहा है, जहां से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। उनके खिलाफ कांग्रेस ने अपनी उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय को मैदान में उतारा है।

- **सबसे बड़ा चुनाव वाराणसी में जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार मैदान में**

प्रधानमंत्री मोदी के अलावा जिन सीटों पर सबकी नजर है, उनमें गोरखपुर से अभिनेता रवि किशन के खिलाफ सपा से काजल निषाद मैदान में हैं। हिमाचल की मंडी सीट से फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के बेटे विक्रमादित्य कांग्रेस उम्मीदवार हैं। हिमाचल की ही हमीरपुर सीट से केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर चुनाव लड़ रहे हैं। पश्चिम बंगाल की डायमंड हार्बर सीट से ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी जालंधर और हरसिमरत कौर बादल भटिंडा से चुनाव लड़ रही हैं।

## एक नजर

### गोवंशों को हीट वेव से बचाने के लिए करें निगरानी

**अमृत विचार,लखनऊ :** गोवंशों को हीट वेव से बचाने के लिए गोशालाओं की दिन-रात निगरानी करें। आग की घटना रोकने के इंतजाम करने के साथ फायर स्टेशन के नंबर दर्ज कराएं। गोवंशों को छायादार जगह पर रखें। यह निर्देश शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन से सभी खंड विकास अधिकारी व अधिशासी अधिकारी को दिए हैं। कहा कि गोवंशों को गर्मी व लू से बचाएं। टीनशेड, तिरपाल, टाटपट्टी, बोरे आदि परिसर में लगाएं और बराबर पानी का छिड़काव करें। ताजा पानी ही पिलाएं। बीमार गोवंश को अलग छायादार जगह पर रखें। रात में चौकीदार लगाकर निगरानी कराएं। आगजनी की घटना को रोकने के इंतजाम करें और गोशालाओं पर फायर स्टेशन के नंबर लिखाएं। बिजली व पानी की आपूर्ति बराबर रहे। फोटो समेत गोशालाओं की तीन दिन में रिपोर्ट दें।

# राजस्व ग्रामों को मॉडल बनाने का सीखा तरीका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डीपीआरओ ने 16 गांवों का किया प्रस्तुतिकरण
- जिले के 322 राजस्व ग्रामों को बनाना है मॉडल

**अमृत विचार :** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत राजस्व ग्राम को मॉडल बनाने का प्रस्तुतिकरण किया गया। वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े प्रधान, सचिव, पंचायत सहायक व सफाई कर्मियों ने अभियान को जाना और गांवों में कार्य कराने के तौर-तरीके सीखे।

जिले में इस वर्ष 322 राजस्व ग्राम मॉडल बनाए जाने हैं। इनमें शुक्रवार को विकास भवन स्थित कार्यालय से जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से 16 राजस्व ग्राम को मॉडल बनाने का प्रस्तुतिकरण किया। निदेशालय के अधिकारी भी जुड़े। संबंधित गांवों के प्रधान, सचिव, पंचायत सहायक व सफाई कर्मियों को प्रदेश में मॉडल बने राजस्व ग्रामों की तस्वीर और कार्यों को दर्शाकर जानकारी दी गई। गांव में मनरेगा के तहत अधिक से अधिक जल संरक्षण को लेकर सोखपिट, नाडेफ व वर्मी कंपोस्ट बनाने पर जोर दिया। इससे गांव की आय बढ़ना बताया। जिला समन्वयक अभिनव त्रिपाठी व अभिषेक गुप्ता ने बताया कि तालाब में जो नाली के सहारे गंदा पानी जाता है वहां फिल्टर चैंबर लगाएं।

# जुर्म की कमाई से संपत्ति नहीं बना पाए पांच हजार गैंगस्टर

## पुलिस की छानबीन में सामने आई सच्चाई, अपराधियों पर लगातार हो रही कार्रवाई

विनय सिंह, लखनऊ

- सवा दो वर्षों में 1,555 गैंगस्टर के मामले दर्ज किए गए
- दर्ज मामलों में अपराधियों की कुल संख्या 5,819 है

**658** गैंगस्टर पर लखनऊ जोन की पुलिस ने की कार्रवाई

**911** करोड़ की अवैध संपत्ति की जा चुकी है जब्त

**अमृत विचारः** लखनऊ जोन में पाच हजार ऐसे गिरोहबंद अपराधी हैं जो अपराध के दम पर संपत्ति नही अर्जित कर पाए। गैंगस्टर की सूची में शामिल इन अपराधियों की संपत्ति जब्त करने के लिए पुलिस ने छानबीन की तो यह सच सामने आया। पुलिस अब पता लगा रही कि इन अपराधियों ने जुर्म की कमाई को रिश्तेदारों या करीबियों के जरिए तो नहीं निवेश किया है।

पुलिस की जांच में अब तक सामने आया कि इन अपराधियों ने अलग-अलग गिरोह में शामिल होकर घटनाओं को तो अंजाम दिया, लेकिन किसी तरह की संपत्ति नहीं बना पाए। हालांकि पुलिस ऐसे अपराधियों की कमर तोड़ने के लिए 911 करोड़ की संपत्तियों को जब्त भी किया है।

लखनऊ जोन के अयोध्या एवं लखनऊ परिक्षेत्र में विगत सवा दो वर्षों में 1,555 गैंगस्टर के मामले दर्ज किए गए हैं। इन मामलों में अपराधियों की कुल संख्या 5,819 है। दोनों परिक्षेत्रों की पुलिस गैंगस्टर पर लगातार कार्रवाई कर रही है। इस कार्रवाई में अब तक गैंगस्टर एक्ट के तहत 658 बदमाशों की संपत्तियों को जब्त किया गया। कार्रवाई में अब तक 911.29 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की गई। 5,134 अपराधी ऐसे हैं, जिनकी संपत्तियों का पता नहीं चल सका है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक इन अपराधियों के पास कोई संपत्ति नहीं पाई गई है। यह सभी गिरोह से जुड़कर घटनाओं को अंजाम तो दे रहे थे, लेकिन संपत्ति नहीं बना सके। इनमें किसी अभियुक्त के खिलाफ चार मुकदमें दर्ज हैं तो किसी के खिलाफ पांच से छह मुकदमें।

### सर्वाधिक गैंगस्टर बाराबंकी में

गैंगस्टर की संख्या पर गौर किया जाए तो सर्वाधिक 1,203 गैंगस्टर बाराबंकी में हैं। यहां की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 308 करोड़ की संपत्तियां जब्त की। अमेठी में गैंगस्टर की संख्या सबसे कम 230 हैं। यहां की पुलिस ने 11.23 करोड़ की संपत्ति जब्त की। इसी तरह हरदोई में 450, खीरी में 823, रायबरेली में 448, सीतापुर में 858, उन्नाव में 530, अयोध्या में 452, सुल्तानपुर में 424 और अंबेडकरनगर में 401 गैंगस्टर एक्ट के अपराधी है। इनमें से अधिकतर अभियुक्त जेलों में बंद हैं।

## ओएचई लाइन टूटी, पांच घंटे तक खड़ी रहीं चार ट्रेनें

**अमृत विचार,लखनऊ :** पूर्वोत्तर रेलवे के मैलानी से बांकेगंज रेलखंड पर गुरुवार की रात करीब 8:30 बजे पेड़ गिरने से ओएचई लाइन टूट गई, जिसकी वजह से इस रेलखंड पर चल रही रही चार ट्रेनें अलग-अलग जगहों पर बीच रास्ते खड़ी हो गई।

जानकारी के मुताबिक रेलवे ट्रैक पर पेड़ गिरने से ओएचई लाइन टूट गई थी। इस दौरान चार ट्रेनों को विभिन्न स्थानों पर रोकना पड़ा। इस वजह से ट्रेन नंबर 15010 मैलानी-गोरखपुर एक्सप्रेस, 15060 आनंद विहार लालकुआं एक्सप्रेस, 05493 शाहगढ़-डालीगंज एक्सप्रेस पांच-पांच घंटे लेट पहुंची। जबकि ट्रेन नंबर 05492 डालीगंज-शाहगढ़ पैसेंजर ढाई घंटे लेट रही।

# 7वां चरण: मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां पहुंचीं

## भीषण गर्मी और लू से मतदाताओं व मतदान कर्मियों को बचाने के लिए किए गए व्यापक इंतजाम

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ



अंतिम चरण के निर्वाचन की जानकारी देते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

**अमृत विचारः** प्रदेश में सातवें व अंतिम चरण के मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां शुक्रवार को मतदान केंद्रों पर पहुंच गईं। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं व मतदान कर्मियों को भीषण गर्मी व लू से बचाव के व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में 13 लोकसभा सीटों व दुद्धी विधानसभा के लिए मतदान होना है। निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान की तैयारी पूरी कर ली गई है।

इस चरण में प्रदेश के महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव (अजा), घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर व रॉबर्ट्सगंज (अजा) लोकसभा क्षेत्रों के साथ ही विधानसभा उपनिर्वाचन क्षेत्र दुद्धी में मतदान होगा। लोकसभा सीटों पर मतदान सुबह सात बजे से लेकर शाम छह बजे तक चलेगा, जबकि दुद्धी विधानसभा सीट पर मतदान सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक होगा।

राबर्ट्सगंज (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के पांच विधानसभा क्षेत्रों में से तीन में मतदान का समय सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक, जबकि दो विधानसभा राबर्ट्सगंज विधानसभा क्षेत्र व दुद्धी निर्वाचन क्षेत्र में मतदान का समय सुबह सात बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा। मतदेय स्थलों पर जो मतदाता मतदान अवधि के अंत में पोलिंग बूथ पर कतार में उपस्थित रहेंगे, वे सभी अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

### दो करोड़ 50 लाख 56 हजार 877 मतदाता

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस चरण में लोकसभा सीटों पर कुल दो करोड़ 50 लाख 56 हजार 877 मतदाता हैं, जिसमें एक करोड़ 33 लाख 10 हजार 897 पुरुष व एक करोड़ 17 लाख 44 हजार 922 महिला और 1058 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। मतदाताओं की संख्या की दृष्टि से सबसे अधिक 20 लाख 97 हजार 202 मतदाता गोरखपुर व सबसे कम 17 लाख 76 हजार 982 मतदाता सलेमपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 144 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें 134 पुरुष व 10 महिला प्रत्याशी हैं। सबसे अधिक 28 प्रत्याशी घोसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में व सबसे कम सात प्रत्याशी देवरिया व वाराणसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं।

### निगरानी के लिए प्रेक्षक तैनात

मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए निर्वाचन आयोग की ओर तीन विशेष प्रेक्षक, 13 सामान्य प्रेक्षक, 8 पुलिस प्रेक्षक व 14 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 1861 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 243 जोनल मजिस्ट्रेट, 130 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 2550 माइक्रो ऑब्जर्वर तैनात किए गए हैं।

### उप निर्वाचन में 3.44 लाख से अधिक मतदाता

विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र दुद्धी में कुल 3 लाख 44 हजार 840 मतदाता हैं, जिसमें एक लाख 81 हजार 250 पुरुष, एक लाख 63 हजार 581 महिला व नौ थर्ड जेंडर मतदाता हैं। 361 मतदेय स्थल हैं, जिनमें 80 संवेदनशील हैं। कुल 216 मतदान केन्द्र हैं। कुल छह प्रत्याशी मैदान में हैं।

## मिश्रित आबादी में भेजी गई अतिरिक्त फोर्स

**अमृत विचार,लखनऊः** अंतिम यानी सातवें चरण के चुनाव में पुलिस चौकन्नी हो गई है। पुलिस मुख्यालय को आशंका है कि मिश्रित आबादी होने के कारण कहीं कोई अनहोनी न हो जाए। ऐसे में प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के अलावा चंदौली, गाजीपुर और मिर्जापुर में अतिरिक्त फोर्स भेजी गई है।

डीजीपी मुख्यालय स्तर से भी पुलिस अधिकारियों को चुनाव ड्यूटी में मुस्तैद किया गया है। प्रचार थमते ही सोशल मीडिया की निगरानी भी बढ़ा दी गई है। भ्रामक व भड़काऊ संदेशों पर नजर रखी जा रही है। डीजीपी मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम के माध्यम से सभी जिलों में चल रही गतिविधियों व घटनाओं की जानकारी ली जा रही है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने छोटे विवाद को भी पूरी गंभीरता से लेकर आरोपियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है।

# ऊंचाहार व सिंगरौली में इकाइयां ठप, बिजली संकट गहराया

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ, रायबरेली

- उप्र समेत कई राज्यों की भी बिजली आपूर्ति प्रभावित

**अमृत विचारः** भीषण गर्मी में बढ़ी हुई बिजली की मांग के बीच एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना में पांच सौ मेगावाट की इकाई व सिंगरौली की पांच सौ मेगावाट की इकाई तकनीकी खराबी के कारण बंद हो गई है। इस कारण प्रदेश समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में बिजली संकट गहरा गया है।

ऊंचाहार परियोजना में पांच सौ मेगावाट क्षमता वाली इकाई संख्या छह में शुक्रवार की सुबह खराबी आ गई। इकाई के ब्वायलर ट्यूब में गैस रिसाव हो रहा था। यह रिसाव गुरुवार से शुरू हुआ था, पर शुक्रवार की सुबह रिसाव इतना बढ़ गया कि इकाई को बंद करना पड़ा। इसके बंद होने से उन राज्यों में बिजली आपूर्ति पर असर पड़ा है, जिन राज्यों को ऊंचाहार परियोजना से बिजली आपूर्ति की जाती है। इकाई बंद होने के बाद ब्वायलर के तापमान को सामान्य किया जा रहा है ताकि इसके मरम्मत का काम हो सके।

ऊंचाहार परियोजना में कुल छह इकाइयां स्थापित है। इसमें पांच इकाइयों में प्रत्येक इकाई की उत्पादन क्षमता 210 मेगावाट है, जबकि छठी यूनिट की उत्पादन क्षमता पांच मेगावाट है। ऊंचाहार परियोजना से देश के उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश समेत कुल नौ राज्यों को बिजली आपूर्ति की जाती है। बंद हुई दोनों इकाइयों के तीन जून तक चालू होने की संभावना जताई जा रही है।

# दो एसीएस, एक कमिश्नर और 25 सचिवालय सेवा के अधिकारी सेवानिवृत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



सेवानिवृत्त कर्मियों के साथ मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र। अमृत विचार

- विदाई समारोह में पहुंचे मुख्य सचिव, नई पारी की दी शुभकामनाएं

**अमृत विचारः** शुक्रवार को तीन आईएएस अधिकारी एवं सचिवालय सेवा के 25 कार्मिक सेवानिवृत्त हो गए। इस दौरान आयोजित विदाई समारोह में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने अपर मुख्य सचिव महेश कुमार गुप्ता एवं अनीता सिंह सहित विशेष सचिव राकेश कुमार मिश्रा तथा सचिवालय सेवा के 25 कार्मिकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वहीं देवीपाटन मंडल के कमिश्नर योगेश्वर राम मिश्रा भी शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए।

मुख्य सचिव ने कहा कि रिटायरमेंट का समय निश्चित है, लेकिन व्यक्ति रिटायर कभी नहीं होता है। हमारे शरीर का धर्म है कर्म, इसलिए कर्म जरूर करते रहें। अपने शरीर और मस्तिष्क को क्रियाशील रखें, ताकि चैतन्यता बनी रहे। अपर मुख्य सचिव महेश कुमार गुप्ता ने कहा कि लगभग 36 वर्ष 9 माह के सेवाकाल में अनुभव का पिटारा मिला है। समस्या में ही समाधान छिपा होता है। अपर मुख्य सचिव अनीता सिंह ने कहा कि यह हम सभी के लिए विशेष अवसर है। इस सेवा से बेहतर और कोई सेवा नहीं है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन के रवीन्द्र नायक, प्रमुख सचिव श्रम अनिल कुमार, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा एमपी अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### नरेंद्र को प्रमुख सचिव ऊर्जा का अतिरिक्त प्रभार

अपर मुख्य सचिव अनीता सिंह के रिटायर होने के पश्चात आईएएस पी गुरुप्रसाद को एफएसडीए का भी प्रभार दिया गया है जबकि आईएएस नरेंद्र भूषण को प्रमुख सचिव ऊर्जा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### तीन आईपीएस सेवानिवृत डीजीपी ने भेंट किया मोमेंटो

उधर तीन आईपीएस अधिकारी भी शुक्रवार को सेवानिवृत हो गए। पुलिस मुख्यालय में आयोजित समारोह में डीजीपी प्रशांत कुमार ने सेवानिवृत हो रहे अफसरों को मोमेंटो भेटकर उन्हें नई पारी की शुभकामनाएं दी। रिटायर होने वाले अफसरों में विनोद कुमार मिश्रा डीआईजी भ्रष्टाचार निवारण संगठन, शफीक अहमद डीआईजी आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन एवं रामयज्ञ पुलिस अधीक्षक विशेष जांच शामिल हैं।

# अवैध निर्माण कर टीले वाली मस्जिद को विस्तार देने का आरोप

विधि संवाददाता,लखनऊ

- याचिका के लम्बित रहने से अवैध निर्माण हटाने के आदेश पर असर नहीं
- जनहित याचिका में अवैध निर्माण हटाने की गई है मांग

**अमृत विचारः** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में एक जनहित याचिका दाखिल कर आरोप लगाया गया है कि लक्ष्मण टीला स्थित टीले वाली मस्जिद के विकास के नाम पर अवैध निर्माण कर के मस्जिद को विस्तार दे दिया गया है। इस सम्बंध में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) का आदेश प्रस्तुत कर, उक्त कथित अवैध निर्माण को हटाने की मांग की गई है। याचिका पर न्यायालय ने एएसआई व राज्य सरकार समेत जिलाधिकारी लखनऊ को जवाबी हलफ़नामा प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। साथ ही न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि वर्तमान याचिका के लम्बित होने से अवैध निर्माण हटाने सम्बंधी एएसआई के आदेश पर कोई असर नहीं होगा।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने रिषी कुमार त्रिवेदी व अन्य की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया। याचियों की ओर से पेश होते हुए, अधिवक्ता हरी शंकर जैन ने दलील दी कि 20 सितंबर 2016 को एएसआई ने उक्त अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण का आदेश पारित कर रखा था, जिसका अनुपालन नहीं किया गया, तत्पश्चात पुनः 6 दिसम्बर 2023 को एएसआई ने आदेश जारी किया, हालांकि इसका भी अनुपालन अब तक नहीं हो सका है। याचिका में एएसआई के आदेश का अनुपालन कराने की मांग की गई है। वहीं राज्य सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता ने न्यायालय को बताया कि एएसआई के आदेश के अनुपालन की जिम्मेदारी जिलाधिकारी, लखनऊ की है, हालांकि इस सम्बंध में कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है। इस पर न्यायालय ने विपक्षी पक्षकारों को जवाबी हलफ़नामा दाखिल करने का आदेश दिया और साथ ही एएसआई से मस्जिद के मौलाना फजलुल मन्नान राहमानी को नोटिस तामीला सम्बंधी साक्ष्य भी देने का आदेश दिया है।

## वर्ग पहेली-87

**बाएं से दाएं**

1. जिसकी आयु सबसे अधिक हो।
3. 1. अवतार ग्रहण करने वाला 2. अवतार या अवतार-ग्रहण से संबंधित 3. ईश्वर या किसी देवता के अवतार के रूप में जिसकी प्रसिद्धि हो 4. अवतार की तरह का चमत्कारी अथवा प्रभाव रखने वाला।
4. बलि देने की जगह, वह स्थल जहां पूजा या यज्ञ आदि में पशु की बलि दी जाती है।
6. रास्ते में पड़ने वाला उतार, ढाल।
7. आंख की पलक के ऊपर होने वाली फुंसी, बिलनी।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. प्रकट, स्पष्ट 2. खुला हुआ।
3. जहां प्रकाश न किया गया हो, अंधेरा
4. वन या जंगल में उपजने वाले पेड़-पौधों के फूल।
5. देवताओं का राजा, इंद्र।
6. 1. हिमालय की पुत्री, पार्वती, गौरी, शिव की पत्नी 2. कांति, शोभा।



### वर्ग पहेली -86 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 अ | नि | य | मि | 2 त |
| 3 आ | जा | नु | | | | र |
| | | बो | | 4 ता | | फ़ |
| 5 सं | बं | ध | यो | ज | क | |
| व | | क | | दा | | |
| ह | | | | 6 र | 7 का | बी |
| न | | 8 छाँ | द | | ठा | |

## सुडोकू -166

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | | |
| | | | | 3 | | | | |
| 7 | | | | | | | | |
| | | 2 | | 8 | | | | |
| | | | | | | 4 | | |
| | | 9 | | | | | | |
| | | | | | 3 | | | |
| | | | | | | | | 1 |
| | 5 | | | | | | | |

### सुडोकू -165 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 5 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 4 |
| 2 | 7 | 8 | 9 | 3 | 4 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 6 | 7 | 8 | 2 |
| 6 | 8 | 7 | 4 | 9 | 3 | 1 | 2 | 5 |
| 5 | 9 | 3 | 6 | 2 | 1 | 8 | 4 | 7 |
| 4 | 2 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 | 3 |
| 9 | 5 | 2 | 3 | 6 | 8 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 1 | 4 | 2 | 7 | 5 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 3 | 6 | 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 जून शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 07.24 तक तत्पश्चात दशमी 2 जून 05.04 तक तत्पश्चात एकादशी।

**मेष** – आज आप अपने इष्ट मित्रों से चर्चा कर सकते हैं। धन के विषय में सोच-विचारकर ही निर्णय लें। पिता के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। आपके मन में स्वयं के द्वारा की गयी गलतियों के प्रति आत्मग्लानि का भाव उत्पन्न हो सकता है।

**वृष** – आज व्यवसाय में आपके प्रयास सफल रहेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर दिन शुभ रहेगा। जॉब को लेकर परेशानी दूर होगी। विवादों का निपटारा आपके पक्ष में होगा। दिन की शुरुआत काफी सुखद रहेगी। अच्छे लोगों से मिलना हो सकता है।

**मिथुन** – आज विदेश यात्रा से आपको काफी अच्छा लाभ होगा। नकारात्मक लोगों की संगत से दूर रहें। राजनीतिक लोगों का सामाजिक सम्मान बढ़ेगा। दैनिक कार्यों में काफी व्यस्त रहने वाले है। अधिकारी वर्ग के लोग आपसे काफी संतुष्ट रहेंगे।

**कर्क** – आज ऐसे कार्यों से दूरी बनाकर रखें जो अवैधानिक हों। सरकारी नियमों का कड़ाई पूर्वक पालन करें। दिन आपके लिए काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। शोधकार्यों से जुड़े लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

**सिंह** – आज अनावश्यक चर्चाओं में समय बर्बाद होगा। लोगों की बातों में आकर तात्कालिक निर्णय न लें। आपका मन अशांत रहेगा। जीवनसाथी से नोंक-झोंक संभव है। नशे की सामग्रियों का सेवन न करें।

**कन्या** – आज दूसरों के ऊपर आप काफी ज्यादा निर्भर रहेंगे। वित्तीय लेन-देन में कुछ सावधानी रखने की आवश्यकता है। अपनी जीवनशैली में काफी धन खर्च कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन का आनंद उठाएंगे। कई सारी परेशानियों का समाधान आपको मिलेगा।

**तुला** – आज आपको मित्रों का उत्तम सहयोग मिलेगा। शत्रुओं के कमजोर पड़ने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नया व्यवसाय शुरू करने की योजना पर काम करेंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। जो आप चाह रहे थे, वह आपको प्राप्त हो सकता है।

**वृश्चिक** – आज कमीशन से जुड़े कार्यों में नुकसान हो सकता है। संतान के व्यवहार से मन व्यथित हो सकता है। व्यवसाय में आप काफी व्यस्त हो सकते हैं। इसके कारण आप अपने कुछ महत्वपूर्ण कार्यों की भी अनदेखी कर सकते हैं।


**धनु** – आज आपकी तुलना गलत लोगों के साथ की जा सकती है, लेकिन इस पर आपको धैर्य रखना चाहिए। मन में ज्यादा विचार लाने से बचें। संपत्ति के मामलों में जोरदार विवाद हो सकता है। कानूनी मामलों को लेकर सावधान रहें।

**मकर** – आज नया वाहन खरीद सकते हैं। रुका हुआ धन वापस मिलने के योग बन रहे हैं। आईटी क्षेत्र से जुड़े लोग जॉब बदलने की तैयारी कर सकते हैं। विवाह से जुड़े मामलों को लेकर परिवार में चर्चा हो सकती है। संतान की उन्नति से मन प्रसन्न होगा।

**कुंभ** – आज व्यवसाय में सहयोगियों के प्रति मन में अविश्वास की भावना उत्पन्न हो सकती है। अभद्र भाषा का प्रयोग आपकी प्रतिष्ठा के लिए खतरा हो सकता है। आप धन को लेकर कुछ चिंता में हो सकते हैं। आपको लोगों पर ज्यादा विश्वास नहीं होगा।

**मीन** – आज बुद्धिमान मित्रों की संगत प्राप्त होगी। फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों को अचानक कोई बड़ा काम मिल सकता है। दूसरों की ज्यादा परवाह न करें। स्वयं में प्रसन्न रहने का प्रयास करें। आप नए उद्यम या कार्यों को लेकर उत्साहित रहेंगे।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 2 जून 03.16 तक तत्पश्चात रेवती।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
तकदीर का तमाशा – सुबह : 10.00
खेल – शाम : 05.40

SONY MAX
सैटेलाइट शंकर – सुबह : 10.10
भूल भूलैया 2 – शाम : 06.15

SONY PIX
द रैड 2 – सुबह : 12.34
65 – रात : 09.00

ZEE CINEMA
थैंक गॉड – सुबह : 10.44
सूर्यवंशी – रात : 08.00

colors CINEPLEX
कल हो न हो – दोपहर : 02.02
चैन्नई एक्सप्रेस – रात : 09.21

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गप्पू ऑफिस में लेट पहुंचा
बॉस- कहां थे अब तक?
गप्पू- जी वो गर्लफ्रेंड को कॉलेज छोड़ने गया था।
बॉस- शटअप, कल से ऑफिस टाइम से आना, नहीं तो खैर नहीं...
गप्पू-ठीक है तो फिर अपनी बेटी को खुद ही कॉलेज छोड़ देना।

पिता – पेपर कैसा गया?
बेटा – पहला सवाल छूट गया, तीसरा आता नहीं था, चौथा करना भूल गया, पांचवां नजर नहीं आया।
पिता- और सवाल दो?
बेटा – बस सिर्फ वो ही गलत हो गया।
बेटे की बात सुनकर पिता ने अपना सिर पीट लिया।

# चेन्नई में मां का दूध बेचने वाली दुकान की गई सील

चेन्नई, एजेंसी

तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई के माधवरम में खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने मां के दूध की बिक्री करने के आरोप में प्रोटीन पाउडर की एक दुकान को सील कर दिया।

अधिकारी के मुताबिक दुकान के मालिक ने प्रोटीन पाउडर बेचने का लाइसेंस लिया था, लेकिन वह मां का दूध बेच रहा था। इस दुकान से 500 रुपये में 50 मिलीलीटर मां के दूध वाली बोतल बेची जा रही थी। छापेमारी में दुकान से मां के दूध से भरी 50 बोतलें मिलीं। पिछले सप्ताह केंद्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकरण को शिकायत मिली थी कि माधवरम में मां का दूध बेचने के लिए स्टॉक किया गया है। अधिकारी ने कहा कि हमें बोतलों में बंद मां का दूध मिला। नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। छापेमारी के दौरान मां के दूध का दान करने वालों के मोबाइल फोन नंबर मिले। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि हमने दुकान सील कर दिया है और नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की। यह पहला मौका है जब चेन्नई में मां का दूध बेचा जा रहा है और यह घटना कर्नाटक में मां के दूध की बिक्री पर लगे प्रतिबंध के बाद हुई है। देश के खाद्य नियामक भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने 24 मई को जारी एक परामर्श में मां के दूध के अनधिकृत व्यावसायीकरण के खिलाफ चेतावनी दी थी। दुकान के मालिक ने बताया कि वह सेवा भावना से माताओं का दूध खरीद रहा है।



- 500 रुपये में बेची जा रही थी 50 मिलीलीटर वाली दूध की बोतल
- दुकान मालिक प्रोटीन पाउडर के लाइसेंस पर बेच रहा था मां का दूध

## कंसास से चुनाव लड़ रहे भारतीय मूल के अमेरिकी डाक्टर रेड्डी

**वाशिंगटन।** भारत में जन्मे अमेरिकी चिकित्सक डॉ. प्रशांत रेड्डी रिपब्लिकन पार्टी से कंसास के तीसरे कांग्रेसशल जिले से अमेरिकी प्रतिनिधि सभा का चुनाव लड़ रहे हैं।



डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता शैरिस डेविड्स वर्तमान में इस सीट से सांसद हैं। डेविड्स 2018 से तीन बार निर्वाचित हुए हैं। कंसास में छह अगस्त को प्राइमरी चुनाव होगा। चेन्नई में जन्मे रेड्डी को माइक जॉनसन सहित रिपब्लिकन पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का समर्थन है। डॉ. रेड्डी ने कहा कि एक प्रवासी के रूप में मैंने अमेरिका सपने को जिया है और उस देश के लिए योगदान देने की जीवनपर्यंत कोशिश की है जिसने मुझे सब कुछ दिया है। चेन्नई में जन्मे डॉ. रेड्डी का परिवार जब कंसास आकर बसा था, तब उनकी आयु पांच साल थी।

# बूंद-बूंद पानी को तरसा मानव कंठ

पेयजल की समस्या आज दुनिया भर में एक गंभीर चिंता का विषय है। स्वच्छ पेयजल तक पहुंच न होना कई देशों में स्वास्थ्य, सामाजिक और आर्थिक समस्याओं का कारण बनता जा रहा है। यह समस्या विकासशील देशों में अधिक गंभीर है, लेकिन विकसित देशों में भी जल प्रदूषण और जल स्रोतों की कमी एक चिंता का विषय बना हुआ है... आईए जानते है इसके कारण और निवारण के विषय में...



## मुख्य समस्याएं



- **जल की कमी :** शुष्क और अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में जल की प्राकृतिक उपलब्धता कम होती है। जलवायु परिवर्तन से बारिश के क्रम में बदलाव आ रहा है, जिससे दबाव बढ़ रहा है।
- **जल प्रदूषण :** उद्योगों के अपशिष्ट, उर्वरक व कीटनाशकों का उपयोग और सीवेज का जल स्रोतों में मिलना मुख्य कारण है।
- **अपर्याप्त जल आपूर्ति :** कई स्थानों पर जल आपूर्ति की प्रणाली काफी पुरानी और खराब है। जल आपूर्ति और जल शोधन में निवेश की कमी से पेयजल की गुणवत्ता में सुधार नहीं हो रहा है।
- **स्वच्छता और स्वास्थ्य :** दूषित जल से हैजा, डायरिया, व टाइफॉइड जैसे रोग होते हैं। लोगों में रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी आ रही है।

## समाधान

- **जल संरक्षण :** हमें बारिश के पानी को तकनीक का प्रयोग कर संग्रहित करना चाहिए। ड्रिप इरिगेशन और अपशिष्ट जल का शोधन और पुन: उपयोग करना चाहिए।
- **प्रदूषण पर नियंत्रण** : उद्योगों के अपशिष्ट जल का शोधन, उचित सीवेज प्रणाली और संयंत्रों की स्थापना, कीटनाशकों का संयमित उपयोग कर जल बचाया जा सकता हैं।
- जल आपूर्ति प्रणाली में सुधार : उन्नत तकनीक, जल आपूर्ति और शोधन प्रणालियों में निवेश और सख्त नीतियों से आपूर्ति प्रणाली में सुधार लाया जा सकता है।
- जन जागरूकता : लोगों को जल संरक्षण के महत्व और तरीकों के बारे में शिक्षित और जागरूक करने की जरूरत है। स्थानीय समुदायों को जल प्रबंधन में शामिल करने से जल संरक्षण के कार्य में सुधार हो सकता है।

## संकटग्रस्त क्षेत्र

- महाराष्ट्र के मराठवाड़ा और विदर्भ क्षेत्र में अनियमित बारिश, और जल प्रबंधन की कमी से सूखा पड़ता है।
- तमिलनाडु के चेन्नई में भूजल स्तर में गिरावट और जल निकायों का अपर्याप्त संरक्षण।
- राजस्थान का बड़ा हिस्सा शुष्क और अर्ध-शुष्क है, जहां प्राकृतिक जल स्रोतों की कमी, उच्च तापमान, और अपर्याप्त वर्षा से पानी की कमी।
- उत्तर प्रदेश का बुंदेलखंड क्षेत्र अपर्याप्त बारिश, जल संचयन की कमी और भूजल के दोहन से जल संकट से परेशान है।
- आंध्र प्रदेश और तेलंगाना व गुजरात भी भूजल में गिरावट से प्रभावित हैं।
- पंजाब-हरियाणा में अत्यधिक कृषि से भूजल स्तर में गिरावट आई है।
- भूजल स्तर में गिरावट और जल प्रदूषण से देश की राजधानी दिल्ली भी पेयजल संकट से परेशान है।

## एक नजर

### मिनियापोलिस में गोलीबारी बंदूकधारी समेत 3 की मौत

**मिनियापोलिस (अमेरिका)।** अमेरिका के मिनियापोलिस में एक अपार्टमेंट परिसर में गोलीबारी की घटना में संदिग्ध बंदूकधारी सहित तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। दक्षिण मिनियापोलिस में हुई गोलीबारी में दो पुलिस अधिकारी भी घायल हुए हैं। अभी इस मामले में विस्तार से जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस की ओर से जारी एक बयान में बताया गया कि गोलीबारी में दो अधिकारियों के अलावा चार आम नागरिक भी घायल हुए हैं।

### स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री फिको की अस्पताल से छुट्टी

**ब्रातीस्लावा।** स्लोवाकिया के लोकप्रिय प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। कुछ दिन पहले एक कार्यक्रम के दौरान एक हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बैंस्का बिस्ट्रिका शहर के अस्पताल की निदेशक मिरियम लापुनिकोवा ने शुक्रवार को बताया कि प्रधानमंत्री फिको को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उनके घर ले जाया गया है। फिको का अब उनके घर में ही इलाज चलेगा। वह राजधानी ब्रातीस्लावा में रहते हैं। लापुनिकोवा ने बयान में फिको को एक अनुशासित मरीज बताया और उनके जल्द से जल्द ठीक होने की कामना की।

### झूठ बोलने पर केस का सामना करेंगे प्रीतम

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल के नेता प्रतिपक्ष और वर्कर्स पार्टी के प्रमुख प्रीतम सिंह संसद की विशेषाधिकार समिति के समक्ष झूठ बोलने को लेकर लगाए गए दो आरोपों के सिलसिले में मुकदमे का सामना करने वाले हैं। मीडिया में आई एक खबर यह जानकारी दी गई है। खबर के मुताबिक, प्रीतम सिंह पर पूर्व साथी सांसद रईसा खान के मामले को लेकर झूठ बोलने का आरोप है। चैनल न्यूज एशिया की खबर के अनुसार, शुक्रवार सुबह हुई सुनवाई पूर्व बैठक में, उप प्रधान जिला न्यायाधीश ल्यूक तैन के समक्ष उनके लिए 16 दिन की सुनवाई निर्धारित की गई।

### नोएडा के आवासीय सोसायटी के बाजार में लगी आग

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में शुक्रवार को एक बहुमंजिला आवासीय सोसायटी के बाजार की एक दुकान के बाहर आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-119 स्थित आम्रपाली जोडिएक में लगी आग की इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। अधिकारियों के मुताबिक, शुक्रवार सुबह शॉर्ट सर्किट के बाद बाजार के भूतल में एक किराने की दुकान के बाहर रखे सामान में आग लग गई। इस घटना में कुछ दुकानें क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

# रूस से रक्षा को हमारे दिए हथियार का प्रयोग करेगा यूक्रेन : जर्मनी

## यूक्रेन को अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत इन हमलों से खुद को बचाने का अधिकार

कीव, एजेंसी

जर्मनी की सरकार ने कहा है कि यूक्रेन रूसी सीमा पर स्थित स्थानों से होने वाले हमलों के खिलाफ उसकी ओर से भेजे गए हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है। सरकार ने कहा कि जर्मनी के करीबी देशों और यूक्रेन के साथ चर्चा करते हुए वह युद्ध से जुड़े घटनाक्रमों को लेकर निरंतर सहयोग प्रदान कर रही है।

सरकार के दिए गए बयान के अनुसार हाल ही में रूस ने खारकीव क्षेत्र, विशेष रूप से सीमा के निकट स्थित ठिकानों से हमले किए हैं। हमारा मानना है कि यूक्रेन को अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत इन हमलों से खुद को बचाने का अधिकार है। बयान में कहा कि इसके लिए, वह अपनी अंतर्राष्ट्रीय कानूनी प्रतिबद्धताओं के अनुसार, हमारी ओर से दिए गए हथियारों का भी इस्तेमाल कर सकता है।

यूक्रेन अमरीका के नेतृत्व में अपने समर्थकों पर दबाव डाल रहा है कि वह रूस के खिलाफ उन्हें लंबी दूरी के हथियारों का उपयोग करने की अनुमति दें। वहीं रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने भी यूक्रेन की मदद करने और हथियार मुहैया करने वाले देशों को चेतावनी दी थी कि युद्ध में यूक्रेन को हथियार देने वाले देशों को इसका परिणाम गंभीर परिणाम भुगतना हो गया। रूस 24 फरवरी, 2022 से यूक्रेन में एक विशेष सैन्य अभियान चला रहा है।



- रूस ने खारकीव क्षेत्र, सीमा के निकट स्थित ठिकानों से किए हैं हमले

### ईयू ने रूस को समर्थन देने के लिए नए प्रतिबंध लगाए

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) ने बैलिस्टिक और परमाणु मिसाइलों के विकास के निरंतर प्रयासों तथा रूस को समर्थन देने के कारण उत्तर कोरिया पर और अधिक प्रतिबंध लगा दिए हैं। ईयू ने कहा कि यात्रा और संपत्ति संबंधी इन पाबंदियों से नौ और लोग तथा संस्थान प्रभावित होंगे। इस संगठन ने उत्तर कोरिया के परमाणु और मिसाइल परीक्षणों पर संयुक्त राष्ट्र की पाबंदियों पर 2006 में इस पर पाबंदियां लगाना शुरू किया था।

### जर्मनी पैट्रियट मिसाइल प्रणालियों की कमी 2026 से करेगा पूरी

**बर्लिन।** जर्मनी सतह से हवा में मार करने वाली पैट्रियट मिसाइल प्रणालियों की कमी को 2026 से पूरा करना शुरू कर देगा। जर्मनी ने यूक्रेन को ये मिसाइल प्रणाली भेजी हैं और आगे भी इनकी आपूर्ति करते रहने का वादा किया है। जर्मन रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने वायु रक्षा सैनिकों के निरीक्षण के दौरान कहा कि अप्रैल के मध्य में, हमने यूक्रेन को तीसरा पैट्रियट सिस्टम भेजने का फैसला किया। यह जानते हुए कि हम अपनी पैट्रियट क्षमता का एक चौथाई हिस्सा दे देंगे, लेकिन यह सही और आवश्यक है। इससे हमारे अपने भंडार में कमी क्यों न आ जाए? उन्होंने कहा कि कुछ सप्ताह पहले मंत्रालय ने जर्मन सैन्य बल 'बुंडेसवेहर' को चार प्रणालियों की आपूर्ति के लिए एक नये अनुबंध पर हस्ताक्षर किये, जिसमें 2028 से चार और प्रणालियों की आपूर्ति के लिए एक रूपरेखा समझौता भी तैयार किया जा रहा है। पिस्टोरियस ने कहा कि इस प्रकार, जब 2026 से डिलीवरी शुरू होगी, हम धीरे-धीरे स्टॉक की भरपाई कर लेंगे।

## पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अगले सप्ताह जाएंगे चीन

**इस्लामाबाद/बीजिंग।** पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ मंगलवार को चीन की पांच दिवसीय यात्रा पर जायेंगे। इस दौरान वह चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से वार्ता करेंगे। वार्ता के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए संयुक्त रूप से एक खाका तैयार किया जायेगा। ये दोनों देश अरबों डॉलर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के तहत सहयोग बढ़ाना चाहते हैं।

पाकिस्तान के विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने शुक्रवार को इस्लामाबाद में कहा कि शरीफ राष्ट्रपति चिनफिंग के निमंत्रण पर चार से आठ जून तक चीन में रहेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य सीपीईसी परियोजना के तहत सहयोग बढ़ाना है, क्योंकि दोनों पक्ष परियोजना के दूसरे चरण को शुरू करने के लिए तत्पर हैं। सीपीईसी परियोजना एक दशक पहले शुरू की गई थी और कई ऊर्जा और बुनियादी ढांचा परियोजनाएं पहले ही पूरी हो चुकी हैं। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने बीजिंग में कहा कि यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री शरीफ राष्ट्रपति चिनफिंग से वार्ता करेंगे और चीन-पाकिस्तान संबंधों के लिए खाका तैयार करेंगे।

## पुणे कार दुर्घटना

# बिल्डर अग्रवाल और उनके पिता को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

मुंबई, एजेंसी

पुणे की एक अदालत ने एक नाबालिग के तेज रफ्तार लक्जरी कार से टक्कर मारकर दो लोगों की जान लेने से संबंधित मामले में शुक्रवार को उसके पिता विशाल अग्रवाल और दादा सुरेंद्रकुमार बी. अग्रवाल को उनके ड्राइवर को कथित तौर पर धमकाने और उसका अपहरण करने तथा अन्य आरोपों में 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

नाबालिग वर्तमान में सुधार गृह में हिरासत में है। उसने तेज रफ्तार लग्जरी कार से मध्य प्रदेश के दो आईटी पेशेवरों - अश्विनी कोष्ठा और अनीश अवधिया को टक्कर मार दी थी, जिससे उनकी मौत हो गयी। विशाल अग्रवाल (50) को 27 मई को देर रात गिरफ्तार किया गया, जबकि उनके पिता सुरेंद्रकुमार बी. अग्रवाल को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है और दोनों को 31 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया था। इसके साथ ही नाबालिग आरोपी की मां शिवानी वी. अग्रवाल भी अब अपने बेटे के खून की रिपोर्ट की अदला-बदली की जांच के सिलसिले में पुलिस की रडार पर आ गई हैं, जिसे जाहिर तौर पर गंभीर अपराध के आरोप से उसे बचाने के लिए बदला गया था।



### पुलिस ने नाबालिग के खिलाफ जांच के लिए किशोर न्याय बोर्ड से अनुमति मांगी

**पुणे।** पुणे पुलिस ने रक्त नमूनों को लेकर आए नये मोड़ के बीच इस दुर्घटना में कथित रूप से शामिल नाबालिग के खिलाफ जांच की अनुमति लेने के लिए किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) को पत्र लिखा है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस हादसे में दो सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत हो गई थी। पुलिस का दावा है कि पुणे के कल्याणी नगर में 19 मई को हादसे के वक्त 'पोर्श' कार को 17 वर्षीय लड़का नशे की हालत में चला रहा था। आरोपी को पांच जून तक संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) शैलेश बलकवडे ने कहा कि हमने जेजेबी को पत्र लिखकर इस मामले में नाबालिग के खिलाफ जांच करने की अनुमति मांगी है। किशोर न्याय अधिनियम के मुताबिक, एक नाबालिग से पूछताछ उसके माता-पिता की उपस्थिति में की जाएगी।

# अमेरिका और ब्रिटेन ने हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर किया हमला

वाशिंगटन, एजेंसी

- यमन में ईरान समर्थित विद्रोही समूह के 13 ठिकानों को किया गया ध्वस्त

लाल सागर और अदन की खाड़ी में वाणिज्यिक जहाजों पर हाल में हूती विद्रोहियों के हमलों में वृद्धि के जवाब में अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन में ईरान समर्थित विद्रोही समूह के 13 ठिकानों पर हमला किया। अमेरिका के तीन अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों के मुताबिक, अमेरिका एवं ब्रिटेन के लड़ाकू विमानों और अमेरिकी जहाजों ने कई भूमिगत ठिकानों, मिसाइल दागने वाले स्थलों, हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले स्थल, एक हूती जहाज और अन्य ठिकानों को निशाना बनाया। अधिकारी ने नाम नहीं प्रकाशित करने की शर्त पर इस सैन्य अभियान की जानकारी दी। अमेरिका ने यमन के हूती नियंत्रित क्षेत्रों में आठ मानवरहित हवाई यान पर भी हमला किया, जो अमेरिकी और उसकी साथी सेनाओं के लिए खतरा माने जा रहे थे। इस वर्ष 12 जनवरी के बाद से यह पांचवीं बार है जब अमेरिकी और ब्रिटेन की सेनाओं ने हूती विद्रोहियों के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाया है। बहरहाल, अमेरिका विद्रोहियों के ठिकानों को नष्ट करने के लिए लगभग रोजाना हमले कर रहा है, जिसमें जहाजों को निशाना बनाकर दागी जाने वाली मिसाइलों और ड्रोन हमले को रोकना भी शामिल है।

हूती विद्रोहियों ने हाल के महीनों में लाल सागर और अदन की खाड़ी में वाणिज्यिक जहाजों पर हमले तेज किये हैं। विद्रोही इजराइल से गाजा में युद्ध की समाप्ति की मांग कर रहे हैं, जिसमें 36 हजार से ज्यादा फलस्तीनी मारे गये हैं।

## दिल्ली के अस्पताल में आग से झुलसी बच्ची की इलाज के दौरान मौत

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के शिशु अस्पताल में आग लगने के बाद बचाई गई 50 दिन की बच्ची की शुक्रवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके साथ ही घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर सात हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, 50 दिन की बच्ची का इलाज किया जा रहा था। शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई। जांच शुरू कर दी गई है। बच्ची के परिवार के एक सदस्य ने भी मौत की पुष्टि की है। परिवार के एक सदस्य ने कहा, चिकित्सकों ने शुक्रवार सुबह हमें उसकी मौत के बारे में बताया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जब बच्ची को अस्पताल से निकाला गया तब उसके जलने का कोई घाव नहीं था। पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में बेबी केयर न्यू बॉर्न हॉस्पिटल में 26 मई को आग लगने की घटना में छह नवजात शिशुओं की मौत हो गई थी और पांच बच्चे घायल हो गए थे।

# सातवीं कक्षा के भारतीय-अमेरिकी छात्र ने स्क्रिप्प्स नेशनल स्पेलिंग बी का खिताब जीता

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में फ्लोरिडा के सातवीं कक्षा के 12 वर्षीय भारतीय-अमेरिकी छात्र बृहत सोमा ने स्क्रिप्प्स नेशनल स्पेलिंग बी के टाईब्रेकर में 29 शब्दों का सही उच्चारण कर यह खिताब अपने नाम कर लिया और इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में छोटे नस्ली समूह के बच्चों का दबदबा कायम रखा।

बृहत को 'स्क्रिप्प्स नेशनल स्पेलिंग बी' में विजयी हुए और उन्होंने 50,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक नकद एवं अन्य पुरस्कार अर्जित किए। इस साल की प्रतियोगिता टाईब्रेकर तक पहुंची, जिसमें बृहत ने 90 सेकंड में 29 शब्दों का सही उच्चारण करके फैजान जकी को हराया। फैजान 'लाइटनिंग राउंड' में 20 शब्दों का सही उच्चारण कर पाये। बृहत का चैम्पियनशिप शब्द एब्सिल था, जिसे पर्वतारोहण के दौरान ऊपर एक आगे निकले हुए हिस्से पर रस्सी के सहारे उतरना के रूप में परिभाषित किया गया है। टाईब्रेकर में बृहत पहले स्थान पर रहे और 30 शब्द पूरे करने के बाद ऐसा लगा कि उन्हें हराना असंभव होगा। शुरुआत में फैजान की गति अधिक असमान थी। उन्होंने 25 शब्दों का उच्चारण किया, लेकिन उनमें से चार गलत हो गए। आयोजकों ने कहा कि बृहत सोम की शब्दों पर अदभुत पकड़ है। 2024 स्क्रिप्प्स नेशनल स्पेलिंग बी का चैंपियन। अविश्वसनीय याददाश्त वाला यह लड़का एक भी शब्द नहीं चूका और स्क्रिप्प्स कप घर ले जा रहा है। बृहत सोमा ने 30 में से 29 शब्दों का सही उच्चारण किया और प्रतिष्ठित चैंपियन का खिताब हासिल करने एवं 2022 में हरिनी लोगन द्वारा बनाए गए स्थायी स्पेल-ऑफ रिकॉर्ड को तोड़ने का प्रयास किया।




- बृहत सोमा ने 50,000 डॉलर से अधिक नकद एवं अन्य पुरस्कार किए अर्जित

# 50 लोगों और 150 बंदरों की लू से मौत

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** प्रचंड गर्मी से संयुक्त राज्य अमेरिका के मैक्सिको में 50 लोगों की मौत हो गई है और 150 बंदर लू से जान गवां बैठे हैं। मैक्सिको में मई माह में तापमान ने सारे रिकार्ड तोड़ डाले हैं। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक मैक्सिको में हीट डोम बनने से तापमान में भारी उछाल आया है।

भीषण गर्मी भारत में ही नहीं बल्कि दुनिया के कई देशों को झुलसा रही है। उष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों में गर्मी पड़ना स्वाभाविक है, लेकिन ठंडी जलवायु वाले शीतोष्ण प्रदेशों में भी तापमान पैर पसारने लगा है। इन क्षेत्रों में मई माह में तापमान सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस ऊपर जाने लगा है। ग्लोबल वार्मिंग इसकी मुख्य वजह है, जिसकी बढ़ोतरी में वायु प्रदूषण अहम भूमिका निभा रहा है और जलवायु में तेजी से परिवर्तन आ रहा है, जिससे पश्चिमी देशों में बवंडर की संख्या बढ़ रही है और भारत जैसे एशियाई देशों में तूफानों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। यह आपदा आने वाले सालों और अधिक विकराल रूप धारण करेगी। वर्तमान में तेजी से बढ़ता तापमान यही संकेत दे रहा है। मैक्सिको एसोसिएटेड प्रेस द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार हीट डोम क्षेत्र बन जाने के कारण गर्म हवा ने मैक्सिको को तपा दिया है। यह हवा एक गुम्बद के रूप में सीमित क्षेत्र में सिमट कर रह गई है। गर्म हवा का यह गुम्बद मई के दूसरे पखवाड़े में मेक्सिको, मध्य अमेरिका और टेक्सास और फ्लोरिडा के क्षेत्रों में खड़ा हो गया। क्रूर गर्मी ने मेक्सिको को विशेष रूप से बुरी तरह प्रभावित किया, जिसमें लगभग 50 लोग हीट स्ट्रोक से मर गए और 150 बंदर मारे गए। एसोसिएटेड प्रेस ने बताया कि उत्तरी मेक्सिको के पशु पार्क में निर्जलीकरण के कारण कम से कम 100 तोते, चमगादड़ और अन्य जानवर मर गए हैं।




- मैक्सिको में तापमान ने सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले

### समय रहते ग्लोबल वार्मिंग पर अंकुश जरूरी

नैनीताल : आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ वायुमंडलीय वैज्ञानिक डा नरेंद्र सिंह के अनुसार ग्लोबल वार्मिंग पर अंकुश लगाए बिना मौसमी आपदाओं से निजात पाना आसान नही है। जिसे लेकर वैज्ञानिक बेहद चिंतित है। इस संदर्भ में दुनियाभर के मौसम विशेसज्ञ व पर्यवारणविद्द चेताते आ रहे हैं। मगर इस दिशा में हालात सुधरने की जगह बिगड़ अधिक रहे हैं।

## बॉलीवुड हलचल



### अविर्भव 8 वां अजूबा: नेहा

**मुंबई।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के शो 'सुपरस्टार सिंगर 3' की जज नेहा कक्कड़ ने प्रतिभागी अविर्भव की तारीफ करते हुए उसे 8वां अजूबा बताया है। इस रविवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के होमग्रोन फॉर्मेट 'सुपरस्टार सिंगर 3' में मेलोडी किंग उदित नारायण और उनकी पत्नी दीपा नारायण का 'उदित नारायण की मास्टरक्लास' नामक विशेष एपिसोड में स्वागत किया जाएगा। इस दिग्गज का सम्मान करते हुए, शो की अविश्वसनीय युवा प्रतिभाएं उदित नारायण के उन कालजयी गानों को गाकर उन्हें नमन करेंगी जिन्हें आज भी पसंद किया जाता है। कोच्चि, केरल के प्रतिभाशाली सात वर्षीय अविर्भव एस. ने फिल्म हम दिल दे चुके सनम के गीत चांद छुपा बादल मेंकी भावपूर्ण प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### केडी-द डेविल्स की शूटिंग शिल्पा ने की पूरी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने अपनी आने वाली फिल्म केडी - द डेविल्स की शूटिंग पूरी कर ली है। शिल्पा शेट्टी, केडी - द डेविल में सत्यवती के रूप में सभी का दिल जीतने के लिए तैयार है। शिल्पा शेट्टी ने मैसूर में ध्रुव सरजा और संजय दत्त स्टारर इस फिल्म का आखिरी शेड्यूल पूरा कर लिया है। 1970 के दशक की बैंगलोर की सच्ची घटनाओं पर आधारित पीरियड एक्शन एंटरटेनर, केडी - द डेविल में शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, संजय दत्त और वी रविचंद्रन भी हैं। केवीएन प्रोडक्शंस प्रस्तुत केडी-द डेविल, जिसका निर्देशन प्रेम ने किया है। पैन-इंडिया बहुभाषी तमिल, कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और हिंदी में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### दिलजीत-नीरू का गाना जे मैं रब्ब हुंदा रिलीज

**मुंबई।** पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री की जानीमानी जोड़ी नीरू बाजवा और दिलजीत दोसांझ की फिल्म जट्ट एंड जूलियट 3 का गाना 'जे मैं रब्ब हुंदा' रिलीज हो गया है। बिलाल सईद द्वारा गाए जे मैं रब्ब हुंदा के बोल जानी ने लिखे हैं। जगदीप सिद्धू द्वारा निर्देशित, बनी द्वारा रचित और तुषार कालिया द्वारा कोरियोग्राफ किया गया यह गाना प्यार और भक्ति की भव्यता के साथ खूबसूरती से पेश किया है, जो दर्शकों को 90 के दशक में वापस ले जाता है।